राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 04 दिसंबर 2025
वर्ष 07, अंक 65, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

भीम आर्मी ने विधायक का पुतला फूंकने की करी कोशिश पुलिस ने रोका, नीले कबूतर कहने पर भड़के कार्यकर्ता .........03

रामजग बनाम श्रीपति प्रकरण : 14 साल पुरानी जमीनी लड़ाई का हुआ अंत, अदालत ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला.......12

## महिला वकील का SC में हंगामा, कोर्ट रूम छोड़ने से किया इनकार, फिर ऐसे निकाला गया बाहर

**● सुप्रीम कोर्ट में आज एक अजीब घटना हुई, जब एक महिला वकील को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के कोर्ट रूम से बाहर निकाल दिया गया, क्योंकि बेंच के बार-बार कहने पर भी उन्होंने जाने से मना कर दिया था. यह घटना तब हुई, जब वकील ने ष्टछ्रढ्ढ सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने लिस्ट से बाहर जाकर मौखिक रूप से एक बात कही।**



सुप्रीम कोर्ट में बुधवार (3 दिसंबर) को उस समय माहौल बेहद तनावपूर्ण बन गया, जब एक महिला वकील को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के कोर्ट रूम से बाहर निकाल दिया गया, क्योंकि बेंच के बार-बार कहने पर भी उन्होंने बाहर जाने से इनकार कर दिया था. यह घटना तब हुई जब किसी मामले की सुनवाई कर रही बेंच के सामने एक महिला वकील अचानक से बिना किसी फाइलिंग के पहुंच गई और अपने करीबी दोस्त की हत्या के मामले का जिक्र करने लगी।

जानकारी के मुताबिक वकील ने CJI सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने लिस्ट से बाहर जाकर मौखिक रूप से एक बात कही. उन्होंने दावा किया कि उनकी एक करीबी दोस्त, जिसे वह भाई कहती थीं, उसकी दिल्ली के एक गेस्ट हाउस में हत्या कर दी गई, जबकि वह मुंबई में थीं।

**महिला का आरोप**

महिला ने यह भी आरोप लगाया कि जिस पुलिस अधिकारी ने शुरू में उनकी प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया था, उसे अब उसी हत्या के मामले में जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है. उनकी बात को बीच में ही काटते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने उन्हें एक उचित याचिका तैयार करने की सलाह दी ताकि अदालत उचित प्रक्रिया के तहत मामले की जांच कर सके।

**मुख्य न्यायाधीश ने दिया सुझाव**

वकील ने जवाब दिया कि मैं अवसाद में हूं, मैं ऐसा करूंगी. इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने सुझाव दिया कि बार का कोई अन्य सदस्य आवश्यक कानूनी कदम उठाने में उनकी सहायता कर सकता है. इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने अगला केस उठाया, फिर भी वकील अपनी दलीलें पेश करती रहीं.महिला वकील कोर्ट रूम से बाहर जाने को तैयार नहीं हुई. CJI ने उन्हें समझाते हुए कहा कि आप बाहर की सदस्य हैं, कृपया प्रक्रिया का पालन करे. हम आपकी मदद करना चाहते हैं।

**महिला वकील गुस्से में भड़क गई**

CJI ने वरिष्ठ अधिवक्ता मल्होत्रा महिला की मदद करने को कहा. जब वरिष्ठ अधिवक्ता उनकी मदद के लिए आगे आए, तो महिला वकील गुस्से में भड़क गई और चिल्लाने लगीं. कोर्ट में हंगामा बढ़ने लगा. स्थिति बिगड़ती देख बेंच को कोर्ट मार्शल बुलाना पड़ा. जैसे ही महिला कोर्ट मार्शल उन्हें बाहर ले जाने के लिए उनके पास पहुंचीं, उन्होंने उन पर चिल्लाते हुए कहा, बदतमीजी मत करो, मुझे मत छुओ।

**कोर्ट का माइक म्यूट कर दिया गया**

कोर्ट रूम में हंगामा देखते हुए फौरन कोर्ट का माइक म्यूट कर दिया गया. बावजूद इसके महिला वकील कील अपनी बात पर अड़ी रहीं और कोर्ट रूम खाली करने से इनकार करती रहीं. आखिरकार बेंच ने उसे सही कानूनी मदद देने का आश्वासन दिया तब कोर्ट की महिला ऑफिसर्स और सीनियर एडवोकेट्स की मदद से महिला को शांत कराया गया और उसे धीरे-धीरे कोर्ट रूम से बाहर ले जाया गया. काफी विरोध के बाद आखिरकार उस महिला को कोर्ट से बाहर निकाल दिया गया।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने रेप केस में प्रज्वल रेवन्ना की जेल की सज़ा सस्पेंड करने से मना कर दिया

**ब्यूरो प्रयागराज।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने बुधवार को JD(S) के पूर्व विधायक प्रज्वल रेवन्ना की उस अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने रेप के एक मामले में अपनी जेल की सज़ा को तब तक सस्पेंड करने की मांग की थी, जब तक कि हाई कोर्ट उस मामले में ट्रायल कोर्ट की सज़ा के खिलाफ उनकी अपील पर फैसला नहीं कर देता। जस्टिस केएस मुदागल और वेंकटेश नाइक की डिवीजन बेंच ने यह ऑर्डर पास किया। बेंच को अभी रेवन्ना की उस अपील पर फैसला करना है जिसमें ट्रायल कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई है जिसमें उन्हें रेप केस में दोषी ठहराया गया था और उम्रक़ैद की सज़ा दी गई थी। इस केस में उन पर एक घरेलू काम करने वाली के साथ बार-बार रेप करने का आरोप है।



रेवन्ना ने कोर्ट से अपील की थी कि जब तक यह अपील पेंडिंग है, तब तक उनकी सज़ा सस्पेंड कर दी जाए या उन्हें अंतरिम बेल दे दी जाए। कोर्ट ने आज इस एप्लीकेशन को रिजेक्ट कर दिया।

कोर्ट ने कहा, 'रिकॉर्ड में मौजूद मटीरियल, जुर्म की गंभीरता और दूसरों पर असर (अगर रेवन्ना जेल से रिहा होते हैं तो रेप की शिकायत करने वाले) को देखते हुए, इस कोर्ट की राय है कि यह सज़ा सस्पेंड करने या बेल देने के लिए सही केस नहीं है। एप्लीकेशन रिजेक्ट की जाती है। '

कोर्ट ने आज कहा कि किसी आरोपी के दोषी ठहराए जाने से पहले अंतरिम बेल देने की लिमिट और दोषी ठहराए जाने के बाद जेल की सज़ा सस्पेंड करने की लिमिट अलग-अलग हैं। कोर्ट ने कहा कि दोषी ठहराए जाने के बाद आरोपी के बेगुनाह होने का अंदाज़ा नहीं लगाया जा सकता।

कोर्ट ने आगे कहा कि रेवन्ना पर रेप या सेक्शुअल अब्यूज़ के ऐसे ही आरोपों वाले दूसरे क्रिमिनल केस में भी आरोप है, और उन केस में उनकी पिछली बेल एप्लीकेशन रेप सर्वाइवर्स के कमज़ोर सोशियो-इकोनॉमिक बैकग्राउंड को देखते हुए खारिज कर दी गई थीं।

कोर्ट ने आगे यह भी कहा कि अगर रेवन्ना की जेल की सज़ा सस्पेंड कर दी जाती है, तो उन पेंडिंग केस में सबूतों के साथ छेड़छाड़ हो सकती है और उन केस में गवाहों को प्रभावित किया जा सकता है।

कोर्ट ने रेवन्ना की इस दलील को माना कि पेंडिंग रेप केस में ट्रायल खत्म होने में बहुत समय लग सकता है, और जब तक ऐसे ट्रायल खत्म नहीं हो जाते, उन्हें जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। हालांकि, बेंच ने कहा कि अगर ज़रूरत हो तो रेवन्ना इन मामलों की जल्दी सुनवाई की मांग करने के लिए आज़ाद हैं।

2024 में, प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ तीन रेप केस और एक सेक्सुअल हैरेसमेंट केस फाइल किया गया था। ये केस तब फाइल किए गए थे जब कई महिलाओं के सेक्सुअल असॉल्ट को दिखाने वाले 2,900 से ज़्यादा वीडियो सोशल मीडिया समेत ऑनलाइन सर्कुलेट किए गए थे।हाईकोर्ट जिस रेप केस पर विचार कर रहा है, वह एक मेड ने फाइल किया था, जो पहले रेवन्ना परिवार में काम करती थी। इस साल अगस्त में, एक ट्रायल कोर्ट ने प्रज्वल रेवन्ना को उसके द्वारा लगाए गए रेप के आरोपों में दोषी पाया।रेवन्ना के खिलाफ बाकी क्रिमिनल केस में ट्रायल अभी खत्म नहीं हुए हैं।

रेवन्ना को मई 2024 में गिरफ्तार किया गया था और तब से वह जेल में है।मुख्य रेप केस में ट्रायल कोर्ट की सज़ा के खिलाफ हाईकोर्ट में फाइल की गई अपील में बहस अभी खत्म नहीं हुई है।

### टेढा खंभा लोगों के लिए बना मुसीबत, कभी भी हो सकती है बड़ी घटना

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के मेवालाल बगिया चौराहे के समीप एक खंभा टेढा लगा हुआ है जिसमे तारों का जाल लगा हुआ है कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। विभागीय अधिकारी बेखबर बने हुए हैं। जिससे आने जाने वाले लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है की यह खंभा कभी भी गिर सकता है। स्थानीय नेता नाजिम खान ने कहा की इसकी शिकायत बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है लेकिन अभी तक खंभे को ना तो हटाया गया और ना ही सीधा किया गया जिससे कोई बड़ी अनहोनी होने की संभावना बनी हुई है। इस बारे में पार्षद राकेश जायसवाल ने कहा की मेवा लाल बगिया चौराहे पर ही नही ऐसे नैनी मे कई जगह खंभे टेढे है जिसको बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी शिकायत के बाद भी सही नही करा रहे हैं।

## श्रीभूमि जिले के राताबाड़ी में सनसनी: याबा टैबलेट और पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**श्रीभूमि पुलिस और राताबाड़ी थाने के संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता।**

श्रीभूमि जिले के राताबाड़ी क्षेत्र में छापेमारी करके पिस्तौल और याबा टैबलेट बरामद होने पर व्यापक सनसनी फैल गई है। श्रीभूमि पुलिस और राताबाड़ी थाने के संयुक्त अभियान में यह सफलता हासिल हुई। श्रीभूमि पुलिस के डीएसपी ऋतु राज मजूमदार और राताबाड़ी थाना के ओसी बिमल छेत्री आज शाम को गुप्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर शुगारमिल तिमाथा में छापेमारी करते हैं। वहीं से त्रिपुरा के धर्मनगर जिले के निवासी देबज्योति बनिक नामक एक युवक को गिरफ्तार किया गया. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार युवक के पास से 7.56 एमएम की पिस्तौल और 22 ग्राम याबा टैबलेट बरामद हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पकड़ा गया युवक गैरकानूनी हथियार तस्करी के जाल से जुड़ा हो सकता है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया है। राताबाड़ी थाना की ओर से बताया गया है कि घटना में और कोई शामिल है या नहीं, यह जांच की जा रही है। गिरफ्तार युवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।





## संक्षिप्त ख़बरें

### संचार साथी ऐप: मंत्री की सफाई के बाद विवाद और बढ़ा, आदेश वापस कहां हुआ?





**ब्यूरो प्रयागराज।** दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संचार साथी ऐप को वैकल्पिक बताया और कहा कि इसे हटाया जा सकता है। लेकिन इस संबंध में जारी आदेश में बदलाव करने या वापस लेने की बात नहीं कही। यानी मंत्री का बयान अपनी जगह लेकिन आदेश वापस नहीं हुआ है। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को 'संचार साथी' पर हो रहे विरोध और जासूसी के डर को शांत करने की कोशिश की। उन्होंने इसे साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए एक वैकल्पिक मोबाइल एप्लिकेशन बताते हुए कहा कि उपयोगकर्ता इसे डिलीट करने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन मंत्री सिंधिया पर विश्वास करना मुश्किल है। विशेषज्ञ और लोग सवाल उठा रहे हैं। हालाँकि, मंत्री का बयान आने के बाद इंटरनेट पर लोगों ने तुरंत बताया कि मंत्री का यह बयान उस सरकारी निर्देश का खंडन करता है, जिसमें कहा गया है कि ऐप को अक्षम (disabled) या प्रतिबंधित (restricted) नहीं किया जा सकता है। संचार मंत्रालय द्वारा जारी एक परिपत्र (circular) के खंड 7 (b) का हवाला देते हुए, सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने सवाल किया कि दोनों में से किसे सही माना जाना चाहिए - मंत्री के बयान को या आधिकारिक निर्देश को।

### समोसे की दूकान से हजारों की चोरी

**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र में एक समोसे की दुकान से चोरों ने लगभग 10,000 रुपये का सामान और जरुरी समान उड़ा ले गए।दुकानदार रामकुमार यादव जब बुधवार सुबह अपनी दुकान पर पहुंचे, तो उन्होंने ताला टूटा हुआ देखा जहां दुकान के भीतर सामान बिखरा हुआ था, जिससे चोरी का पता चला।रामकुमार यादव ने तत्काल अपने परिवार को सूचित किया। इसके बाद, सभी ने मिलकर स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही औद्योगिक क्षेत्र थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना प्रभारी विपिन कुमार पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बिना रजिस्ट्रेशन बिना प्रदूषण एनओसी के नाबालिक श्रमिकों के भरोसे जिले में चल रहे सैकड़ो कोल्हू

**● एसडीएम गोला की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान पांच गन्ना कोल्हू को कराया था बंद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** खंडसारी विभाग के अधीन क्रेशरों को चालू करने के लिए किसान यूनियन ने जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया था उसके बाद भी अभी तक जिले में कोई भी क्रेशर नहीं चालू हो सकी जिले में क्रेशर बंद होने से इसका सबसे ज्यादा फायदा गन्ना कोल्हू मालिकों को मिल रहा है किसानों का गन्ना आने पौने दामों में गन्ना कोल्हू मलिक खरीद रहे हैं जिससे किसानों का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है जिले में अधिकांश कोल्हू बिना रजिस्ट्रेशन बिना प्रदूषण के संचालित हो रहे हैं अधिकांश कोल्हुओं पर नाबालिक बच्चों द्वारा ज्वलनशील कार्य कराया जा रहा कोल्हू की झोकई व गर्म राब को ठंडी करता हुआ नाबालिक बच्चों का वीडियो व फोटो मीडिया कर्मी के मोबाइल में लिया गया। मीडिया की टीम कोल्हूओं की पड़ताल करने जब क्षेत्र में पहुंची तो पाया गया कि अधिकांश कोल्हू बिना रजिस्ट्रेशन व बिना प्रदूषण के मानक विहीन अवैध संचालित हो रहे हैं। जिनकी चिमनी 10 से 12 फीट तक ही ऊँची मिली जिससे ग्रामीणों को प्रदूषण की मार झेलनी पड़ रही है बहुत से कोल्हू 500 मीटर की परिधि में प्री स्कूल के पास संचालित हो रहे हैं जबकि किसी भी विद्यालय की 500 परिधि तक कोई भी खतरनाक कारखाने संचालित नहीं होने का प्रावधान है जिला अधिकारी के निर्देशों में संयुक्त टीम गठित की गई जिसके बाद उपजिला अधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी द्वारा बीते एक सप्ताह पूर्व जलालपुर सिकंद्राबाद क्षेत्र में लगभग 100 गन्ना कोल्हुओं की संयुक्त जांच हुई भारी अनियमिताएं मिलने पर पांच गन्ना कोल्हुओं को तुरंत बंद कराए गए अधिकांश गन्ना कोल्हु डीजल इंजन से चलते मिले जहां वेट स्क्रबर ऊंची चिमनी और प्रदूषण नियंत्रण की कोई व्यवस्था नहीं मिली साफ सफाई और लाइसेंस संबंधी गड़बड़ियां भी पाई गई एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने संचालकों को एक हफ्ते में वेट स्क्रबर और 10 मीटर चिमनी अनिवार्य रूप से लगाने का अल्टीमेट दिया समय पर सुधार न होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मितौली, बेहजम, कुंभी व बांकेगंज ब्लाक में अधिकांश गन्ना कोल्हू बेरोक टोक बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। जिनके पास प्रदूषण रजिस्ट्रेशन तक अधिकांश गन्ना कोल्हू का नहीं है ना ही साफ सफाई है नाबालिक बच्चे काम करते हुए पाए गए मीडिया की रिपोर्ट में क्षेत्रीय कोल्हू की जांच पड़ताल में अधिकांश गन्ना कोल्हू पर नाबालिक बच्चे काम करते पाए गए प्रोपराइटर कमलेश वर्मा ग्राम बरुई ब्लॉक बेहजम, गन्ना कोल्हू पर नाबालिक बच्चे काम करते पाए गए प्रोपराइटर विजय पाल गुप्ता ग्राम बरुई ब्लॉक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर दिनेश पाल ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर श्री कृष्ण ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर सियाराम ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर वीर विक्रम सिंह ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर निशांत वर्मा ग्राम खुर्दा ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर बाबूराम ग्राम पिपरिया ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर राम सिंह ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रमाकांत ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर किरन देवी ग्राम लखहा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रूपचंद ग्राम लखहा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रमेश ग्राम लखहा ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर अमर सिंह विपिन वर्मा ग्राम लखहा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर आमिल खां ग्राम सुनौरा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर वसीम खां ग्राम सुनौरा ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर मनोज तिवारी ग्राम गुलौला ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर ब्रजकिशोर गुप्ता ग्राम गुलौला ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रामकुमार ग्राम टिकोला ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर हरिशंकर ग्राम टिकोला ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर ऋषि गुप्ता ग्राम टिकोला ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर आशीष पांडे ग्राम उमरपुर निकट क्रेशर ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर सचेन्द्र शुक्ला ग्राम ढकिया पोस्ट भोपदपुर ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर सागर ट्रेडर्स ग्राम पिपरी नारायण ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर सुनील कुमार ग्राम उमरिया ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रिजवान ग्राम अंदापुर ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर असलम खान ग्राम अंदापुर ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर विवेक जयसवाल ग्राम नीमगांव ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर मेहताब अली ग्राम परसेहरा कला ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर शोभित शुक्ला ग्राम सिजोलापुर ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर हसीब खां ग्राम सुनौरी ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर हाजी इश्तियाक अली ग्राम बिलरिया ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रविउल्ला खां ग्राम सुनौरी ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर अशरफ अली ग्राम सुनौरी ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर शाहिद अली ग्राम सुनौरी ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर कलीम अली ग्राम सेहरुवा ब्लाक कुंभी,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर वसुउल्ला खां ग्राम सेहरुवा ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर कैलाश चंद्र अतुल त्रिवेदी ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर संतल लाल राठौर ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर राकेश राठौर ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर राकेश, ज्ञानू गुप्ता, अतीक, शकील ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रिजवान खां ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर मोहन राठौर ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर पालन वर्मा ग्राम बिलहरी ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर मनोज राठौर ग्राम जलालपुर ब्लाक बांकेगंज,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर अकील ग्राम जलालपुर ब्लाक बांकेगंज,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर इश्तियाक अली ग्राम जलालपुर ब्लाक बांकेगंज, आदि कोल्हू संचालित है बिना रोक-टोक के जिला प्रशासन के निर्देशों के बावजूद गठित संयुक्त टीम इन कोल्हू तक अभी नहीं पहुंच पाई है।

### पीएचडी होल्डर युवती ने अपने कमरे में लगाई फांसी, मेडिकल कॉलेज प्रयागराज में थी कार्यरत



**ब्यूरो प्रयागराज।** बरगढ़ थाना क्षेत्र के डोडिया माफी गांव में एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।यह घटना बीती देर रात की है।पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। मृतका की पहचान आकांक्षा दुबे (24वर्ष) पत्नी मनोज दुबे के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार आकांक्षा दुबे बीती रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई।सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकली, तो परिजनों ने उसका दरवाजा खटखटाया।कोई आहट न मिलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया,तो देखा कि आकांक्षा ने कमरे के अंदर फांसी लगा लिया है,और वह फंदे से लटक रही थी। घटना की सूचना मिलते ही बरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची,और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अभी तक आत्महत्या के कारणों का सही पता नहीं लग पाया है। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। आकांक्षा के पिता ने बताया कि वह प्रयागराज में मेडिकल क्षेत्र में कार्यरत थी और पीएचडी धारक थी।वह चार बहनों में दूसरे नंबर पर थी,और उसका एक भाई भी है। परिवार वालों में इस घटना को लेकर मातम पसरा है। ग्रामीणों ने भी इस मामले में गहरा शोक व्यक्त किया है।

## राजश्री मैवेरिक्स क्लब द्वारा टैलेन्ट हण्ट में एल0एल0बी0 का जलवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** राजश्री ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में राजश्री मैवेरिक्स क्लब द्वारा आयोजित टैलेंट हंट कम्पटीशन के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में एल0एल0बी0 का प्रदर्शन शीर्ष पर रहते हुए बी0टेक0 , एम0बी0ए0 को रनरअप घोषित किया गया। ऑन स्टेज कम्पटीशन के अन्तर्गत म्यूजिक, सिंगिंग, डांस परफार्मेंस पर आधारित कार्यक्रम राजश्री गॉट टैलेंट का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में बताया कि वर्तमान परिदृश्य में सोशल मीडिया एवं मनोरंजन के डिजिटाइजेशन ने देश के कोने-कोने में प्रत्येक नागरिक के अन्दर छुपी कला को निखारने के लिये एक मंच प्रदान किया है। राजश्री द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को निखारकर सपनों को साकार किया है। प्रतिभा प्रदर्शन में एक से बढ़कर एक





प्रदर्शन कर रहे प्रतिभागियों के जजमेण्ट के लिये सिने जगत से आये सपना पाण्डेय, सुमैरा नूरी एवं ज्योति कश्यप के पैनल ने राजश्री लॉ कॉलेज के छात्र राजू को विनर घोषित करते हुये बी0टेक0 से वेदान्त एवं स्नेहा के साथ एम0बी0ए0 स्टार को रनरअप के ताज से नवाजा। परफार्मेंस के आधार पर चयनित छात्र-छात्राओं को राजश्री संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कम्पटीशन के लिये जुटने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में डीन डॉ0 साकेत अग्रवाल, रजिस्ट्रार दुष्यंत माहेश्वरी, निदेशक प्रो0 पंकज शर्मा, प्रो0 अनिल कुमार, धरमबीर सिंह एवं अभिषेक यादव का सहयोग रहा ।

## पत्रकार का उचक्कों ने उड़ाया पर्स

**नैनी प्रयागराज।** मिट्टी लगी होने की बात कहकर पैंट झाड़ने के बहाने उचक्कों ने पत्रकार घनश्याम शुक्ला का पर्स उड़ा ले गए। इसके बाद वह फरार हो गए।जब बाद में पत्रकार ने अपने पैंट के पीछे की जेब टटोली तो पर्स गायब था। इसपर उन्होने बाइक से उचक्कों का पीछा भी किया लेकिन दोनों भाग निकले। उचक्के एक ही बाइक में थे। पत्रकार घनश्याम शुक्ला ने बताया कि पर्स में एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, कार्यरत संस्थान का परिचय पत्र और करीब 8 हजार रुपये रखे थे। उन्होने बताया कि मंगलवार रात करीब दस बजे वह अपने कार्यालय से लघु शंका करने के लिए शारदा टॉकीज नैनी के समीप झाड़ियों की तरफ गए थे। लघु शंका करने के बाद जब वह अपनी बाइक स्टार्ट करने जा रहे थे तभी दो लोग बाइक से उनके पास पहुंचे और उनको कहा कि और महाराज क्या हाल है, आप के पैंट के पीछे मिट्टी लगी है। इतना कहते हुए दोनों बाइक से उतरे और पत्रकार का पैंट पीछे से झाड़ने लगे। इसके बाद उनको नमस्कार करते हुए बाइक लेकर तेजी से निकल गए।

## खेल मैदान निर्माण के नाम बजट हजम कर लिये जाने के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** भले ही जिले के तेज तर्रार और ईमानदार छवि के सी.डी.ओ. खीरी विकास कार्यो मे लापरवाही व भ्रष्टाचार पर काफी सख्त दिखाई पड रह है। और ताबडतोड आकस्मिक निरीक्षण कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही भी कर रहे हैं। पर इसका असर ब्लाक बिजुआ की ग्राम पंचायत मूडा बुर्जुग मे पडता नजर नही आ रहा है। सूत्र बताते हैंकि उत्तर प्रदेश सरकार व सी.डी.ओ.के लाख प्रयासो के बावजूद भी विकास खंड बिजुआ मे भ्रष्टाचार की जडें गहरी होती जा रही हैं।जिसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत मूडा बुर्जुग मे धशदेखा जा सकता है।जहा विकास के नाम पर कागजो पर काम दिखाकर सरकारी धन के बंदरबाट किये जाने के मामले को देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकताहै।इस पर रोक लगा पाने मे खंड विकास अधिकारी बिजुआ पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहे हैं।सूत्रो के बतायेनुसार विकासखंड बिजुआ के ग्राम पंचायत मूल बुजुर्ग में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिलीभगत के चलते कागजों पर काम दिखाकर घोटाला किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा प्रधान व पंचायत सचिव पर आरोप लगाया है कि कागजों पर नल रिबोर और मरम्मत कराए जाने के नाम पर लाखों का बजट निकालकर बंदर बांट कर लिया गया है जबकि हकीकत के जमीन पर नलों की रिबोर व मरम्मत कार्य नाम मात्र का कराया गया है वहीं ग्रामीण राधेश्याम का आरोप है की स्ट्रीट लाइट खरीद और गांव में साफ सफाई तथा दवा छिड़काव कराये बगैर ही फर्जी बिल वाउचर लगाकर सरकारी धन निकालकर बंदरबांट कर लिया गया है।उपरोक्त गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। ग्रामीणों के आरोप को सत्य माने तो ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव सहित रोजगार सेवक की टिकणी ने जमकर फर्जी हाजिरी लगाकर लाखों का घोटाला मनरेगा योजना मे किया गया है। लोगों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में कभी भी दवा का छिड़काव नहीं कराया गया है और ना ही साफ सफाई ही कराई गई है लेकिन लाखों का भुगतान फर्जी बिल वाउचर लगाकर निकल गया है वहीं स्ट्रीट लाइट में भी भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगाया जा रहे हैं सूत्र बताते हैं कि स्टीट लाईटे मानक विपरीत निम्न गुणवत्ता वाली बाजार मूल्य से अधिक की दर पर क्रय की गई है जो भ्रष्टाचार की पोल खोलने को काफी है अधिकांश स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं और कई नल खराब पड़े हैं कागजों पर सब कुछ ठीक दिखा कर सरकारी धन का गवन किया गया है ।यदि जिला अधिकारी खीरी करायें मामले की निष्पक्ष जांच तो लाखों का होगा भ्रष्टाचार उजागर उपरोक्त मामलों की यदि जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए तो जांच में एक बड़े फर्जीवाडे और लाखों के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होना तय होगा ।

## संक्षिप्त खबरें

### टीकाकरण उत्सव अभियान का मिश्रौलिया में शुभारंभ, सीएमओ ने बढ़ाया जागरूकता का संदेश



**बलरामपुर।** जनपद में टीकाकरण सेवाओं को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से टीकाकरण उत्सव अभियान का शुभारंभ आज विकास खंड बलरामपुर के ग्राम मिश्रौलिया में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। सीएमओ ने कहा कि टीकाकरण बच्चों के स्वस्थ भविष्य की पहली और सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा है। सरकार द्वारा संचालित अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि सभी निर्धारित टीकों को समय पर अवश्य लगवाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में एएनएम प्रियंका श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जावेद अख्तर, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्र, डीएमसी शिखा श्रीवास्तव, विनोद त्रिपाठी, श्याम मिश्र, आरिफ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम टीकाकरण सत्र स्थल पर बच्चों के टीकाकरण के साथ माताओं को टीकाकरण की समय-सारणी, बीमारी से बचाव तथा पोषण संबंधी जानकारी भी प्रदान की। ग्राम मिश्रौलिया में टीकाकरण उत्सव अभियान के शुभारंभ के साथ ही जनपद में आगामी दिनों तक विशेष टीकाकरण गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक लाभार्थियों को टीकाकरण उत्सव अभियान जोड़ा जा सके।

### जिले के स्वास्थ्य वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के भ्रष्टाचार की जांच में उलझे ष्ठ स्वास्थ्य

**अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन , समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश से हुई थी शिकायत वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के भ्रष्टाचार को लेकर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने जिलाधिकारी को लिखा था पत्र**

**बस्ती।** बस्ती जिले के सीएमओ कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की जांच में ष्ठ स्वास्थ्य बस्ती मण्डल बस्ती उलझे हुए हैं ष्ठ स्वास्थ्य पूर्व जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये जांच को ठेंगा दिखाने से कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं जांच मिलने के एक माह बीत जाने के बाद भी जांच पूर्ण नही हो पाई है अर्थात् जांच के नाम पर बड़ा खेल करने की तैयारी में ष्ठ स्वास्थ्य जुटे हुए हैं । पूर्व जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने दिनांक -16-10-2025 को ष्ठ स्वास्थ्य को जांच सौंपी थी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी बस्ती कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के भ्रष्टाचार को लेकर अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन , समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश से शिकायत हुई थी और सीएमओ कार्यालय में जमकर भ्रष्टाचार करने वाली वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की गई थी । कैबिनेट मंत्री को दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया था कि वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय बस्ती में कई वर्षों से लगातार कार्यरत है तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मिलीभगत से एक ही पटल पर अंगद की तरह पैर जमाई हुई है और भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि इनके द्वारा किसी भी कार्य के लिए बिना 20 प्रतिशत हिस्सा लिये एवं बिना 10 बार कार्यालय के चक्कर लगाये कोई भी कार्य नहीं किया जाता है तथा आये दिन अनेकों लोग इनके जाल में फंस कर शिकार हो रहे हैं इसके साथ-साथ यह है कि वर्ष 2024 में अवनी परिधि कम्पनी द्वारा निकाले गये आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती में इनके द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर फर्जी तरीके से नियुक्ति की गयी है। जिससे सरकार की साफ सुथरी छवि धूमिल हो रही है। सरकार की जीरो टोलरेन्स नीति के तहत इनके पटल चिकित्सा पूर्ति भुगतान एवं आउटसोर्सिंग का चार्ज वापस लेते हुए जांच कराना न्याय हित में आवश्यक है जिससे इनके द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार को रोका जा सके। अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन , समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच कराने का निर्देश दिया था । पूर्व जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार की जांच ष्ठ स्वास्थ्य को दिया था लेकिन ष्ठ स्वास्थ्य डा0 अश्विनी कुमार ने अभी तक कोई जांच आख्या रिपोर्ट प्रेषित नही किया है । उक्त प्रकरण में फोन के माध्यम से ष्ठ स्वास्थ्य से जानकारी लिया तो ष्ठ स्वास्थ्य ने कोई संतोष जनक उत्तर नही दिया ।

# दो वर्ष से लापता महिला पश्चिम बंगाल से सकुशल बरामद, थाना गौरा चौराहा पुलिस की बड़ी सफलता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं की सुरक्षा व सहायता को लेकर चलाए जा रहे अभियान में बलरामपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना गौरा चौराहा पुलिस टीम ने लगभग दो वर्ष से लापता चल रही एक 24 वर्षीय महिला को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय तथा क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष गौरा चौराहा हरीश सिंह के नेतृत्व में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिसहना निवासी मोहम्मद सलीम ने 2 जून 2024 को अपनी पुत्री के गुम होने की रिपोर्ट थाना गौरा चौराहा में दर्ज कराई थी। तहरीर में पिता ने बताया था कि उनकी पुत्री मानसिक रूप से अस्वस्थ है और अपनी मां के साथ घास काटने गई थी, इसी दौरान रास्ता भटक कर कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता न लगने पर गुमशुदगी दर्ज की गई। सुरागरसी के दौरान पुलिस को पश्चिम बंगाल के जिला पुरुलिया स्थित 'अपना घर आश्रम' से सूचना मिली कि एक वर्ष से वहां एक युवती रह रही है, जो ठीक होने पर अपना नाम-पता बताने में सक्षम हुई। आश्रम प्रबंधन ने तत्परता दिखाते हुए बलरामपुर पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने युवती के पिता को थाने बुलाकर व्हाट्सऐप वीडियो कॉल के माध्यम से पहचान कराई, जिसमें सलीम ने उसे अपनी पुत्री के रूप में पहचान लिया। थाना गौरा चौराहा से एक पुलिस टीम गठित कर पिता सलीम को साथ लेते हुए पुरुलिया भेजा गया। टीम ने आश्रम से गुमशुदा महिला को सकुशल प्राप्त किया और वापस बलरामपुर लाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

**बरामदगी टीम**

1. उपनिरीक्षक सुनील कुमार
2. हे.का. सफात उस्मानी
3. महिला आरक्षी रम्भा रावत

पुलिस की इस तत्परता और संवेदनशीलता की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

# मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन महिला सुरक्षा , सम्मान और जागरूकता हमारी प्राथमिकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर** पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, कल्याणकारी योजनाओं, डिजिटल अरेस्ट तथा कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने हेतु चलाया गया विशेष अभियान महिला बीट अधिकारियों ने ग्राम चौपाल आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया। बलरामपुर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वालंबन और सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत आज दिनांक 03.12.2025 को जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का आयोजन स्कूलों, कॉलेजों तथा बाजारों में किया गया, जहाँ बालिकाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के उद्देश्य से संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों जैसे– वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के विषय में सार्थक चर्चा की गई। उपस्थित जनसमूह को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरण कर जागरूक किया गया। इसी क्रम में स्थानीय थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के कार्य, उद्देश्य तथा वहां उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की भी जानकारी प्रदान की गई, ताकि महिलाएं और बालिकाएं अपनी समस्याओं के समाधान हेतु इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

**इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य**

महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना,

उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना,

और समाज में नारी के सम्मान एवं गरिमा को और सुदृढ़ करना है। बलरामपुर पुलिस द्वारा निरंतर ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित हो सके और प्रत्येक नारी भयमुक्त एवं स्वाभिमानी जीवन जी सके।

# शिक्षकों ने जलाया एफआईआर की प्रतियां, आन्दोलन के दौरान हुआ है एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती-** बस्ती जिले में, 02 नवम्बर। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आह्वान पर मंगलवार को शिक्षकों कर्मचारियों ने संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारियों पर शासन द्वारा मनमाने तरीके से दर्ज एफआईआर के विरोध में जनपद के अनेक विद्यालयों में उसकी प्रतियां जलाकर इसको वापस लेने की मांग की। अटेवा जिला संयोजक तौआब अली ने बताया कि 25 नवम्बर को दिल्ली के जंतर मंतर पर पुरानी पेंशन बहाली एवं आरटीई एक्ट लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टेट लागू किए जाने के विरोध में शांति पूर्ण तरीके से एनएमओपीएस का धरना चल रहा था। धरना समाप्त होने के उपरांत एनएमओपीएस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुखजीत सिंह एवं संगठन सचिव बिजेंद्र धारीवाल पर प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से एफआईआर दर्ज कर दिया गया। जो कि अत्यंत खेदजनक है जिसका अटेवा, एनएमओपीएस इकाई घोर निंदा करती है और सरकार से यह मांग करती है कि दोनों पदाधिकारियों पर दर्ज एफआईआर तत्काल वापस लिया जाए। यदि दोनोंपदाधिकारियों पर दर्ज एफआईआर वापस नहीं लिया गया तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।ज़्यादा जाने बस्ती समाचार टाइम्समंडलीय महामंत्री दीपक सिंह प्रेमी जिला कोषाध्यक्ष अमर चंद व मीडिया प्रभारी नीरज वर्मा ने कहा कि एनएमओपीएस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों पर दर्ज एफआईआर सरकार द्वारा लोगों के हक की आवाज दबाने की एक साजिश है जिसे संघ कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान ज्ञानेन्द्र भारती, प्रमोद ओझा, देवेन्द्र तिवारी, बृजेश वर्मा, डॉ कमलेश चौधरी, सुरेन्द्र यादव, कैलाश नाथ, अनिरुद्ध वर्मा, डॉ सत्यप्रकाश मौर्य, बाबूराम वर्मा, सुखराज गुप्ता, अर्जुन प्रसाद, मोहम्मद सलाम,पप्पू सक्सेना, जितेन्द्र वरुण मनीष मिश्रा, संजय यादव, विजय कुमार, अनीता, निशा वर्मा,मीरा श्रीवास्तव, दीपक सिंह, आशुतोष मिश्रा, इरशाद अहमद,देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव अजय कुमार सिंह बैभव,सहित सैकड़ों शिक्षक कर्मचारी ने अपने अपने कार्यस्थल पर एफआईआर की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया।

# लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बर्रोहिया कला में अवैध कब्जा, मौन हैं जिम्मेदार

**●जिले मे दबंगों द्वाराअवैध जमीन पर कब्जा किया जा रहा है जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण नींद में सो रहे हैं जमीनों पर दबंगों का कब्जा होता जा रहा है प्रशासन दबंग के आगे नतमस्तक है**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती-** बस्ती जिले के सदर तहसील के लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बर्रोहिया कला में आवागमन हेतु गाटा संख्या 238 परिक्रमा मार्ग को मनबढ़ों ने जोत कर अवैध कब्जा कर लिया है। गांव के सैंकड़ों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अवैध कब्जे का संज्ञान लेकर कार्यवाही करने को कौन चलाये उप जिलाधिकारी जिलाधिकारी के अलावा तहसील व थाना समाधान दिवसों में ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से 24 अक्टूबर से लेकर 26 नवम्बर 2025 तक कुल चार बार शिकायत किया लेकिन नतीजा सिफर है। बर्रोहिया कला गांव के लोग आन्दोलन की पृष्ठभूमि तैयार करने को बाध्य हैं। जब कि यह गांव नगरह्व पंचायत बनकटी का वार्ड नं.12 सन्त रविदास नगर बन गया है। अब सवाल उठता है कि उच्च न्यायालय और शासन के अवैध कब्जा हटाओ अभियान में जिम्मेदार क्या स्वयं बाधक हैं ?.जो दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ निन्दनीय भी है। थाना क्षेत्र के ग्राम ठकुरापार में गाँव का एक मनबढ़ परिवार मुख्य रास्ते पर पिलर का निर्माण कराकर आवागमन में अवरोध पैदा कर रहा है। गांव के निवासी व सामाजिक कार्यकर्ता दीनदयाल चौधरी के नेतृत्व में सूरज, रामदयाल, फूलचन्द्र, पंचराम, रामकिशोर, पारसनाथ, हनुमान, शिवनाथ, चन्द्रकेश, कन्हैया लाल आदि लोगों ने मामले की शिकायत उप जिलाधिकारी सदर शत्रुघ्न पाठक से 18 नवम्बर 2025 को किया है। मामले को गम्भीर मानकर उप जिलाधिकारी पाठक ने थानाध्यक्ष लालगंज और क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को रास्ते पर पिलर आदि का निर्माण कर किये गये अतिक्रमण को हटवाने का आदेश दिया है। लेकिन पता चल रहा है कि मामले में पुलिस चौकी महादेवा के प्रभारी देवव्रत शर्मा द्वारा गुनहगार के पक्ष में होकर रास्ते से अतिक्रमण हटवाने की बजाय मामले को उलझाया जा रहा है।

# Happy Giving Tuesday पर 73 यूनिट रक्तदान — उदारता और मानवता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** Giving Tuesday के अवसर पर जिले में मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 73 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। वार्ड नंबर 2 रामनगर के जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद साजिद खान और उनकी टीम के नेतृत्व में आयोजित इस महाअभियान में भांभर वेलफेयर सोसाइटी, स्थानीय स्वयंसेवक तथा सशस्त्र सीमा बल (स्स्क्ब) के जवानों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।शिविर में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संस्थाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से आयोजित इस रक्तदान शिविर में मेडिकल टीम ने सभी दाताओं की स्वास्थ्य जांच के बाद रक्त संग्रह किया। जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद साजिद खान ने कहा कि 'त्द्ध1द्बठ्ठद्द ञ्जह्वद्गह्यस्रड्ड4 सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि एक सोच है– देने की सोच, निस्वार्थ सेवा की सोच। आज 73 यूनिट रक्तदान इस बात का प्रमाण है कि समाज अब दूसरों की ज़िंदगी बचाने के लिए भी आगे आ रहा है। हम चाहते हैं कि कोई भी व्यक्ति रक्त की कमी से अपनी जान न गंवाए।' उन्होंने शोएब क़मर सहित सभी दानवीरों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके इस कदम ने कई अनजान लोगों की ज़िंदगी में उम्मीद की नई किरण जगाई है। वहीं स्स्क्बकमांडर आलोक जी ने कहा कि 'सशस्त्र सीमा बल सिर्फ सीमा की सुरक्षा ही नहीं करता, बल्कि हर मोर्चे पर मानवता की सेवा के लिए तत्पर रहता है। त्द्ध1द्बठ्ठद्द ञ्जह्वद्गह्यस्रड्ड4 पर हमारे जवानों ने रक्तदान कर यह संदेश दिया है कि सेवा ही सर्वोच्च धर्म है।' उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भी इस प्रकार के मानवीय कार्यों में उत्साहपूर्वक शामिल हों, क्योंकि एक यूनिट रक्त तीन जीवन बचा सकता है कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में 73 यूनिट रक्तदान, विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता, जागरूकता संदेश 'रक्तदान – सबसे बड़ा दान ', तथा युवाओं की बड़ी भागीदारी उल्लेखनीय रही। इस संयुक्त प्रयास में मोहम्मद साजिद खान, शोएब क़मर, अख्तर हुसैन, नदीम अहमद, इरशाद आलम तथा स्स्क्ब के जवानों की सक्रिय भूमिका रही। त्द्ध1द्बठ्ठद्द ञ्जह्वद्गह्यस्रड्ड4 का यह अभियान समाज में यह मजबूत संदेश छोड़ गया कि– जब दिल उदार होता है, तो रक्त किसी अनजान की धड़कन बन जाता है।

# सभासद ने डीएम को सौंपा मांग पत्र, निर्मली कुण्ड क्षेत्र के समग्र विकास की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती नगर पालिका परिषद वार्ड नम्बर 7 सुर्तीहट्टा के सभासद रविन्द्र कुमार ने सोमवार को वार्ड की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। मांग किया कि सुर्तीहट्टा मोहल्ला निर्मलीकुण्ड, राजाबाजार सुर्तीहट्टा में जल निकासी की समुचित स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्षा ऋतु में वार्ड पुरी तरह से जलमग्न हो जाता है, जिससे जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । जनमानस के आस्था का केंद्र पवित्र धार्मिक स्थल श्रीराम जानकी मन्दिर निर्मलीकुण्ड धाम परिसर में जलभराव तथा पवित्र कुण्ड में दूषित जल भराव होने के कारण जनमानस में आक्रोश है,। नई बाजार तिराहे से सुर्तीहट्टा होकर बस्ती रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क व नाली जो वर्षों पूर्व बना था पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मोहल्ला निर्मली कुण्ड में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा स्थल का सुन्दीकरण कराकर पार्क नहीं बनवाये जाने तथा श्रीराम जानकी मन्दिर निर्मली कुण्ड धाम का पुनरुत्थान कराकर धाम का धार्मिक व पर्यटन केन्द्र के रुप में विकसित नहीं किये जाने के कारण जनमानस के आस्था पर गहरा चोट पहुंच रहा है। डीएम को दिये मांग पत्र में सभासद रविन्द्र कुमार ने कहा है कि समस्याओं के समाधान हेतु उनके द्वारा लगातार बोर्ड की बैठको में लिखित रूप से पत्र देकर आवाज उठाने के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से अध्यक्ष , अधिशासी अधिकारी से मिलकर सिफारिश किया गया किन्तु नगर पालिका परिषद द्वारा आजतक समस्या का समाधान हेतु कोई ठोस योजना नहीं बनाया गया नगर पालिका परिषद द्वारा विकास की दृष्टि से वाडों में भेदभावपूर्ण धनराशि का आवंटन किया जाता है। उन्होने मांग किया कि जनसमस्याओं के समुचित समाधान हेतु अपने स्तर से ठोस पहल सुनिश्चित कर जनमानस को समस्याओं से मुक्ति दिलवाया जाय। डीएम को मांग पत्र देने के दौरान सभासद के साथ भाजपा नेता विकास बरनवाल भी शामिल रहे।

# नेतागीरी से चौपट हो रहा है शिक्षा व स्वच्छता का अभियान नहीं ड्यूटी कर रहे शिक्षक और सफ़ाई कर्मीश

**●जिले मे सरकारी कर्मचारी एंव शिक्षक और सफ़ाई कर्मी ड्यूटी से ज्यादा फोकस नेता गिरी कर रहे है इसलिए जिले मे स्वास्थ्य शिक्षा एंव अभियान जिले मे फ्लॉप**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती-** बस्ती जिले मे परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक एवं सफाई कर्मचारी सरकार की मंशा और महत्वाकांक्षा का सत्यानाश कर रहे हैं। दोनों ही विभागों में 20 प्रतिशत से ज्यादा कर्मचारी सफेदपोश होकर जिला मुख्यालय पर राजनीति कर रहे हैं और जो मेहनत और लगन से अपनी डियूटी कर रहे हैं उन्हे चिढ़ा रहे हैं। यही कारण है कि सरकार के अनेक प्रयासों के बावजूद परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्था नही सुधर रही है और न ही गावों में स्वच्छता ही संतोषजनक है।मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक शिक्षा और स्वास्थ्य को अपनी प्राथमिकताओं में गिनाते रहते हैं लेकिन इन दोनो महकमों के कर्मचारी यूनियन बनाकर अपनी राजनीति चमका रहे हैं। शिक्षक, हों या सफाईकर्मी इनकी शरीर पर अफसरों से अच्छे कपड़े देखने को मिलते हैं और इनके पास उनसे अच्छी लग्जरी गाड़ी भी है। दोनो के अपने संगठन हैं, जो अफसरों पर दबाव बनाने का काम करते हैं और कर्मचारियों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के लिये संघर्ष करने के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। नतीजा ये है कि अनेकों अध्यापक और सफाईकर्मी बगैर डियूटी के तनख्वाह उठा रहे हैं।सूत्रों की मानें तो तनख्वाह से ज्यादा इनके पास अवैध वसूली से आ रहा है जिससे इनके चेहरों की चमक और कपड़ों की ताजगी बनी रहती है। एक ओर अधिकांश परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई की गुणवत्ता नही है तो दूसरी ओर गावों में महीनों से किसी ने सफाईकर्मी को नही देखा। इस मनमानी के लिये ये अपने आका को माहवार रकम देते हैं जिससे किसी अफसर की नजर इन पर टेढ़ी हो तो उस पर दबाव बनाने के लिये संगठन को साथ लेकर आका अपना असर दिखायें और अफसर अपना सम्मान बचाने के लिये चुप्पी साध ले। यह अनेक अफसरों की कार्यशैली का हिस्सा बन चुका है। बहुत कम अफसर होते हैं जो कर्मचारी नेताओं और संगठनों से टक्कर लेते हैं। अधिकांश बीच का रास्ता अख्तियार करते हैं और कामकाज को आयान बनाते हैं। इन महकमों के आकाओं की पहुंच राजनीति में भी कम नही होती। इन्हे राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त होता है। संगठनों में महत्वपूण्र भूमिका निभाने वाले पदाधिकारी का पॉलीटिकल कनेक्शन उन्हे समय समय पर संरक्षण प्रदान करता है। कोई सपा से जुड़ा है तो कोई भाजपा से। वैसे सत्ताधारी दल से जुड़ा रहना लोग बेहतर मानते हैं। अनेक शिक्षामित्रों और सफाईकर्मियों को विकास भवन से लेकर कलेक्ट्रेट और चाय पान की दुकानों पर दिन काटते या बाहें बटोरते हुये अपनी वाहवाही लूटते देखा जा सकता है।

# मनरेगा में नहीं थम रहा फर्जीवाड़ा, सरकारी धन का हो रहा बंदरबांट

**●भ्रष्टाचारियों का रक्षक कौन, जिम्मेदार अधिकारी की संलिप्ता में खेला जा रहा भ्रष्टाचार का खेल जिले के मुख्य विकास अधिकारी मामले को संज्ञान लेना चाहिए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।**बस्ती जिले के विकासखंड बनकटी के ग्राम पंचायत बखरिया का मामला है जहां पर मास्टरोल के मुताबिक 40 मजदूर होना चाहिए परन्तु मनरेगा कार्य के अन्तर्गत ग्राम प्रधान द्वारा केवल पांच मजदूर को लेकर काम कराया जा रहा था इसकी सूचना जब ग्रामीणों ने मीडिया को दिया तो मीडिया टीम ने पहुंचकर जायजा लिया तो वहां पर एक भी मजदूर कार्य करते नहीं मिले सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधान द्वारा जो कि मजदूरो से काम करने की बात बता रहे थे वहा एक भी मजदूर काम करते साइड पर नहीं मिले जब कि उन मजदूरों की आनलाइन हाजिरी फर्जी तरीके से लगाई जा रही थी? जब इस तरह की फर्जीवाडा मनरेगा योजना में चलेगा तो गांव का बिकास कैसे होगा ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश ग्राम सभाओं में मनरेगा कार्य में फर्जी मजदूरों कि फर्जी हाजिरी का खेल खेला जा रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान व सचिव कि मिलीभगत से भ्रष्टाचार का ऐसा खेल खेला जा रहा है जहां पर कार्य नहीं किया जा रहा है वहां पर मजदूरों को मनरेगा की उपस्थित पंजिका में उपस्थित दिखा कर अच्छी-खासी? रकम ऐंठ ली जाती है कमीशन बाजी का खेल बाखूबी खेला जा रहा है ग्राम पंचायत बखरिया में जो काम करायें जा रहे हैं जो इस प्रकार है पूरनपुर बाहा से अरुंधति खेत तक बंधा मरम्मत कार्य का कार्य चल रहा है मस्टरोल के मुताबिक 40 मनरेगा मजदूर कार्य करने के लिए होने चाहिए लेकिन मीडिया टीम को एक भी मजदूर काम करते नहीं मिले लेकिन वही साइड पर मीडिया टीम को एक भी मजदूर काम करते न मिलने पर मीडिया टीम ने ।लेकिन बड़ा सवाल यह है कि मजदूरो के कार्य करने कि पुष्टि ग्राम प्रधान द्वारा की गयी है जब कि वहीं मनरेगा उपस्थित पंजिका में 40 मजदूरों की संख्या है और इसकी हाजिरी भी लग रही है खंड विकास अधिकारी फर्जी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी पर खंड विकास अधिकारी अन्जान है

## संक्षिप्त खबरें

### खेत में पानी को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत, मारपीट के बाद दोनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के कुंभडौरा गांव में खेत में पानी लगाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। कहा-सुनी के बाद मामला इतना बढ़ा कि मारपीट तक की नौबत आ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।ग्राम निवासी अखिलेश सिंह ने बताया कि मंगलवार को वह अपने खेत में समरसेबल से पानी लगा रहे थे। इसी दौरान अंशुल पांडेय निवासी नरपत का पुरवा तथा शुभम व रिंकू सिंह निवासी कुंभडौरा ने अपने खेत में पानी काट लिया। आरोप है कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे ऋतुराज सिंह की बाइक भी तोड़ दी गई।वहीं दूसरी ओर, अंशुल पांडेय ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि वह अपने खेत से जानवर खदेड़कर लौट रहा था। इसी दौरान अखिलेश व ऋतुराज ने उस पर झूठा आरोप लगाते हुए मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आई।प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।




### अधिवक्ता दिवस पर कर अधिवक्ताओं ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित, डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर न्याय व्यवस्था में उनके योगदान को किया याद

**लखनऊ।** स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर सोमवार को राजधानी लखनऊ में अधिवक्ता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इसी क्रम में मीरा बाई मार्ग



स्थित राज्य कर भवन के मीटिंग हॉल में कर अधिवक्ताओं द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन लखनऊ के सदस्यों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राज पाल यादव उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और न्याय व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. राजेंद्र प्रसाद के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान निर्माण तक के अद्वितीय योगदान को याद किया। इस अवसर पर सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्र व महामंत्री शिव कुमार पांडेय ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। अध्यक्ष संजय मिश्र ने अपने संबोधन में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के सिद्धांतों, संघर्षों और राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उनका जीवन अधिवक्ताओं के लिए सदैव मार्गदर्शक रहेगा। मुख्य अतिथि राज पाल यादव ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व न्याय, सत्य और कर्तव्यनिष्ठा का अद्वितीय प्रतीक था। उन्होंने कर अधिवक्ताओं की समस्याओं पर भी चर्चा करते हुए इनके समाधान के लिए संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा संघ के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। संचालन करते हुए महामंत्री शिव कुमार पांडेय ने बताया कि सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन की यह परंपरा रही है कि हर वर्ष अपने सदस्यों के मेधावी बच्चों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया जाता है। इसी क्रम को कायम रखते हुए अधिवक्ता सुमित तिवारी, संजय मिश्र, श्रीमती लीना मिश्र, अनुराग मिश्र, नृपेन्द्र सिंह एवं सुबोध मेहरोत्रा द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं ने इस आयोजन को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणास्रोत बताया और कहा कि ऐसे समारोह न केवल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं बल्कि समाज में अधिवक्ता समुदाय की सकारात्मक भूमिका को भी मजबूत करते हैं।

## भीम आर्मी ने विधायक का पुतला फूंकने की करी कोशिश पुलिस ने रोका, नीले कबूतर कहने पर भड़के कार्यकर्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी के खिलाफ जोरदार हल्ला बोला। बताया जाता है कि सोशल मीडिया पर विधायक का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने कथित रूप से भीम आर्मी कार्यकर्ताओं को 'नीले कबूतर' कहकर संबोधित किया था इस बयान को लेकर कार्यकर्ताओं में नाराज़गी बढ़ती चली गई और विरोध प्रदर्शन का माहौल बन गया दोपहर से ही बड़ी संख्या में भीम आर्मी कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क में एकत्र होने लगे। वहां से जुलूस के रूप में वे लालबाग की ओर कूच कर गए। भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि विधायक द्वारा दिया गया बयान केवल संगठन का अपमान नहीं बल्कि सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाने वाला है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि विधायक को अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए प्रदर्शनकारियों ने लालबाग चौराहे पर पहुंचकर विधायक ज्ञान तिवारी का पुतला दहन करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस पहले से ही अलर्ट थी। सीओ सिटी विनायक भोसले के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पुतला छीनकर तुरंत वहाँ से हटा दिया।

पुतला छीने जाने पर कार्यकर्ता कुछ देर के लिए आक्रोशित हो गए, लेकिन पुलिस ने समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया इस दौरान पुलिस कर्मी और एलआईयू टीम पुतले को लेकर तेजी से चौराहे से बाहर निकल गई ताकि तनाव न बढ़े। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील की उधर, भीम आर्मी ने सीएम को संबोधित ज्ञापन देते हुए मांग की है कि बीजेपी विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि विधायक ने अपनी टिप्पणी वापस नहीं ली और माफी नहीं मांगी तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। ज्ञात हो कि ज्ञान तिवारी सीतापुर की सेउता विधानसभा सीट से भाजपा विधायक हैं। उनके बयान और वीडियो वायरल होने के बाद से ही जिले में राजनीतिक माहौल गर्माया हुआ है ज्ञापन सौंपने के बाद कार्यकर्ता वापस लौट गए!!

## बिसवां बार एसोसिएशन मे मनाया गया अधिवक्ता दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवां, सीतापुर।** तहसील बिसवां के बार रूम में अधिवक्ता दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बिसवां लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेंद कुमार बाजपेई ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम शिखा शुक्ला, अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई तथा द्वारा संयुक्त रूप से देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन ललित शर्मा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए एसडीएम शिखा शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ता का कार्य केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण का सर्वोत्तम मार्ग है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज में न्याय की स्थापना और विधि व्यवस्था को मजबूत बनाने में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से एल्डर कमेटी के चेयरमैन लालजी वर्मा सचिव सत्य प्रकाश सिंह निर्भय मौर्य आर पी सिंह आनंद मेहरोत्रा के सी वर्मा सर्वेश श्रीवास्तव राजेश सिंह गौरव सिंह संकटा शुक्ला नईम अंसारी प्रमोद मिश्रा रजनीश मिश्रा अश्वनी त्रिपाठी मन्नालाल बाजपेई ओम जी मिश्रा कौशल वर्मा राकेश यादव सुरेश मौर्य सहित भारी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

### भरावन में कर्नल आदित्य ने डिजिटल लाइब्रेरी का किया उद्घाटन



**भरावन (हरदोई)।** मां शारदा शिक्षा निकेतन भरावन में बुधवार को डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता कर्नल आदित्य प्रताप सिंह ने किया। फीता काटकर उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी को विद्यार्थियों के लिए समर्पित किया। विद्यालय के व्यवस्थापक रवि प्रताप पाण्डेय ने बताया कि लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित सभी प्रकार की पुस्तकें तथा कंप्यूटर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विवेक पाण्डेय, विकास पाण्डेय,आशीष पाण्डेय,जीतू पाण्डेय, विभोर पाण्डेय,आकांक्षा सहित विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## तेज़ रफ़्तार का कहर ट्रक ने होमगार्ड को कुचला हुई मौत, सीओ आवास पर ड्यूटी जाते समय हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के सिधौली कोतवाली इलाके में हा॥ 30 पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के समीप मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हो गया यहां हादसे में ड्यूटी पर जा रहे बाइक सवार होमगार्ड की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई हादसा उस समय हुआ जब होमगार्ड रामकिसुन को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगते ही होमगार्ड सड़क पर गिर गए और ट्रक उनके दोनों पैरों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया घटना के बाद चालक ट्रक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। मृतक होमगार्ड की पहचान करीब 50 वर्षीय रामकिसुन, निवासी सटूल्लापुर मजरा सैर, थाना रामपुर कला के रूप में हुई है। वह अटरिया थाना में तैनात थे मंगलवार रात वह सीओ आवास पर ड्यूटी करने के लिए खाना लेकर बाइक से सिधौली की ओर जा रहे थे जैसे ही वह सिधौली पहुंचे और बस स्टॉप के पास स्थित हनुमान मंदिर के समीप सर्विस लेन पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर उनकी बाइक से जा भिड़ा टक्कर लगते ही रामकिसुन सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी और उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार और कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्यों की जांच-पड़ताल शुरू कर दी वहीं ट्रक को पुलिस ने कब्जे में



ले लिया है और चालक की तलाश तेज कर दी गई है इस दर्दनाक हादसे की खबर फैलते ही पुलिस विभाग तथा होमगार्ड संगठन में शोक की लहर दौड़ गई। ड्यूटी के लिए निकले होमगार्ड की अचानक हुई मौत से साथी कर्मियों में भी गहरा दुःख है। कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं!!

## क्षेत्र के बारी गौहन्ना ग्राम सभा का पंचायत भवन पूरी तरह से खंडहर में तब्दील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज,रायबरेली।** महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के बारी गौहन्ना ग्राम सभा का पंचायत भवन पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो गया है। ग्राम पंचायतों में व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए सरकार की ओर से काफी पैसा खर्च करके पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन बारी गोहन्ना का पंचायत भवन अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो रहा है। बारी गोहन्ना ग्राम प्रधान रामकेवल यादव ने बताया कि गांव की समस्याओं, विकास से जुड़ी योजनाओं व मासिक बैठक के लिए पंचायत भवन बनवाया जाता है, लेकिन यहां की स्थिति बिलकुल विपरीत है। क्योंकि पंचायत भवन खंडहर में तब्दील है। इस कारण पंचायत भवन पर ग्राम सभा की बैठकें नहीं हो पाती हैं। पंचायत भवन से खिड़की दरवाजे गायब हो चुके हैं और चारदीवारी जगह-जगह टूट



गई है। शासन को नये पंचायत भवन के निर्माण हेतु प्रस्ताव दे दिया गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आनंद मिश्रा (बबलू) व ग्राम सभा वासी सतीश शुक्ला, रामकिशोर मौर्य, सुधीर तिवारी, अनिल मिश्रा, छोटेलाल यादव, सुनील मिश्रा, नंदकिशोर साहू, रामहर्ष रावत, रामचंद्र दुबे, सुरेश मिश्रा, राकेश कुमार, रमेशचंद्र, राम नारायन, राम चरन आदि ने बताया कि पंचायत भवन बनवाने का सरकार का उद्देश्य था कि ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी एक साथ बैठ कर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण कराएंगे। इससे ग्रामीणों को ब्लाक का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और परिवार रजिस्टर के नकल से लेकर अन्य जरुरी प्रमाण पत्र गांव में ही मिल जाया करेगा। लेकिन सरकार इस फरमान का असर बारी गोहन्ना ग्राम सभा के ग्राम पंचायत भवन पर लागू नहीं होता। ग्राम सभा के लोगों के मुताबिक लगभग ग्राम सभा में लगभग 40 वर्ष पहले पंचायत भवन का निर्माण तो हुआ लेकिन उसके रख रखाव आदि की व्यवस्था ठीक प्रकार से न होने के कारण समय से पहले ही ढह गया। जिस कारण ग्राम वासियों को 20 किलोमीटर दूर महराजगंज तहसील मुख्यालय जाकर ग्राम सभा स्तरीय कार्य निपटाना पड़ता है। अगर ग्राम सभा में पंचायत भवन का निर्माण हो जाए तो ग्राम वासियों पेंशन, परिवार रजिस्टर की नकल आदि ग्राम सभा स्तरीय कार्यों में काफी सहूलियत मिलेगी। मामले में एडियो पंचायत महराजगंज सीताराम वर्मा ने बताया कि ग्राम सभा से नवनिर्मित पंचायत भवन के निर्माण हेतु प्रस्ताव मिलने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## ऐहार गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित सुप्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर परिसर के निकट सच्चिदानन्द पैलेस में बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसी के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। सुबह से ही ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी।कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास पं. झिलमिल महाराज ने राजा परीक्षित, गोकर्ण और धुंधकारी प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। सरल और हृदयस्पर्शी शैली में प्रस्तुत की गई कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पंडाल में अनेक भक्त मंत्रमुग्ध होकर कथा का रसपान करते रहे।कथा प्रारंभ होने से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अनुष्ठान, कलश पूजन और कलश स्थापना की गई। महिलाओं ने पवित्र जल से कलश भरने की परंपरा निभाई। कलश यात्रा में महिलाओं, बच्चों और बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने भाग लिया। धार्मिक ध्वज, भजन-कीर्तन और मंगल ध्वनियों के साथ कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर गांव के विभिन्न देवस्थानों से होती हुई पुनः कथा स्थल पर पहुंची।आयोजकों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह कलश पूजन तथा शाम को



श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। मौके पर घनश्याम सोनी, यज्ञ शरण मिश्र, मोहित तिवारी, रोहित मिश्रा, राजू, अमरेंद्र गिरी, गिरजाशंकर दीक्षित, शिवबरन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भक्त मौजूद रहे।

### जबरन मकान बना रहे विपक्षियों को मना करना महिला को पड़ा भारी



**महराजगंज रायबरेली।** जबरन नींव खोद कर मकान बना रहे विपक्षियों को मना करना महिला को भारी पड़ गया। कब्जे का विरोध करने गई महिला का मारपीट में हाथ टूटा, तीन के खिलाफ केस दर्ज। कोतवाली क्षेत्र के टूक मजरे ओथी गांव निवासी सुखराजा ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार को गांव के ही छेदी पुत्र राम हरख, छेदी के ससुर व एक अज्ञात साथी के साथ उसकी ही जमीन पर घर बनाने के लिए नींव खोदने लगे । जब उसने नींव खोदने से मना किया तो उन लोगों ने उसे बुरी तरह मारा पीटा, जिससे उसके शरीर पर चोटें व बायां हाथ टूट गया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद छेदी व छेदी के ससुर सहित तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि केस दर्ज किया गया है कार्यवाही की जाएगी।

## गोलीकांड, प्रधान पर साज़िश का आरोप, घायल के परिजनों और आरोपी की बातचीत का ऑडियो, गहराया शक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के महोली कोतवाली क्षेत्र के सिघौरा गांव में मंगलवार देर रात एक युवक के घायल अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई परिजनों ने युवक के पैर में गोली लगने की आशंका जताई है जबकि घटना के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक कथित ऑडियो ने मामले को और उलझा दिया है वायरल ऑडियो के मुताबिक वारदात को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देने की बात सामने आई है घायल युवक की पहचान शिबू पुत्र संजय के रूप में हुई है। वह गांव के बाहर गंभीर हालत में पड़ा मिला था। परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया बताया जाता है कि घायल शिबू और आरोपी युवक पहले दो अलग अलग मामले में जेल जा चुके हैं, जिससे दोनों के बीच पुरानी दोस्ती की भी चर्चा सामने आ रही है इधर, घटना के बाद वायरल हुए ऑडियो क्लिप ने पुलिस को नए सिरे से जांच करने पर मजबूर कर दिया है। ऑडियो में कथित तौर पर घायल युवक और आरोपी युवक का नाम सामने आ रहा है, जो मिलकर वारदात की योजना बनाते सुनाई दे रहे हैं इसमें ग्राम प्रधान ध्रुव सिंह पर भी सह देने का आरोप लगाया जा रहा है। इसी आधार पर शिबू ने गांव के ही युवक उपेन्द्र पुत्र स्व. मलखान सिंह पर गोली मारने का आरोप लगाया है। वहीं इस कहानी में पर्दे के पीछे ग्राम प्रधान का भी अहम रोल बताया जा रहा है पुलिस प्रारंभिक जांच में यह भी देख रही है कि कहीं यह पूरा मामला पुलिस को गुमराह कर झूठी फायरिंग की कहानी बनाने की कोशिश तो नहीं है स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घायल और आरोपी युवक सहित ग्राम प्रधान ने मिलकर हमले का नाटक रचने की योजना बनाई थी। जिसकी पुष्टि ऑडियो कर रहा है पुलिस इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, वायरल ऑडियो और फोन लोकेशन के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच कर रही है पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी!!

## डीआईओएस ऑफिस का बाबू निलंबित, स्टिंग ऑपरेशन में रिश्वत कबूलने के बाद कार्रवाई, डीएम ने दिए थे जांच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में यूपी बोर्ड से स्कूल की मान्यता दिलाने के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ होने के बाद शिक्षा विभाग में बड़ी कार्रवाई की गई है। लोक जनसंदेश के खुफिया कैमरे पर रिश्वत की बात कबूलने वाले डीआईओएस कार्यालय के लिपिक सुभाष को ज्वाइंट डायरेक्टर बेसिक प्रदीप कुमार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है मान्यता पटल संभाल रहे सुभाष का रिश्वत चलने का वीडियो सामने आने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया था सूत्रों के मुताबिक, खबर प्रकाशित होने के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजगणपति ने सीडीओ और डीआईओएस को जांच के निर्देश दिए थे लेकिन लखनऊ स्तर से हुई त्वरित कार्रवाई के चलते डीएम के निर्देश पर फिलहाल रोक लग गई है। बताया जा रहा है कि संबंधित अधिकारियों को पहले तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार करनी थी, मगर उच्च स्तर से निलंबन का आदेश जारी होते ही स्थानीय स्तर की जांच ठंडे बस्ते में चली गई 1 दिसंबर को लोक जनसंदेश की टीम ने खुफिया कैमरा ऑपरेशन में सुभाष को जूनियर हाई स्कूल की मान्यता के लिए ढाई लाख रुपये 'सुविधा शुल्क' चलने का रिकॉर्ड किया था। स्टिंग में सुभाष ने खुलकर स्वीकार किया था कि इस राशि में से एक लाख रुपये डीआईओएस, 50 हजार एसडीएम, तथा शेष रकम एई और जीआईसी प्रिंसिपल तक पहुंचाई जाती है। इस खुलासे ने शिक्षा विभाग में फैले भ्रष्टाचार की परतें उधेड़ कर रख दी थीं।



डीआईओएस राजेंद्र सिंह ने बताया कि ज्वाइंट डायरेक्टर बेसिक के आदेश के अनुसार सुभाष को निलंबित कर दिया गया है और विभागीय कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। शिक्षा विभाग में अब इस बात को लेकर चर्चा है कि क्या इस पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी या मामला केवल निलंबन तक सीमित रह जाएगा!!

## डीएम ने पीएचसी का किया औचक निरीक्षण प्रभारी अधिकारी का कटा वेतन

● अनुपस्थित एएनएम और आंगनबाड़ी स्टाफ को सेवा समाप्ति की नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बुधवार को बेहटा विकास खंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की निरीक्षण के दौरान लेबर रूम में अभिलेखों का सावधानीपूर्वक अवलोकन किया गया तथा आवश्यक उपकरणों और दवाओं की उपलब्धता की जांच की गई। फोकस लैम्प न मिलने और कई कमियों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने स्टाफ की लापरवाही को गंभीर मानते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए अनुपस्थित एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। वहीं, कार्यों में रुचि न लेने पर सीएचओ की वार्षिक वृद्धि में पाँच प्रतिशत कटौती करने के निर्देश दिए आशा कार्यकर्ता को भी लापरवाही पर सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने को



कहा गया डीएम ने निरीक्षण के दौरान बीपीएम, बीसीपीएम और बैम पर कार्य में उदासीनता पाए जाने पर 15 दिन का वेतन काटने को कहा गया जबकि प्रभारी अधिकारी की लापरवाही पर एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए एमओआईसी का एक दिन का वेतन काटने और स्टाफ नर्स को नोटिस जारी करने के आदेश भी दिए गए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है उन्होंने आवश्यक दवाओं, जांच किटों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मरीजों को आवश्यक स्वास्थ्य जानकारी देने और काउंसलिंग की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे!!

### उन्नाव हाईवे पर रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, चालक पर मुकदमा दर्ज




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव हाईवे पर मुबारकपुर के पास रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद रोडवेज बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज किया गया है।कस्बे के बृजेन्द्र नगर मोहल्ला निवासी शिवकरन सिंह ने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर को उनका भाई रामकरन सिंह मोटरसाइकिल से सेमरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही अमेठी डिपो की रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में रामकरन गंभीर रूप से घायल हो गया।गंभीर हालत में पहले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल और बाद में लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसका इलाज जारी है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि घटना में रोडवेज बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## उत्कृष्ट विधिक सेवाओं के लिए अधिवक्ताओं का सम्मान, मैक्स हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

● सदस्य विधान परिषद ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** विनायक ग्रामोद्योग संस्थान एवं अधिवक्ता सहायता प्रकोष्ठ उ0 प्र0 के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ता दिवस के अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर एवं अधिवक्ता सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया इस अवसर पर हॉस्पिटल द्वारा डिस्काउंट कार्ड भी जारी किए गए। यह कार्यक्रम लखनऊ के अधिवक्ता प्रेरणा स्थल, ग्लोब पार्क कैसरबाग में आयोजित हुआ जिसमें शहर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उन अधिवक्ताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिनकी विधिक सेवाओं, समाज सेवा, कर्तव्य निष्ठा और देश प्रेम के प्रति



समर्पण भावना अतुलनीय रही है।कार्यक्रम के आयोजक और विनायक ग्रामोद्योग संस्थान के अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने लखनऊ बार एसोसिएशन और सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का भी सम्मान कर संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सहयोगी संस्था श्री गोपेश्वर गौशाला मलिहाबाद के प्रमुख उमाकांत गुप्ता ने सभी सम्मानित अधिवक्ताओं को स्मृति चिन्ह के रूप में पेन और डायरी भेंट की जो उनके लेखन और कार्य में सहायक सिद्ध होगी।यह आयोजन एक ओर जहां समाज को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का माध्यम बना, वहीं दूसरी ओर न्याय के स्तंभ अधिवक्ताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक मंच भी साबित हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान,अखिलेश जायसवाल,अध्यक्ष ,सेंट्रल बार एसोसिएशन,रमेश प्रसाद तिवारी, अध्यक्ष लखनऊ बार एसोसिएशन,ब्रज भान सिंह भानु ,महामंत्री लखनऊ बार एसोसिएशन,डॉक्टर प्रवीण ,सुनील वर्मा एडवोकेट सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# भारत का स्ट्राइक मोडः ब्रह्मोस ने जो कहा, दुनिया ने सुन लिया

**[ ब्रह्मोस कॉम्बैट लॉन्चः शक्ति नहीं, भविष्य की परिभाषा ]**

**[ लांच नहीं, संदेश थाः भारत अब शर्तें तय करने वाली शक्ति है ]**




बंगाल की खाड़ी की उस सुबह में एक अनोखी खामोशी पसरी थी, मानो प्रकृति किसी अदृश्य दैत्य-शक्ति के उद्भव से पहले ठहर गई हो। और फिर अचानक एक दहकती गर्जना ने आसमान को वैसे चीर डाला, मानो किसी अदृश्य महाशक्ति ने अपने अटल संकल्प को सीधे नभ की देह पर तराश दिया हो। यह कोई सामान्य मिसाइल परीक्षण नहीं था; यह भारत का 21वीं सदी की सामरिक राजनीति में अडिग, निर्भीक ऐलान था–भारत अब परिस्थितियों का शिकार नहीं, बल्कि परिस्थितियों की दिशा तय करने वाली शक्ति है। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल का यह कॉम्बैट लॉन्च केवल तकनीक का प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारत की सामरिक चेतना का सजीव, जलता हुआ प्रमाण था। इसने शत्रुओं को साफ चेताया कि भारत की सीमा-सुरक्षा को चुनौती देना अब किसी भी कीमत पर सुरक्षित दांव नहीं। साथ ही, इसने मित्र राष्ट्रों को आश्वस्त किया कि हिंद महासागर का सामरिक संतुलन अब निर्णायक रूप से भारत की दृढ़ पकड़ में सुरक्षित है। यह लॉन्च केवल शक्ति का इज़हार नहीं, शक्ति की भाषा को नए सिरे से लिख देने वाला क्षण था। 1 दिसंबर 2025 को भारतीय सेना की साउदर्न कमांड की ब्रह्मोस यूनिट ने एंडमान और निकोबार कमांड के सहयोग से जो परीक्षण किया, वह मात्र तकनीकी सफलता नहीं था–यह रणनीतिक दूरदर्शिता, मनोवैज्ञानिक बढ़त और आत्मनिर्भर रक्षा क्षमता का एक ऐसा संगम था जिसे अनदेखा करना किसी भी राष्ट्र के लिए असंभव है। ब्रह्मोस ने 2.8 मैक की दहकती रफ्तार से आकाश को चीरते हुए 290 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्य को इतनी नपे-तुले प्रहार-निपुणता से खत्म किया कि मानो लक्ष्य अस्तित्व में था ही नहीं। इसी एक पल ने दुनिया को साफ़ कर दिया कि भारत की स्ट्राइक क्षमता अब केवल सक्षम नहीं–बहुआयामी, परिपक्व, आक्रामक और हर क्षण युद्ध-सिद्ध है। जो कभी रूस के साथ 49:51 का संयुक्त प्रयास था, उसी मिसाइल का आज 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा–मुख्य सेंसर, सीकर, बूस्टर और कई महत्वपूर्ण सब-सिस्टम–पूरी तरह भारतीय हाथों की देन है, और स्वदेशी घटकों का हिस्सा तेज़ी से 85 प्रतिशत के स्तर की ओर बढ़ रहा है। यह मिसाइल सिर्फ़ तकनीक का ढांचा नहीं; यह 'आत्मनिर्भर भारत' की वह प्रगति है जो ज़मीन की सीमाओं से आगे बढ़कर सागरों, आकाश और आने वाले अंतरिक्षीय आयामों में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही है। ब्रह्मोस का यह तीव्र भारतीयकरण महज़ एक उपलब्धि नहीं–यह भारत के उभरते रक्षा-उद्योग की परिपक्वता का ठोस, अविचलित और वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य प्रमाण है। इस परीक्षण का सबसे प्रबल संदेश उसकी टाइमिंग में छिपा था। जब चीन दक्षिण चीन सागर से लेकर हिंद महासागर तक अपनी नौसैनिक सरगर्मियाँ तेज़ कर शक्ति-प्रदर्शन में जुटा है, जब पाकिस्तान सीमित हथियारों के सहारे क्षेत्रीय अस्थिरता को हवा देने की कोशिश में लगा है–ठीक उसी दौर में भारत का यह परीक्षण साफ घोषणा बनकर उभरा कि हिंद महासागर अब भारत की सामरिक सीमारेखा है, और इस क्षेत्र की स्थिरता पर अंतिम शब्द भारत का ही होगा। ब्रह्मोस का यह प्रहार किसी एक लक्ष्य का विनाश नहीं था; यह उस भ्रम का विध्वंस था जो भारत की शांति-प्रियता को भूलवश कमजोरी समझने की भूल करता रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ की टिप्पणी बिल्कुल सटीक थी–यह मात्र तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती शक्ति, आत्मनिर्भरता और निर्णायक तैयारी का ठोस प्रमाण है। ब्रह्मोस की वास्तविक ताकत उसकी गति से कहीं आगे है; उसकी असली शक्ति उस भय में है जो वह दुश्मन की योजना में पैदा करती है। कम ऊंचाई पर तीव्र गति से उड़ान भरने वाली यह मिसाइल न तो आसानी से रडार में आती है और न ही रोकी जा सकती है, इसकी गति से बचने का मतलब पहले से हार स्वीकार करना है। जब ऐसी घातक क्षमता वाली मिसाइल इस गति से मेक-इन-इंडिया रूप ले रही हो, तो उसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव दोगुना नहीं, कई गुना बढ़ जाता है। एंडमान और निकोबार आज केवल एक द्वीप-समूह नहीं, भारत की सामरिक ढाल का वह धारदार किनारा बन चुका है जिसे दुनिया अब 'एयरक्राफ्ट कैरियर किलर ज़ोन' के रूप में पहचानने लगी है। यहां से तैनात बढ़ी हुई रेंज वाली ब्रह्मोस (600+ किमी) मलक्का स्ट्रेट तक हर हलचल को अपनी निगरानी और नियंत्रण की सीमा में समेट लेती है–यानी हिंद-प्रशांत की धड़कन अब भारत की मुट्ठी में धड़कती है। इसी कारण इस परीक्षण के बाद क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन की दिशा पर विश्व की निगाहें एक बार फिर भारत पर आ टिकना स्वाभाविक था–क्योंकि संदेश बिल्कुल वहीं पहुँचा, जहाँ उसे पहुँचना चाहिए था। यह उपलब्धि केवल सेना की दक्षता का परिणाम नहीं, बल्कि डीआरडीओ, एचएएल, भारतीय निजी क्षेत्र और हजारों युवा वैज्ञानिकों की अनगिनत रातों की तपस्या का सार है। उन्होंने ब्रह्मोस को सिर्फ़ अधिक स्वदेशी नहीं बनाया, बल्कि उसे दुनिया की सबसे तेज़, सबसे भरोसेमंद और सबसे सटीक सुपरसोनिक स्ट्राइक मिसाइलों के शिखर पर स्थापित कर दिया। और अब भारत की नजरें अगले आयाम पर हैं–हाइपरसोनिक ब्रह्मोस। 2028 तक 7-8 मैक की रफ्तार और 1000+ किमी रेंज वाली इस मिसाइल का परीक्षण दुनिया को एक नई वास्तविकता से रूबरू करा देगाः भारत सिर्फ़ भविष्य की जंगों के लिए तैयार नहीं, बल्कि भविष्य की युद्ध-परिभाषा को पुनर्लेखित करने की राह पर अग्रसर है। जब कोई यह पूछे कि भारत ने पिछले दशक में रक्षा क्षेत्र में कैसी तरक्की की है, तो लंबे जवाबों की जरूरत ही नहीं। बस ब्रह्मोस की वह गूंज याद दिला दीजिए, जिसने उस सुबह समंदर और आसमान दोनों को हिला दिया था। कुछ संदेश शब्दों से नहीं, क्षमता के प्रदर्शन से समझ आते हैं। और ब्रह्मोस ने फिर वही भाषा बोली–तेज़ी, भरोसे, सटीकता और दृढ़ इच्छाशक्ति की भाषा। ऐसी भाषा, जिसे दुनिया सम्मान से सुनती है और जिसे देखकर विरोधी दो कदम पीछे हट जाते हैं।

**प्रो. आरके जैन**

# स्वाधीनता के संघर्ष, स्वाभिमान से उपजी भारत की एकता और अखंडता राष्ट्र सर्वोपरि

भारत की स्वतंत्रता अनगिनत बलिदानों, त्याग, तप और संघर्ष की अमूल्य विरासत है। लगभग आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद, जब विदेशी शासन की दासता से मुक्त होने के लिए लाखों भारतीयों ने अपने प्राणों की आहुति दी, तब जाकर हमें स्वतंत्रता का वह अमृत प्राप्त हुआ जिसे हम आज खुले आकाश के नीचे निरंतर सांस लेते हुए अनुभव करते हैं। यह स्वतंत्रता केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के स्वाभिमान, साहस और एकता की अनुपम साधना का परिणाम है। इसलिए यह हमारा पवित्र दायित्व है कि हम इस स्वतंत्रता को, इस अखंडता को और इस राष्ट्रीय आत्मा को अनंतकाल तक अक्षुण्ण बनाए रखें। राष्ट्र की एकता केवल संविधान के पन्नों या शासन की व्यवस्था से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि नागरिकों की चेतना, परस्पर सम्मान, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की अंतर्मन की प्रतिज्ञा से निर्मित होती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता का स्वरूप और अधिक मजबूत हुआ, परंतु आज दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक मंसूबों, स्वार्थपूर्ण उद्देश्यों और विचारधारात्मक विभाजन ने समाज में संप्रदाय, भाषा, जाति और क्षेत्र के नाम पर दरारें पैदा करने का प्रयास किया है। मंदिर-मस्जिद, गुरुद्वारा-चर्च, हिंदी-अंग्रेजी-उर्दू-पंजाबी-तेलुगु-असमी जैसे विवाद हमारे हृदय में ऐसे ही घाव हैं जो राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने का प्रयास करते हैं। वस्तुतः राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने के लिए हमें सांप्रदायिक विद्वेष, ईर्ष्या, भाषाई और सीमाई विवादों से ऊपर उठकर सामाजिक सौहार्द, मानवीय गरिमा और राष्ट्र की समग्रता को प्राथमिकता देनी होगी, तभी हम विकास की मुख्यधारा में सार्थक योगदान दे पाएंगे। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि 'भारत विश्व का एकमात्र राष्ट्र है जहाँ मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर और गुरुद्वारों का सहअस्तित्व सर्वधर्मसमभाव के अद्वितीय स्वरूप में विद्यमान है।' यह कथन भारत के आध्यात्मिक और सामाजिक चरित्र का आदर्श प्रतिबिंब है। परंतु वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति, सद्भावना और किसी भी राष्ट्र की अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा है। कभी अमेरिका, तो कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक राज्यों में आतंकवाद ने अपनी विभीषिका से भारी जनहानि और संपत्ति विनाश का अंधकार फैलाया है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्र की परंपरागत एकता और अखंडता को विखंडित करने का निरंतर प्रयास किया है। कुछ राजनीतिक शक्तियों ने वोट बैंक की राजनीति में उलझकर अलगाववाद और साम्प्रदायिकता का बीजारोपण किया है–कभी अल्पसंख्यकों के नाम पर विभाजन, कभी जाति और आरक्षण के नाम पर भ्रम और विद्वेष की स्थापना कर समाज को बांटने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास किया है। यह राजनीति का सबसे निंदनीय और चिंतनीय स्वरूप है, जिस पर राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है। वास्तविकता यह है कि सामान्य सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और अन्य सभी वर्ग अत्यंत सौहार्द, सद्भावना और भाईचारे में विश्वास रखते हैं। परंतु स्वार्थी तत्व इन संबंधों को तोड़कर समाज को संघर्ष और अविश्वास की आग में धकेल देते हैं। राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने की जिम्मेदारी मात्र राजनेताओं या प्रशासन पर नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक पर समान रूप से है। हमें यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि राष्ट्र सर्वोपरि है–धर्म, जाति, भाषा, प्रदेश या दल से बढ़कर। यदि हम इतिहास के पन्नों को देखें तो अनेक आक्रमणों, विदेशी शासन और सांस्कृतिक संघर्षों के पश्चात भी भारत की मूल अस्मिता बार-बार सशक्त होकर उभरी है। यहाँ अनेकों जातियाँ और समुदाय आए, उन्होंने अपनी परंपराएँ, भाषाएँ और संस्कृति साथ लाई, पर समय के साथ वे भारत की मुख्य धारा में समाहित होकर इसी मिट्टी का अभिन्न अंग बन गये। यही भारत की सांस्कृतिक एकरूपता का वैश्विक चमत्कार है, जिसकी शक्ति आज भी अक्षुण्ण है। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपने कर्म, विचार और संकल्प से भारत की अखंडता, स्वतंत्रता और गौरव को विश्व पटल पर और अधिक सुदृढ़ स्थापित करें। राष्ट्र की सुरक्षा और समृद्धि तभी संभव है जब संचार माध्यम, मीडिया, साहित्यकार, कलाकार, युवा शक्ति और प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक अपने दायित्व को समझते हुए देश को सर्वोपरि रखें और विघटनकारी शक्तियों के विरुद्ध एकजुट होकर खड़े हों। इतिहास गवाह है कि जब भी भारत एकता के सूत्र में बंधा, वह विश्व में शक्ति बनकर उभरा; और जब भी विभाजित हुआ, वह कमजोर और असहाय सिद्ध हुआ।

अतः यह हमारा पुनीत कर्तव्य है कि हम अपने राष्ट्र की अस्मिता को किसी भी मूल्य पर खंडित न होने दें। हम सबको आज उसी भावना से उठना होगा, जिससे- 'भारत केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, वह हमारी आत्मा है, हमारी संस्कृति है, हमारा गौरव है। 'आइए आज संकल्प लें–हम एक राष्ट्र, एक ध्वज, एक पहचान और एक संकल्प के साथ भारत की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता को अनंत काल तक बनाए रखेंगे। राष्ट्र सर्वोपरि–हम सबका प्रथम धर्म।

**संजीव ठाकुर**

# वॉटर, वॉर और वीरताः नौसेना दिवस की कहानी

**[ नीला आकाश, नीला समंदर, और सफेद वर्दी का जज़्बा ]**

**[ सफेद वर्दी, लाल-जज़्बाः समुद्र की ओर भारत का गर्व ]**

जब समुद्र की लहरें तेज़ी से उठती हैं और युद्धपोतों की गड़गड़ाहट आसमान तक गूँजती है, तब पूरा भारत गर्व से भर उठता है–यही है नौसेना दिवस की सच्ची शक्ति। 4 दिसंबर का यह खास दिन वह पल है जब देश अपने समुद्री वीरों को दिल से सलाम करता है। यह कोई साधारण तारीख नहीं, बल्कि 1971 के भारत-पाक युद्ध की वह यादगार रात है जब भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह पर ऐसा वार किया कि दुश्मन संभल ही नहीं पाया। ऑपरेशन ट्राइडेंट, जिसका नाम सुनते ही रोमांच दौड़ जाए। पहली बार किसी एशियाई देश ने एंटी-शिप मिसाइलों का इस्तेमाल किया, चार पाकिस्तानी जहाज़ डूब गए, कराची का बंदरगाह जल उठा और उनकी नौसेना बिखरकर रह गई। यह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि समुद्री युद्ध के इतिहास में लिखा गया एक चमकता हुआ अध्याय था। तभी से 4 दिसंबर भारतीय नौसेना दिवस के रूप में पूरे देश में गर्व के साथ मनाया जाता है। लेकिन यह दिन सिर्फ इतिहास की वीरगाथा नहीं सुनाता, यह वर्तमान की ताकत और भविष्य की तैयारी का भी प्रमाण है। भारतीय नौसेना आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे सक्षम नौसेनाओं में शुमार है। 67000 से ज्यादा जांबाज़ सैनिक, 150 से अधिक युद्धपोत, 250 से भी अधिक विमान और पनडुब्बियाँ–ये सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि हिंद महासागर में भारत की संप्रभुता का दस्तावेज़ है। आईएनएस विक्रांत - देश का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत - जब समुद्र में उतरा, तब पूरी दुनिया ने देखा कि भारत अब सिर्फ खरीदार नहीं, बल्कि खुद अपनी शक्ति गढ़ने वाला राष्ट्र है। वहीं आईएनएस अरिहंत ने जब परमाणु त्रिशूल पूरा किया, तो बड़े-बड़े देश भी भारत की क्षमता के आगे गंभीर हो गए। बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस यह पनडुब्बी दुश्मन के लिए साफ संदेश है–भारत की ओर आँख उठाई, तो कीमत भी चुकानी पड़ेगी और जवाब भी ऐसा मिलेगा कि याद रखना मुश्किल हो जाएगा। हिंद महासागर में भारतीय नौसेना आज सिर्फ रक्षक नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का संतुलन संभालने वाली शक्ति है। मालदीव संकट में जब ऑपरेशन कैक्टस चला, श्रीलंका में आईपीकेएफ के दौरान जब नौसेना ने मानवीय मदद पहुँचाई, सुनामी की तबाही में जब हजारों जानें बचाई, और हाल ही में ऑपरेशन राहत व ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब युद्धग्रस्त देशों से भारतीयों को सुरक्षित घर लाया गया–हर बार नौसेना ने साबित किया कि उसकी ज़िम्मेदारी केवल समुद्र की सुरक्षा तक सीमित नहीं है।

उसकी पहुँच वहाँ तक है, जहाँ तक भारत का एक भी नागरिक मौजूद है–चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो। आज जब चीन अपनी 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति से हिंद महासागर में घेरा कसने की कोशिश कर रहा है, भारतीय नौसेना बिल्कुल शांत बैठने वाली नहीं है। क्वाड का मजबूत सदस्य बनकर, मालाबार अभ्यास में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ कदम मिलाकर, फ्रांस के साथ वरुण अभ्यास में अपनी क्षमता दिखाकर, और रूस के साथ इंड्रा नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेकर भारत ने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है–हिंद महासागर में दबाव, धमकी या दादागिरी नहीं चलेगी। आईएनएस विक्रमादित्य, आईएनएस चक्र, ब्रह्मोस से लैस स्टील्थ फ्रिगेट्स और पी-8आई पोसाइडन विमान सिर्फ हथियार नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और समुद्री शक्ति के चमकते प्रतीक हैं। लेकिन नौसेना की सच्ची शक्ति उसके लोहे के जहाज़ों में नहीं, बल्कि उन सफेद वर्दी वाले वीरों में बसती है। वे ही हैं जो महीनों अपने परिवार से दूर रहते हैं; जब तूफान जहाज़ को झकझोरता है, नीचे अथाह समुद्र और ऊपर दुश्मन की नज़र होती है–फिर भी उनके चेहरे पर मुस्कान रहती है। वे समुद्र की गोद में रातें काटते हैं, ताकि करोड़ों भारतीय चैन से सो सकें। उनकी आँखों में गहराई है, दिल में देशभक्ति की गर्मी और हाथों में अजेय साहस। और उनके पीछे खड़ी होती हैं वे माएँ जो बेटे के जहाज़ पर चढ़ते ही आशीर्वाद देती हैं, वे पत्नियाँ जो हर तूफान में प्रार्थना करती हैं, वे बच्चे जो दिन गिनते रहते हैं–यही मौन शक्ति नौसेना को अपराजेय बनाती है। हर साल नौसेना दिवस पर जब गेटवे ऑफ इंडिया के सामने जहाज़ सलामी देते हैं, जब मिग-29के आसमान को चीरते हुए दहाड़ते हैं, जब काले परिधान में मार्कोस कमांडो अपने रोमांचक करतब दिखाते हैं–तब हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। पर यह गर्व सिर्फ उस पल तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि यह नीली सीमा हमें यूँ ही नहीं मिली; इसे वीरों ने अपने जीवन से सुरक्षित किया है। कैप्टन महेंद्र नाथ मुल्ला, जिन्होंने आईएनएस खुकरी के डूबते समय जहाज़ के साथ समुद्र में समा जाना चुना, सिखाते हैं कि वर्दी से ऊपर कुछ भी नहीं। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिश सिंह मुन्नो ने दुश्मन की पनडुब्बी को ध्वस्त कर दुनिया को दिखा दिया कि भारतीय वीरों की नसों में डर नहीं–दृढ़ता बहती है। 4 दिसंबर वह दिन है जब राष्ट्र अपने समुद्री क्षितिज को देख कर खुद से एक वादा करता है कि भारतीय नौसेना को हम और भी अजेय, और भी अतुल्य बनाएँगे। यह केवल जश्न मनाने का अवसर नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का पल है। हम स्वदेशी जहाज़ों और हथियारों की शक्ति से वह आधार रचेंगे, जिस पर एक दिन दुनिया की सबसे मजबूत नौसेना का ध्वज गर्व से लहराएगा। यह दिन हमें याद दिलाता है कि समुद्र महज़ जलराशि नहीं–यह भारत की साँस, भारत की गति, भारत की जीवनरेखा है। हमारे 90 प्रतिशत से अधिक व्यापार का मार्ग इसी नीले विस्तार से होकर गुजरता है।

यदि यह मार्ग बाधित हुआ, तो न केवल हमारी सुरक्षा, बल्कि हमारी सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था ठहर जाएगी। इसलिए नौसेना की ताकत देश की सीमाओं की रखवाली ही नहीं करती, बल्कि हर नागरिक की समृद्धि की रक्षा भी करती है। और इसी वजह से, इस नौसेना दिवस पर हमें केवल ताली बजाकर आगे नहीं बढ़ जाना चाहिए। हमें अपने बच्चों को उन जांबाज़ों की गाथाएँ सुनानी चाहिए, जिनकी सफेद वर्दी में भारत का गर्व, साहस और स्वाभिमान चमकता है। उन्हें समझाना चाहिए कि यह वर्दी सिर्फ कर्तव्य का वस्त्र नहीं–यह राष्ट्र की प्रतिष्ठा का प्रतीक है। उन्हें प्रेरित करना चाहिए कि वे भी एक दिन इस अथाह नीले प्रहरी का हिस्सा बनें। क्योंकि जब तक यह सफेद वर्दी समुद्र की लहरों पर शान से दमकती रहेगी, तब तक भारत की आन, बान और शान सुरक्षित, सशक्त और अडिग रहेगी। जय हिंद। जय भारतीय नौसेना।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## भारतीय नौसेना दिवस : समुद्री सीमाओं के प्रहरी



हर वर्ष 4 दिसंबर को भारत में नौसेना दिवस मनाया जाता है, और यह अवसर केवल एक औपचारिक उत्सव भर नहीं, बल्कि उन गहराइयों तक झांकने का निमंत्रण भी है जहाँ भारतीय नौसेना के जवान और अधिकारी अपने अदृश्य संघर्षों के साथ देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हैं। स्थलीय सेनाओं का पराक्रम अक्सर हमारे सामने दृश्य रूप में उपस्थित रहता है, पर समुद्र के अनंत विस्तार में चौकसी करते नाविकों की कहानी प्रायः अनसुनी रह जाती है। नौसेना दिवस हमें उसी मौन पराक्रम की याद दिलाता है, जो बिना शोर किए, बिना रोशनी की मांग किए, राष्ट्र की संप्रभुता का कवच बनकर खड़ा है। 4 दिसंबर की तारीख भारतीय सैन्य इतिहास में विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह 1971 के भारत-पाक युद्ध की उस निर्णायक रात की स्मृति है, जब भारतीय नौसेना ने दुनिया को चौंका देने वाला पराक्रम दिखाया। 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' के नाम से प्रसिद्ध यह हमला केवल सामरिक कुशलता का उदाहरण नहीं था, बल्कि यह इस बात का प्रमाण भी था कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ निश्चय और योजनाबद्ध युद्धक चातुर्य के बल पर बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना किया जा सकता है। मिसाइल बोटों से सुसज्जित भारतीय नौसैनिकों ने कराची बंदरगाह पर ऐसा प्रहार किया कि पाकिस्तान की समुद्री युद्ध क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई, कई जहाज नष्ट हुए, और भारतीय पक्ष को एक भी जहाज के नुकसान का सामना नहीं करना पड़ा। विश्व के युद्ध इतिहास में इतनी स्वच्छ, सटीक और प्रभावी नौसैनिक कार्रवाई के उदाहरण विरले ही मिलते हैं। इसी गौरव के कारण 4 दिसंबर को नौसेना दिवस चुना गया ताकि देश यह न भूले कि समुद्र की लहरों पर भी भारत का शौर्य उतना ही प्रखर है जितना भूमि सीमाओं पर। भारतीय नौसेना केवल युद्धकाल में ही नहीं, शांति के समय भी राष्ट्र के लिए अनिवार्य भूमिका निभाती है। भारत की समुद्री सीमा हजारों किलोमीटर तक फैली है और इसके साथ विशाल आर्थिक क्षेत्र भी जुड़ा है, जिसकी सुरक्षा सीधे-सीधे आर्थिक स्थिरता से संबंध रखती है। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग हिंद महासागर से होकर गुजरते हैं–तेल, गैस, खाद्यान्न, और असंख्य प्रकार की आवश्यक वस्तुएँ इसी जलमार्ग के सहारे भारत तक पहुँचती हैं। इन मार्गों की सुरक्षा बनाए रखने का भार नौसेना के कंधों पर है, और समुद्री डकैती, तस्करी तथा गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में उसकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। हर वर्ष नौसैनिक युद्धपोत हजारों किलोमीटर की समुद्री गश्त करते हैं और अनेक ऐसी घटनाओं को रोकते हैं जो समाचारों तक भी नहीं पहुँचतीं, लेकिन देश की सुरक्षा को स्थिर बनाए रखने में निर्णायक साबित होती हैं। मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन भी नौसेना की पहचान का अभिन्न हिस्सा है। सुनामी हो, चक्रवात या किसी जहाज़ दुर्घटना की विकट रात–भारतीय नौसेना हमेशा अग्रिम पंक्ति में दिखाई देती है। अपने पड़ोसी देशों जैसे श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार और मोज़ाम्बिक में भी जब-जब संकट आया, भारतीय नौसेना ने बिना किसी राजनीतिक लाभ की अपेक्षा के, मानवता के आधार पर सहायता पहुँचाई। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में भारत को 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' कहा जाने लगा है–एक ऐसा देश जिसका समुद्री प्रभाव भय पर नहीं, बल्कि भरोसे पर आधारित है। आज नौसेना दिवस के संदर्भ में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन यह है कि भारतीय नौसेना तेज़ी से स्वदेशीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है। आईएनएस विक्रांत–पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत–राष्ट्र की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक है। आधुनिक विध्वंसक, फ्रिगेट, पनडुब्बियाँ और गश्ती जहाज भारतीय शिपयार्ड में बन रहे हैं, और डिज़ाइन से निर्माण तक, भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की भूमिका पहले से कहीं अधिक निर्णायक है। यह केवल सुरक्षा का प्रश्न नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास, तकनीकी नवाचार और राष्ट्रीय आत्मगौरव का भी प्रतीक है। जब कोई युवा किसी स्वदेशी युद्धपोत को देखता है, तो उसके सामने केवल एक जहाज नहीं, बल्कि देश के परिश्रम, बुद्धि और जिजीविषा की साकार तस्वीर खड़ी होती है। नौसेना दिवस मनाते समय उन सैनिकों के निजी संघर्षों को भी समझना जरूरी है जो समुद्र में महीनों तक तैनात रहते हैं। अनिश्चित मौसम, तूफानी लहरें, सीमित जगह और निरंतर तकनीकी सतर्कता के बीच उनका हर दिन एक चुनौती होता है। वे जिन जहाजों या पनडुब्बियों पर रहते हैं, वे अपने आप में एक चलती-फिरती दुनिया होती हैं, जहाँ अनुशासन और टीमवर्क ही जीवन का आधार है। इन वीरों के परिवार भी एक विशेष प्रकार की सीमा पर तैनात रहते हैं–इंतज़ार की सीमा पर। उनका धैर्य, उनका साहस और उनका मौन त्याग भी उतना ही सम्माननीय है जितना किसी सैनिक की वर्दी। ऐसे समय में नौसेना दिवस का सामाजिक संदेश और भी व्यापक हो जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि समुद्री सुरक्षा केवल नौसेना या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा होनी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में इस विषय पर अधिक संवाद हो, ताकि युवा समझ सकें कि नौसेना केवल युद्ध का माध्यम नहीं, बल्कि तकनीकी, वैज्ञानिक और रणनीतिक करियर की एक रोमांचक और प्रतिष्ठित राह भी है। भारत सदियों से समुद्री सभ्यता, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र रहा है; आज जब देश इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक उभरती शक्ति के रूप में देखा जा रहा है, समुद्री कूटनीति और सामरिक साझेदारी पहले से अधिक महत्व रखती है। अंततः नौसेना दिवस तीन शब्दों का उत्सव है–आभार, गर्व और संकल्प। आभार उन वीरों के प्रति जो समंदर की अनिश्चितता से जूझते हुए हमारी सुरक्षा को सुनिश्चित करते हैं; गर्व इस पर कि भारतीय नौसेना आज विश्व की प्रमुख नौसेनाओं में शुमार है; और संकल्प इस बात का कि एक नागरिक के रूप में हम समुद्री शक्ति के महत्व को समझें, आत्मनिर्भर भारत के सपने को मजबूती दें, और समुद्र को केवल संसाधन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में देखें। 4 दिसंबर की शुभकामनाएँ देते समय यह स्मृति अवश्य रहे कि यह दिवस उन अदृश्य प्रहरियों का सम्मान है, जो चौबीसों घंटे हमारे लिए लहरों से संवाद करते रहते हैं।

**महेन्द्र तिवारी**

# एसआइआर के साथ बीएलओ की जीवन सुरक्षा भी जरूरी

देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम यानी एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई है। पहले निर्वाचन आयोग ने इसके लिए अंतिम तारीख 4 दिसम्बर रखी थी, लेकिन अब 11 दिसम्बर तक प्रक्रिया चलेगी। आयोग ने रविवार 30 नवंबर को तीन-पेज के आदेश में यह घोषणा की है। संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक अब गणना अवधि 4 दिसम्बर की बजाय 11 दिसम्बर को समाप्त होगी। मसौदा सूची का प्रकाशन 9 की जगह 16 दिसम्बर को होगा और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा।देश भर में एसआइआर के काम में लगे करीब तीस सरकारी कर्मचारी काम के कथित दबाव में अपनी जान गंवा चुके हैं। उत्तर प्रदेश के संभल में सोमवार को सहायक बीएलओ की सोते-सोते मौत हो गई। इससे पहले 30 नवंबर को मुरादाबाद में एसआइआर काम में लगे टीचर ने सुसाइड कर लिया था। राज्य में अब तक 8 कर्मचारियों की जान जा चुकी है। 3 ने सुसाइड, 3 की हार्ट अटैक से और एक की ब्रेन हेमरेज से मौत हुई थी। सात राज्यों में अब तक 29 बीएलओ की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 9 बीएलओ की जान गई है। वहीं एसआइआर के विरोध में सोमवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी के ऑफिस के बाहर बीएलओ अधिकार रक्षा कमेटी के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि विपक्ष शुरु से इस सवाल को उठा रहा है कि एसआईआर करवाने की इतनी हड़बड़ी क्यों है। अगर आयोग ने इसे पूरे देश में करवाने का फैसला लिया भी है तो इसके लिए पर्याप्त मानव संसाधन, प्रशिक्षण और वक्त लिया जाना चाहिए। चंद दिनों में इतनी गहन प्रक्रिया को यूं निपटाया नहीं जा सकता। विपक्ष की यह आपत्ति तब और महत्वपूर्ण हो गई जब बूथ स्तर के अधिकारियों पर अत्यधिक दबाव के कारण यह प्रक्रिया जानलेवा तक बन गई। बीएलओ को कम समय में घर-घर जाकर इस बड़े काम को पूरा करने के लिए भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है, यह कटु सत्य है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से बीएलओ द्वारा आत्महत्या से मौतें भी सामने आई हैं। आपको बता दें कि ज्यादातर बीएलओ स्कूल शिक्षक या सरकारी कर्मचारी हैं। एक बीएलओ को औसतन हजार से बारह सौ मतदाताओं तक पहुंचना पड़ रहा है। घर-घर जाकर फॉर्म बांटना, इकट्ठा करना और फिर उनका रिकार्ड करना कड़ी और लंबी प्रक्रिया है, जिसे पूरा करते-करते बीएलओ का दैनंदिन जीवन प्रभावित हो रहा है। बहुत से बीएलओ इस वजह से बीमार पड़ चुके हैं, किसी-किसी की मौत पर उनके परिजनों ने एसआईआर के दबाव को ही जिम्मेदार ठहराया है। कई जगहों पर आरोप है कि लक्ष्य पूरा न करने पर बीएलओ को नौकरी से निकालने, वेतन काटने या प्राथमिकी दर्ज करने की धमकियां भी मिली हैं। बंगाल में खुदकुशी करने वाली बीएलओ रिंकू तरफदार ने लिखा था कि उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण नहीं मिला। पुरानी वेबसाइट से डेटा नहीं मिला। ऑनलाइन फॉर्म जटिल प्रक्रिया है। ऐसे कुछ और प्रकरण भी सामने आए हैं। इन वजहों से प. बंगाल में तो चुनाव आयुक्त कार्यालय के बाहर धरना देने तक की नौबत आ गई। विपक्ष का कहना है कि 2003 में भी एसआईआर हुआ था, लेकिन तब ऐसी कोई घटना नहीं हुई। अब हो रही है, तो जाहिर है व्यवस्था में कोई खामी है। विपक्ष लगातार इसे टालने या ज्यादा समय की मांग कर रहा था। अब इस पर चुनाव आयोग ने एक सप्ताह बढ़ाया है। आयोग ने समय सीमा बढ़ने का बचाव करते हुए कहा कि यह विस्तार चुनाव अधिकारियों को मतदाताओं की मसौदा सूची प्रकाशित करने के लिए अतिरिक्त समय देने के लिए किया गया है। एक सप्ताह बढ़ना पर्याप्त नहीं है। कम से कम 3 से 5 महीने बढ़ाकर इत्मीनान से काम किया जाता तो शायद ऐसी पुख्ता मतदाता सूची तैयार होती, जिसमें गड़बड़ी की गुंजाइश नाममात्र की बचती। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप इन 12 राज्यों में एसआईआर हो रही है। जिसमें 51 करोड़ मतदाताओं के नामों, पतों, उम्र आदि की जांच हो रही है। यानी इस समय 51 करोड़ मतदाताओं का हक एसआईआर पर टिका है। किसी लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष होनी चाहिए साथ ही मतदाताओं की विश्वसनीयता भी उतनी जरूरी है ताकि वाजिब वोट ही चुनाव प्रक्रिया ने निर्णायक भूमिका निभाए। इसी आलोक में नौ राज्यों व तीन केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल तार्किक समाधान मांगते हैं। इस प्रक्रिया में तुरत-फुरत की कार्यनीति के पलते कई राज्यों में अफरा-तफरी का आलम नजर आता है। जिसका दबाव जमीनी स्तर पर इस प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों पर पड़ रहा है। कई बूथ स्तरीय अधिकारी यानी बीएलओ बेहद तनाव में नजर आ रहे है। इनका कार्य मतदाता सूचियों को अपडेट करना है। पश्चिम बंगाल और कई अन्य राज्यो में कम समय में अधिक काम के दबाव के चलते कुछ बीएलओ के मरने व आत्महत्या करने के मामले सामने आए है। आरोप है कि उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ही नहीं बल्कि सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों द्वारा भी उन्हें परेशान किए जाने का आरोप है। हालाकि, इस अव्यवस्था के पलते ही पुनाव आयोग ने अब एसआईआर के कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए और बढ़ा दिया है। लेकिन कहना कठिन है कि इस कदम से बीएलओ का तनाव कम करने या विभिन हितधारकों की आशंकाओं को दूर करने में कोई खास मदद मिल सकेगी। कहा जा रहा है कि एक माह पहले शुरू हुई राष्ट्रव्यापी एसआईआर प्रक्रिया में कई तरह की बाधाएं आ रही है। इस प्रक्रिया में करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल है, जो तकरीबन भारतीय आबादी का एक-तिहाई से भी ज्यादा है। उनकी शिनाख्त से जुड़ी जानकारी को एक निश्चित समय सीमा में प्रमाणित कर पाना आसान नहीं है। कहा जा रहा है कि निर्धारित समय-सीमा व्यावहारिक नहीं है। तीन महीने की अवधि में गणना प्रपत्रों का वितरण, उसके बाद मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन और फिर अंतिम मतदाता सूपी जारी करना आसान काम नहीं है। बहुत तेजी से काम को अंजाम देने का जिम्मा अधिकारियों पर अतिरिक्त दबाव बना रहा है। निस्संदेह, स्वतंत्र-निष्पक्ष पुनावों हेतु मतदाता सूचियों का शुद्धीकरण एक अनिवार्य शर्त है। लेकिन महत्वपूर्ण काम को जल्दबाजी में नहीं किया जाना पाहिए। मतदाता को यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त समय मिले ताकि उनके नाम सूची में सही ढंग से दर्ज हो सकें। यही बात बीएलओ के लिए भी लागू होती है, ताकि वे अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहराव वाले मतदाताओं का डेटा संकलित करने के लिए बूथ-स्तरीय एजेंटो के साथ मिलकर सुचारू रूप से काम कर सकें। चुनाव आयोग का कहना है कि एसआईआर का उद्देश्य 'कोई योग्य मतदाता बाहर न रहे और कोई अयोग्य नाम न रहे' सुनिश्चित करना है। लेकिन विपक्षी दल इसे 'वोट चोरी' का हथियार मानते हैं। बिहार चुनाव के बाद ये आरोप और तेज हो चुके हैं। बिहार चुनाव से पहले ही एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। लेकिन बिहार चुनाव हो भी गए और सुप्रीम कोर्ट ने कोई अंतिम फैसला नहीं सुनाया। अब अगले चुनाव पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम हैं। और सुप्रीम कोर्ट में बस सुनवाई ही चल रही है। इस बीच महाराष्ट्र में नगरीय निकाय चुनाव से पहले पता चला है कि मुंबई में करीब 11 लाख मतदाता डुप्लीकेट हैं। ये आंकड़े राज्य चुनाव आयोग से ही मिले हैं। जो कुल मतदाताओं का करीब 10.64 प्रतिशत हिस्सा माने जा रहे हैं। चुनावों में फर्जी मतदाताओं की वजह से विधानसभा चुनावों में महाविकास अघाड़ी की हार हुई, यह कारण भी विपक्ष ने गिनाया। फिलहाल महाराष्ट्र में तो एसआईआर नहीं हो रहा है, लेकिन चुनाव आयोग को इस सवाल का जवाब देना चाहिए कि लोकसभा चुनावों से पहले एसआईआर क्यों नहीं करवाया गया। बहरहाल हमारा सुझाव है कि एसआइआर जितना जरूरी है उतना ही जरूरी इस काम में तैनात सरकारी कर्मचारियों की जिंदगी भी है। सरकार को इस काम में लगे कर्मियों को काउंसलिंग करा कर उनके तनाव को कम करना चाहिये जीवन की प्रथमिकता बनी रहनी चाहिए तमाम सुसाइड व मौत के मामलों की जांच कर आश्रितों को राहत भी देना चाहिए।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## सतत विकास का माध्यम है निरीक्षण योजना : डॉ. रामनाथ

**देवरिया।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर, देवरिया खास में विद्या भारती की वार्षिक तीन दिवसीय निरीक्षण योजना का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. रामनाथ गुप्ता, राजेश सिंह तथा प्रधानाचार्य द्वय सुधा त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अपने संबोधन में डॉ. गुप्ता ने कहा कि निरीक्षण और आत्म-निरीक्षण संस्थान के सतत विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने पंचपदीय पद्धति और नई शिक्षा नीति के समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि इससे बाल केंद्रित शिक्षा और प्रभावी बनती है। निरीक्षण टोली में शिवेंद्र मिश्र, धर्मेंद्र यादव, रवि तिवारी और संजय श्रीवास्तव शामिल रहे। विद्यालय परिवार ने अतिथियों को श्रीफल, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य अखिलेश दीक्षित, देवेंद्र प्रजापति, डॉ. अक्षयवर त्रिपाठी, अशोक यादव, कमलेश मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न

**देवरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक बुधवार को टाउन हॉल स्थित जिला पार्टी कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने की। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव आयोग द्वारा लागू किए गए एसआईआर अभियान पर विस्तृत चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिया कि फॉर्म-6 और फॉर्म-7 के उपयोग में पूरी सतर्कता बरती जाए, ताकि वास्तविक वोटर सूची से न कटें और फर्जी मतदाता बढ़ने न पाएँ। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर पर सतत निगरानी रखकर सही मतदाता सूची सुनिश्चित करें। बैठक में सुनील तिवारी, अरविन्द शाही, भरत मणि त्रिपाठी, जयप्रकाश धनगर, अब्दुल जब्बार, दीनदयाल यादव, संजीव कुमार मिश्रा, मार्कण्डेय मिश्रा, शिव शंकर सिंह, आलोक त्रिपाठी राजन, राकेश तिवारी, शहनाज जफर, रीता देवी, मनोज मणि, रजनीश प्रसाद, विनोद कुमार दुबे, पन्नालाल पाठक, सोहन मिश्रा, मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, सुनील द्विवेदी, रमेश कुशवाहा, गिरिजेश सिंह, अबुल हसन, धर्मवीर भारती, चंदू वर्मा, त्रिलोकी नाथ तिवारी, सत्यप्रकाश मणि, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, बद्री दुबे, उत्तेज मिश्रा, जुलेखा खातून सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर सहयोग का संकल्प



**देवरिया।** विश्व दिव्यांग दिवस पर राष्ट्रीय दिव्यांग एकता मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने दिव्यांगजन से संवाद किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं और उनके अधिकारों की रक्षा सभी की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा दिव्यांगजन कल्याण से जुड़ी कई योजनाएं संचालित हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी मौजूद रहीं।

## सीएमओ ने टीका उत्सव का किया शुभारम्भ



**देवरिया।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने न्यू पीएचसी सोमनाथ से टीका उत्सव का शुभारम्भ किया। 31 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। सीएमओ ने कहा कि सभी लोग टीकाकरण में सहयोग दें और छूटे बच्चों को चिन्हित कर उनके अभिभावकों को प्रेरित करें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिन्हा ने बताया कि आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विशेष सूची बनाकर बुलावा पर्ची के माध्यम से बच्चों को सत्र स्थल पर पहुंचाएंगी।

# पी.ए.सी ग्राउन्ड गोण्डा में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**●दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 120 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल एवं विभिन्न उपकरणों का किया गया वितरण अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर प्रतिभागी बच्चों के लिए कई सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का किया गया**

**●आयोजन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जिलाधिकारी ने मेडल पहनाकर किया सम्मानित**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोण्डा।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जनपद गोण्डा के पी.ए.सी. ग्राउन्ड में बेसिक शिक्षा विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, प्रोत्साहन तथा समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगजन एवं दिव्यांग बच्चों ने बड़ी उत्साहपूर्ण सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि दिव्यांगजन समाज की शक्ति हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शासन एवं प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए।कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 120 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल एवं विभिन्न उपकरणों का वितरण किया गया। यह वितरण विशेष अभियान के अंतर्गत किया गया जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को अधिक आत्मनिर्भर और गतिशील बनाना है। प्राप्तकर्ताओं के चेहरों पर प्रसन्नता साफ झलक रही थी, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा। इसके अतिरिक्त बच्चों तथा प्रतिभागियों के लिए कई सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें दौड़, रस्साकसी, कुर्सी दौड़, शब्द-भेदी लक्ष्य, कबड्डी, मटकी फोड़ आदि प्रमुख रहे। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने



वाले बच्चों को जिलाधिकारी महोदया द्वारा मेडल, प्रमाणपत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिताओं ने न केवल बच्चों प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, शिक्षक संघ के पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विश्व दिव्यांगता दिवस पर दिव्यांगों के पुनर्वासन से संबंधित सामाजिक, शैक्षणिक, विधिक व चिकित्सीय विषयों पर हुई कार्यशाला

**●जनप्रतिनिधियों के हाथों सहायक उपकरण पाकर दिव्यांजनों के खिले चेहरे वक्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया सम्मानित**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद में विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में विकास भवन परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों के पुनर्वासन से संबंधित सामाजिक, शैक्षणिक, विधिक व चिकित्सीय आदि विषयों पर जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किये गए। राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन ने कहा कि आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर इस विराट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिससे जनपद के दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध हो सकें। इस शिविर के माध्यम से जनपद के अनेक दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए विश्व दिव्यांगता दिवस की बधाई दी। सदर विधायक ने कहा कि जनपद के दिव्यांगजनों के लिए समय-समय पर विभाग द्वारा इस प्रकार के सहायक उपकरण वितरण कैम्पों का कराया जाता रहा है। आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सभी दिव्यगजनों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा किजिला स्तर पर गठित समिति द्वारा मंदबुद्धि दिव्यांगजनों के लिए अभिभावक नामित किये जाने का कार्य किया जाए और इसकी जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे ऐसे दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाएं व आर्थिक निर्णय लेने में कोई समस्या उत्पन्न न हो। कार्यक्रम का शुभारंभ व दीप प्रज्वलन के उपरांत राष्ट्रगान एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए किया गया। वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। माननीयों द्वारा वक्ताओं को स्मृति चिन्ह व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर द्वारा अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। विख्याताओं के रूप में डा0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वासन विश्वविद्यालय से प्रो0 डा0 सीताराम पाल, डा0 सुधा राव व डा0 महेश चौधरी एवं यूनाइटेड नेशन में दिव्यांगजनों की ओर से भारत का पक्ष रखने वाले एडवोकेट मनोज कुमार पांडेय, क्योर इंडिया फाउण्डेशन की प्रतिनिधि वुसी वर्गास एवं एवोल्यूशन फार हेल्थ केयर इंडिया के प्रतिनिधि दिलीप साहू उपस्थित रहें।

# अमर शहीद राजेन्द्र शुक्ल स्मृति – शहीद महोत्सव मेला 2025 की तैयारियां जोर पकड़ने लगीं

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महरौनी।** अमर शहीद राजेन्द्र शुक्ल की पावन स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला 'शहीद महोत्सव मेला 2025' इस वर्ष 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक नगर में भव्य रूप से मनाया जाएगा। शहीद पार्क एवं शहीद मंच (श्री च.भा.गु. इंटर कॉलेज रामलीला मैदान महरौनी) में आयोजित होने वाले इस महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। समिति पदाधिकारी तथा स्वयंसेवक दिन-रात अंतिम चरण की व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।

उद्घाटन दिवस 5 दिसंबर की सुबह स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जिसके बाद शहीद पार्क में शस्त्र सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) का आयोजन दोपहर 2 बजे किया जाएगा। शाम को शहीद मंच पर पूर्व सैनिक सम्मान एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

महोत्सव के दौरान बुन्देलखण्ड की लोक-संस्कृति, देशभक्ति और कला की झलक देखने को मिलेगी।

6 दिसंबर को पारम्परिक लोक एवं बुंदेलखंडी कलाओं की प्रस्तुति दी जाएगी।

7 दिसंबर को स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा

8 दिसंबर को आकर्षक संगीत नाइट (आर्केस्ट्रा) का आयोजन किया जाएगा।

9 दिसंबर को स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक संध्या तथा

10 दिसंबर को बुन्देली लोकगीत निशा (जय सिंह जादौन एवं समूह द्वारा) देर रात तक आयोजित होगी।

11 दिसंबर की प्रातः 5 बजे सर्वधर्म सभा के साथ समापन किया जाएगा।

महोत्सव की सफलता सुनिश्चित करने में स्मृति समारोह सद्भावना समिति महरौनी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान है। आयोजन में प्रमुख रूप से प्रदीप पाठक, ठाकुर धीरज सिंह सिकरवार, सूर्य प्रताप सिंह, राजेश श्रीवास्तव, कैलाश नारायण तिवारी (एड.), पवन पटैरिया, बृजेश नायक, पीयूष शुक्ला, जय हिन्द सिंघई, संजय भौड़ेले, बृजेश रिछारिया, दीपक तिवारी, मोना, अवधेश खरे, उमेश कुशवाहा, श्रीराम रैकवार, भरत कुशवाहा सहित अन्य सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है। समिति सदस्यों ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा महोत्सव की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

# महिला को प्रताड़ित कर बच्चे समेत घर से किया बेदखल दहेज में एक लाख रुपये नकद व मोटर साइकिल की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम गुरसौरा में रहने वाली कल्पना पुत्री काशीराम लोधी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पहले म.प्र. जिला शिवपुरी के थाना बामौरकलां अंतर्गत ग्राम नयागांव निवासी आकाश लोधी पुत्र पंचम के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी में उसके पिता ने हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन शादी के बाद पति आकाश, ससुर पंचम, सास सुनीता दहेज से संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये नकद व मोटर साइकिल की मांग की जाने लगी। कुछ समय पश्चात उसने एक पुत्र को जन्म दिया, जो कि वर्तमान में 2 वर्ष 2 माह का है, जिसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया। मामले की शिकायत पीड़िता ने महिला थाना और प्रोजेक्ट नई किरण में दी। प्रोजेक्ट नई किरण में उसका सुलह-समझौता कराते हुये पति के साथ भेज दिया गया। यहां आरोप है कि कुछ ही दिनों बाद आकाश व सास-ससुर ने दहेज का उलाहना देते हुये मारपीट कर दी। पीडिता ने बताया कि 30 नवम्बर को शाम 4 बजे आकाश ने शराब के नशे में धुत्त होकर उसके साथ मारपीट की और दहेज में एक लाख रुपये नकद व मोटर साइकिल की मांग करते हुये मारपीट कर दी। मामले की सूचना पीडिता ने अपने पिता को दी, जिस पर पिता ने उसके ससुराल पहुंच कर देखा तो उसके सिर, हाथ में चोट थी। ससुरालियों ने उसे घर से निकालते हुये जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 115 (2), 351 (3), 352 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# शारदा कांत पांडेय की अगुवाई में टेढ़ी नदी तट पर स्वच्छता अभियान, अगहन पूर्णिमा मेले की तैयारी शुरू

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**गोंडा/नवाबगंज।** अगहन पूर्णिमा पर लगने वाले पारंपरिक एवं भव्य मेले की तैयारियों को गति देते हुए नवाबगंज क्षेत्र के टेढ़ी नदी तट खरगूपुर घाट, भोपतपुर घाट तथा वजीरगंज इलाके में मंगलवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान विश्व हिंदू परिषद के विभाग संयोजक शारदा कांत पांडेय के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सफाईकर्मियों ने मिलकर घाटों की साफ-सफाई की। टेढ़ी नदी के इन घाटों पर वर्षों से 84 कोसी परिक्रमा के संत पड़ाव करते आए हैं। धार्मिक व सांस्कृतिक परंपरा से जुड़े इस स्थल पर अगहन पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालु स्नान करने पहुंचते हैं। मेले को सुचारु, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से ग्रामीणों ने स्वयं आगे बढ़कर सफाई अभियान में भाग लिया। अभियान का नेतृत्व कर रहे शारदा कांत पांडेय ने कहा, 'स्वच्छता ही श्रद्धालुओं की सुविधा और मेले की भव्यता का आधार है। यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि हमारी आस्था और सांस्कृतिक विरासत के सम्मान का दायित्व है।' स्वच्छता अभियान के दौरान घाटों की सफाई, कचरा निस्तारण, रास्तों की मरम्मत तथा मेले से जुड़ी प्रारंभिक तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा प्रबंधन जल्द सुनिश्चित करने की मांग भी की। अभियान में प्रमुख रूप से शामिल रहे–पप्पू यादव (ग्राम प्रधान भोपतपुर), राजेंद्र कुमार (ग्राम प्रधान खरगूपुर), ग्राम विकास अधिकारी बिहारी पांडे, बजेश, संतोष, अजय मिश्रा, गुरु प्रसाद भारती, राजित, रामपाल, राजेश, शिवकुमार, दीप कुमार मिश्रा, नाहर सिंह, भगवान दीन चौहान, राममनोहर, हनुमान प्रसाद, मेवालाल यादव, गीता देवी, सु कुमार, रामकुमार, राजेंद्र, विश्वनाथ सिंह, दिनेश कुमार शुक्ला, बजरंगबली, शिवराम, जमुना पांडे, गणेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता।ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि इस बार भी अगहन पूर्णिमा का मेला श्रद्धा, भव्यता और शांति के साथ सम्पन्न होगा।

# पीएम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प हेतु ऑनलाइन बुकिंग करायें किसान : डीएम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने अवगत कराया है कि जनपद के किसानों की खुशहाली, समृद्धि और उनकी आय को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी.एम.कुसुम) संचालित है, जिसमें अनुदान पर सोलर पम्प उपलब्ध कराये जाते हैं। इस योजना का उद्देश्य किसानों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, कृषि क्षेत्र में डीजल का उपयोग कम करना, पर्यावरण प्रदूषण को कम करना, किसानों की आय बढ़ाना और गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से बिजली की स्थापित क्षमता का हिस्सा बढ़ाना है। जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों को इस किसान हितैषी योजना के बारे में बताते हुए कहा कि पीएम-कुसुम योजना उत्तर प्रदेश में किसानों को सौर ऊर्जा से सिंचाई करने और अपनी बंजर/अनुपजाऊ भूमि से आय अर्जित करने में मदद करती है। यह योजना किसानों को सब्सिडी पर सौर पंप खरीदने, स्टैंड-अलोन सौर पंप स्थापित करने, और ग्रिड से जुड़े पंपों का सौर ऊर्जा से संचालन करने की अनुमति देती है। इससे डीजल पर निर्भरता कम होती है और बिजली उत्पादन तथा पारेषण हानियां भी कम होती हैं। उन्होंने जनपद के समस्त सम्मानित किसानों को अवगत कराया है कि जनपद में सिंचाई हेतु कृषि विभाग से संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी.एम. कुसुम) योजनान्तर्गत सोलर पम्प की बुकिंग कृषि विभाग की वेबसाइट पर प्रारम्भ हो गयी है। जनपद में पोर्टल के अनुसार 1370 के लक्ष्य प्रदर्शित हो रहे है। अतएव कृषि विभाग में पंजीकृत इच्छुक कृषक योजना का लाभ लेने के लिये 15 दिसम्बर 2025 तक अपनी बुकिंग अवश्य करा लें।

# 6 दिसम्बर पर प्रशासन अलर्ट – पीस कमेटी बैठक में कड़े निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**महरौनी।** आगामी 6 दिसम्बर को शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में कोतवाली परिसर में आज पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह ने की। बैठक में प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि नगर में सौहार्द और भाईचारा सर्वोपरि है, किसी भी प्रकार की अफवाह, उकसावे या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या टिप्पणी करने वाले भी कानूनी दायरे में आएंगे। अतिरिक्त प्रभारी निर्भय चंद्र ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि 6 दिसम्बर पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में गुज़रे। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति या सूचना को नजरअंदाज न करें और तुरंत पुलिस को अवगत कराएँ। बैठक के दौरान नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, धर्मगुरुओं और पत्रकारों ने प्रशासन के प्रयासों की सराहना की तथा पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। सभी ने इस विषय पर एकमत होकर कहा कि शहर की शांति और सुरक्षा में नागरिकों की भूमिका सबसे अहम है। बैठक के अंत में अधिकारियों ने निम्न प्रमुख निर्देश जारी किए– बिना अनुमति किसी भी रैली, जुलूस या कार्यक्रम की इजाज़त नहीं होगी अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने वालों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी बाजार, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा प्रशासन की सख्त हिदायतों और स्पष्ट मार्गदर्शन के बाद पुलिस ने गश्त और निगरानी बढ़ा दी है। नगर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है, जिससे 6 दिसम्बर पूर्णतः शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बीते। बैठक मे किसरदा प्रधान हाकिम सिह, गुंदरापुर प्रधान प्रतिनिधि थोवन लाल, नगर पंचायत पार्षद उदयभानु सिह मुकेश श्रीवास्तव,नीलेशलाला जाकिर अली, हाजी मुहम्मद बक्स,दिग्विजय सिह सतेन्द्र पालीवाल राज अलहमद खांन सहित महरौनी मीडिया के समस्त पत्रकार बन्धु व नगर के सभ्रान्तजन उपस्थित रहे।

# 6दिसम्बर को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बार।** बार थाना प्रांगण में 6 दिसंबर के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया सहित कस्बे के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया ने बताया कि 6 दिसंबर को कोई भी समुदाय किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकालेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से इस संबंध में सुझाव भी मांगे, जिन पर चर्चा की गई। भदौरिया ने मोटरसाइकिल चालकों से हेलमेट पहनने की अपील की। उन्होंने जोर दिया कि हेलमेट का उपयोग न करने से दुर्घटनाओं में गंभीर चोटें आ सकती हैं, इसलिए लोगों को हेलमेट के महत्व के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, थाना प्रभारी ने साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने लोगों को ठगी का शिकार होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की सलाह दी। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरपाल सिसौदिया, नवाब खां, अकील खां, मुहम्मद मूसा, जितेंद्र दिनेरिया, अमन मोदी, खेमचंद जोशी, बार के प्रधान रमेश सहरिया और राम लखन यादव सहित अन्य संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# पति के दोस्त पर महिला ने लगाए गंभीर आरोप कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, जांच शुरू

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** दोस्त की पत्नी को बदनाम करते हुये अभद्रता करने, गालियां देते हुये मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में महिला ने कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौकाबाग में रहने वाली गेंदा अहिरवार पत्नी विजय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति का दो इलाइट चौराहा के पास रहने वाला अजय राजा उस पर आरोप लगाते हुये बदनाम कर रहा है और पति के खिलाफ भी उल्टा-सीधा बोल रहा है। इतना ही नहीं सार्वजनिक तौर पर बदनाम करने पर उसके खिलाफ पूर्व में पीड़िता द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गयी थी। आरोप है कि मंगलवार को अपराह्न 1.30 बजे जब वह घंटाघर के पास थी, तभी अजय राजा आया और उससे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये गालियां देने लगा। विरोध करने पर अजय राजा ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अजय राजा के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(ध), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला कारागार में कम्बल व गर्म कपड़े पाकर खिल उठे चेहरे



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित जिला कारागार में विधिक साक्षरता व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस मौके पर जिला जज शिव कुमार सिंह, विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे वीरेंद्र नाथ पाण्डेय व अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने जरूरत मंद बंदियों को कम्बल व गर्म कपड़े वितरित किए। जरूरतमंद बंदियों को कम्बल व गर्म कपड़े मिलने पर उनके चेहरे खिल उठे। लखनऊ की संस्था की जानिब से कम्बल वितरण के मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला जज शिव कुमार सिंह ने कहा कि गरीबों की मदद करना ही असली धर्म व मानवता हैं। जेल में निरुद्ध बंदियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही जरूरी हैं।विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे वीरेंद्र नाथ पाण्डेय ने बंदियों को कानूनी जानकारी देते हुए प्राधिकरण के माध्यम से मिलने वाली सहूलियतों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गरीबों मजलूमों, असहाय, आर्थिक रुप से कमजोर लोगों की मदद करना ही प्राधिकरण का उद्देश्य है।। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि जेल सुधार गृह होता है। जेल से रिहाई के बाद अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन व्यतीत करे। और जिंदगी की नई पारी शुरू करे । बंदियों को हर संभव कानूनी मदद का करने का ऐलान किया। इस मौके संस्था ने जेल में निरुद्ध एक बंदी का अर्थदंड जमा कर उसकी रिहाई कराई। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता मो सईद खान ने किया। जेल अधीक्षक पी डी सलैनिया ने सभी का आभार जताया इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी ,जेल अधिकारी वी बंदी मौजूद रहे।

### चार दिसंबर को खीरी आएगी राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार

**कलेक्ट्रेट में होंगी महिलाओं की सीधी सुनवाई**

**लखीमपुर खीरी, 02 दिसंबर।** राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओ को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती अर्चना मजूमदार 04 दिसंबर को लखीमपुर खीरी पहुंच रही हैं, जहां वे महिलाओं की जनसमस्याएं सुनेंगी। कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। इसमें पीड़ित महिलाएं अपने प्रकरण सीधे आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगी। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिला सुरक्षा, कार्यस्थल पर प्रताड़ना और अन्य गंभीर मामलों पर आयोग द्वारा तत्काल निर्देश और आवश्यक कार्रवाई की संभावना है।

### कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न

**लखीमपुर,खीरी।** दिनांक 3 नवंबर को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं व नगर, ब्लॉक अध्यक्षों की मासिक बैठक कांग्रेस भवन पर जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई द्य बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा जी की गरिमामई उपस्थिति रही। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद आज की मासिक बैठक का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस को मजबूत बनाना है द्य पार्टी की विचारधारा और निति को आमजन तक पहुंचाना भी लक्ष्य है। आगामी पंचायत चुनाव के मद्दे नजर संगठन को अभी से जिला पंचायत चुनाव के प्रत्याशी चिह्नित कर जिले की सभी सीटों पर तैयारी शुरू करनी होगी द्य साथ ही ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत सदस्य के अधिक से अधिक प्रत्याशी लड़ाए जाने चाहिए इससे आने वाले विधान सभा चुनाव में काफी आसानी होगी। साथ ही वर्मा ने वर्तमान में चल रही SIR प्रक्रिया में भी सभी को सजग रहना होगा द्य अपने अपने बूथों पर नजर बनाए रखें प्रयास यही होना चाहिए कि सभी लोगों के फार्म भर कर जमा कराए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत अभी तक मंडल कमेटियों का गठन लगभग ब्लाकों में हो चुका है जो शेष है वो अतिशीघ्र बनाए इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ ही बूथ कमेटियों पर भी जोर देते हुए कहा कि जिन विधानसभाओ की बूथ कमेटियां अभी कंप्लीट नहीं है वो भी अति शीघ्र तैयार कर ले द्य पार्टी पंचायत चुनाव को लेकर गंभीर है हम सभी को अभी से जुटना होगा। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने किया। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू मिश्रा, मोहन चंद्र उप्रेती, रवि तिवारी, रईस अहमद उस्मानी, कोमल सिंह, सुशील शुक्ला, अन्नू मिश्रा, प्रेम वर्मा, गुड्डू अख्तर, तेज पाल गुप्ता, वरुण चौधरी, राजेंद्र गुप्ता, आफताब अहमद, राकेश मिश्रा मतीन शाह, रघुनंदन राजवंशी,, नन्द किशोर, लतीफ आजम, सलीम, अंकित वर्मा किरण पटेल, सरोजनी अवस्थी आदि ।

# नवजात बच्चों को ड्राप पिलाकर सदर विधायक ने किया टीकोत्सव का शुभारंभ

**● सीएमओ बोले एक लाख 42 हजार बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित**

**ठंड से बचाव को सदर विधायक ने जिला महिला अस्पताल में दिए 50 कंबल व गद्दे**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** नियमित व छूटे हुए बच्चों व गर्भवती माता के टीकाकरण को पूरा करने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान टीकोत्सव का शुभारंभ सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में फीता काटकर व नवजात बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाकर किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, प्रभारी सीएमएस सुषमा सिंह सहित डीआईओ डॉ रवि सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। दिसम्बर माह भर चलने वाले विशेष अभियान में एक लाख 42 हजार बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा।सदर विधायक योगेश वर्मा ने इस दौरान आम जनमानस से अपील करी कि सभी इस विशेष अभियान में भागीदारी करें और छूटे हुए गर्भवती माताओं और बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। डबल इंजन की सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में भी निरंतर कार्य कर रही है। शहर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के साथ ही गांव-गांव में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना डबल इंजन की सरकार की दूरगामी सोच है। जिससे स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। आज लोगों को उनके गांव में ही स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। ठंड के दृष्टिगत प्रभारी सीएमएस सुषमा सिंह द्वारा चिकित्सालय में ठंड के दृष्टिगत गद्दे व कंबल के लिए अनुरोध किया गया, जिस पर उन्होंने तत्काल 50 कंबल की व्यवस्था करवाई, वहीं 50 गद्दों की व्यवस्था शीघ्र करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। जिससे जिला महिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को ठंड से राहत मिल सके।सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि टीकोत्सव का विशेष अभियान दिसंबर माह भर चलेगा, जिसके अंतर्गत जहां एक लाख 42 हजार बच्चों को टीका लगाया जाएगा, वहीं सामान्य टीकाकरण भी सुचारू रूप से चलता रहेगा। इस दौरान 30894 ओपीवी, 35796 पेटा, 29782 एमआर वन, 46 348 एमआरटू के टीके लगाए जाएंगे।जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ रवि सिंह ने बताया कि जनपद में टीकाकरण के लिए 614 सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। सभी जगह पर्याप्त मात्रा में टीकाकरण की वैक्सीन उपलब्ध है और उनकी निगरानी के लिए भी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। प्रभारी सीएमएस डॉ सुषमा सिंह ने बताया कि टीकाकरण से गर्भवती माता को सुरक्षा मिलती है तो वहीं बच्चों को भी 14 खतरनाक बीमारियों से सुरक्षा मिलती है। टीकाकरण मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। इस दौरान डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ विकास सिंह, यूनिसेफ से मुकेश चौहान, यूपीटीएसयू डॉ शैलेन्द्र सिंह, डीपीएम अनिल यादव, डीसीपीएम कुलदीप सिंह, स्टेनो कार्तिकेय मिश्रा, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता लल्ला सिंह, अनिकेत, अशोक कुमार पांडे, गजेंद्र तिवारी, इंद्र कुमार अवस्थी, लोकेश सिंह, शिप्रा वर्मा, सुष्मिता वर्मा, अजीत कुमार, एएनएम मधु, रश्मी व आरती सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### मोहल्ला तीर्थ वार्ड 06 में प्रबुद्धजनों ने किया सीसी रोड का उद्धाटन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बुधवार 3 दिसम्बर को 15 वें वित्त योजना से वार्ड नं06 मो0 तीर्थ गोकर्ण वार्ड द्वितीय में बनी सीसी रोड का वार्ड के वरिष्ठजन शिवदत्त मिश्रा ,विजय तिवारी, अवधेश जायसवाल, अवनीश तिवारी सभासद हर्ष अवस्थी ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ विधिवत पूजन के साथ उद्धाटन किया गया। उद्धाटन समारोह में बोलते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि,' नगर के चहुंमुखी विकास के लिए मै काम करता रहूँगा। इस अवसर पर परविजय यादव,राजू रावत,एड लाल बहादुर यादव,पंकज बाजपेयी, मनोज मिश्रा, रामेन्द्र शुक्ला, यज्ञदत्त तिवारी,गौरव वर्मा,रविन्द्र कटियार, हिमांशु सिंह, मनोज बाथम, प्रदीप खतौलिया,सोनू त्रिवेदी विमलेश वर्मा, विजय मिश्रा सहित अनेक वार्डवासी मौजूद रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद में कृषक प्रशिक्षण का आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, जमुनाबाद पर नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल ( ऑयल सीड्स) योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र के अध्यक्ष डॉ0 एस. के. विश्वकर्मा ने किसानों को बताया कि वे वैज्ञानिकों द्वारा प्राप्त तकनीकी जानकारी द्वारा कृषि, पशुपालन और औद्यानिक फसलों का उत्पादन एक योजना बनाकर करें तथा हमेशा बाजारोन्मुखी फसलों विशेषकर तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा दें, उन्होंने उत्पादन लागत को कम करने के तरीके बताएं सस्य वैज्ञानिक डॉ0 प्रदीप कुमार बिसेन ने तिलहनी फसलों में किए जाने वाले सस्य क्रिया - कलापों को बताया तथा सरसों में बुवाई के 25-30 दिनों में विरलीकरण करने तथा फसल को कीटों से बचाने के लिए जैविक कीटनाशकों के प्रयोग के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डॉ0 मो. सोहेल, उद्यान वैज्ञानिक ने तिलहनी फसलों के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि मौसम खराब होने की स्थिति में किसान खेत की निगरानी करते रहें जिससे कीट एवं व्याधियों से बचाव हो सके। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ0 एन के त्रिपाठी ने पशुपालन के विषय में बताते हुए कहा कि तिलहन के अच्छे उत्पादन के लिए मृदा में जीवांश पदार्थ का होना बहुत जरूरी है जो कि पशुपालन से ही संभव है, उन्होंने तिलहनी फसलों में सल्फर के उपयोग के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जिसके लिए खेत में जिप्सम मिलाने को कहा।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गोला - कुंभी, पसगवां और पलिया के किसानों ने प्रतिभाग कर आधुनिक उत्पादन और वितरण तकनीक प्राप्त किया।

## भारत का मुसलमान हर तरह से सुरक्षित है, शेर अली खान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** उत्तर प्रदेश जनपद लखीमपुर खीरी के सम्मानित और राष्ट्रवादी मुस्लिम नेता शेर अली खान ने एक कड़ा और स्पष्ट बयान देते हुए कहा कि ,भारत का मुसलमान संविधान और कानून के साए में पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने ऐसे किसी भी व्यक्ति, संगठन या विचारधारा की घोर निंदा की, जो मुसलमानों की सुरक्षा पर सवाल उठाता है या समाज में भ्रम और नफरत फैलाने का प्रयास करता है।,शेर अली खान ने कहाः, 'यह कहना कि भारत का मुसलमान असुरक्षित है, एक खतरनाक झूठ और समाज को बांटने की कोशिश है। जो लोग ऐसा कहते हैं, वे केवल अपने स्वार्थ के लिए देश की एकता को चोट पहुंचाना चाहते हैं। मैं ऐसे बयानों की घोर निंदा करता हूं। भारत का मुसलमान इस देश में उतना ही सुरक्षित है जितना कोई और नागरिक, क्योंकि हमारा संविधान हमें बराबरी और सम्मान का अधिकार देता है। 'संविधान के प्रति सम्मान और असहमति पर कड़ा रुख शेर अली खान ने भारतीय संविधान को देश की आत्मा बताते हुए कहाः 'भारत का संविधान हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यह हर धर्म, हर समुदाय और हर नागरिक को समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करता है। जो भी व्यक्ति या संगठन संविधान के खिलाफ बयानबाजी करेगा, वह न केवल देशद्रोही है, बल्कि समाज की शांति और भाईचारे का दुश्मन भी है। मैं ऐसे लोगों की घोर मजम्मत करता हूं और देशवासियों से अपील करता हूं कि वे इनकी साजिशों को नाकाम करें। 'मुसलमानों को शिक्षा और विकास की राह पर आगे बढ़ने की अपील उन्होंने मुसलमानों से नकारात्मकता से बचने और सकारात्मकता की ओर बढ़ने का आह्वान करते हुए कहाः 'मुसलमानों को खुद को कमजोर समझने की जरूरत नहीं है। हमें अपनी ताकत पहचाननी होगी। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महान मुस्लिम नेताओं ने यह साबित किया है कि शिक्षा, मेहनत और लगन से हम हर बाधा को पार कर सकते हैं। मुसलमानों को चाहिए कि वे शिक्षा को अपनी ढाल और विकास को अपनी तलवार बनाएं। यही रास्ता हमें न केवल सशक्त बनाएगा, बल्कि हमारे देश को भी और मजबूत करेगा। 'हिंदू-मुस्लिम एकताः भारत की सबसे बड़ी ताकत शेर अली खान ने हिंदू-मुस्लिम एकता को भारत की शक्ति बताते हुए कहाः 'भारत की खूबसूरती इसकी विविधता में है। यहां हर धर्म और हर संस्कृति को समान अधिकार और सम्मान मिला है। हिंदू-मुस्लिम एकता ने इस देश को हमेशा नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। हमें इस साझी विरासत को न केवल बचाना है, बल्कि इसे और मजबूत करना है। यह समय समाज को बांटने वालों के खिलाफ खड़े होने और भाईचारे की मिसाल पेश करने का है। 'कट्टरता और नफरत के खिलाफ सख्त संदेश उन्होंने नफरत और कट्टरता फैलाने वालों को कड़ा संदेश देते हुए कहाः



'इस्लाम अमन और भाईचारे का धर्म है। कोई भी ऐसा बयान या विचार जो समाज में नफरत फैलाता है, वह इस्लाम की सच्ची शिक्षाओं और भारतीय संविधान, दोनों के खिलाफ है। हमें ऐसे विचारों और विचारधाराओं को सिरे से खारिज करना होगा। मुसलमानों को चाहिए कि वे अपनी ऊर्जा नफरत के जवाब में नष्ट करने के बजाय, सकारात्मकता और विकास के लिए लगाएं। 'समापन संदेश 'मैं, शेर अली खान, एक सच्चा भारतीय मुसलमान और राष्ट्रवादी होने के नाते यह कहना चाहता हूं कि हमारा धर्म और हमारा संविधान दोनों हमें शांति, भाईचारे और विकास का रास्ता दिखाते हैं। भारत का मुसलमान इस देश की ताकत है, और हमें इस ताकत को शिक्षा, विकास और एकता के जरिये और मजबूत करना है। यह देश हमारा वतन है, और इसकी प्रगति और अखंडता हमारी पहली जिम्मेदारी है। भारत हमारा गर्व है, और इसे विश्वगुरु बनाने का सपना हम सभी का है। '

## पुलिस अधीक्षक खीरी समेत सी.एम.पोर्टल पर शिकायत कर मुकदमा पंजीकृत कराये जाने की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** कानून का राज एवं भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने का दावा करने वाली योगी सरकार मे नौकरी लगवाने के नाम पर सवा चार लाख रूपये की ठगी कर लिये जाने का मामला प्रकाश मे आयाहै।मिली जानकारी के अनुसार पीडित पक्ष ने मामले की शिकायत शासन प्रशासन से कर न्याय की गुहार लगायी है।

**क्या है पूरा मामला–**

पीडित पक्ष के नरेंद्रकुमार पुत्र दाताराम निवॉसी ग्राम हरिहरपुर थाना हैदराबाद खीरी ने बताया कि विपक्षी श्रीपाल पुत्र गयादीन निवासी सिराथू थाना गोला जिला खीरी व मकरंद सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी बीरेंद्र नगर कालोनी थाना गोला खीरी की उससे काफी अच्छी जान पहचान थी और पीडित उक्त लोंगों पर काफी विश्वास भी करता था।मामला सन 2020 के माह अगस्त का है जब श्रीपाल पुत्र गयादीन जो सफाई कर्मी के पद पर ब्लाक बेहजम मे तैनात है पीडित पक्ष के नरेंद्र को मिला और बताया कि जनपद मे मदर हुड केयर के अंर्तगत ब्लाक कोआर्डिनेटर के पद रिक्त है। उसकी अच्छी साठगांठ है अधिकारियों से काम हो जायेगा। इसके लिये दो लाख रूपये की रिश्वत पडेगी।नौकरी दिलाने की गारंटी युक्त चिकनी चुपडी बातो मे आकर बीरेंद्र कुमार व एक अन्य साथी दिनेश कुमार पुत्र अवधेश कुमार नि.पहाडापुर सवारान थाना भीरा ने उक्त नामजद लोगो को क्रमशः 1,80,000रुपया और 2 45,000रूपये गोला मे आकर श्रीपाल के बताये पता बीरेंद्रनगर कालोनी निवासी मकरंद सिंह पुत्र जसवंत सिह के मकान पर दिये।पैसा दोनो लोगो ने मिलकर लिया और एक माह मे नौकरी का ज्वाईनिंग लेटर दिलवाने की बात कही। जिसके एक माह बाद मदर हूड केयर के अंर्तगत पोषण मिशन जन आंदोलन के तहत ब्लाक मितौली मे ब्लाक को आर्डिनेटर के पद का नियुक्ति पत्र देते हुये डियूटी ज्वाइन करने जाने को बताया गया।जब वह ब्लाक मितौली अपनी डयूटी ज्वाइन करने मितौली पहुचा और नियुक्ति पत्र देकर ज्वा इनिंग की बात की तो पता चला यह नियुतक्ति पत्र जाली फर्जी और कूटरचित है यहां कोई भी ऐसी वैकेंसी ही नही है और न ही कोई विज्ञापन ही प्रकाशित कराया गया है तो उसके पैरो केनीचे से जमीन खिसक गयी और अपने को ठगा महसूस करने लगा और पैसा वापस मांगने पर आजकल करके टालता रहा।और फिर फोन उठाना भी बंद कर दिया।मामले की दिनांक 20/04/2022 को गोला कोतवाली मे शिकायत की जिसमे सेटिंग कर ली उक्त लोगो ने कोई कार्यवाही नही हुयी ।तब पुलिस अधीक्षक खीरी से शिकायत की गई जिसमे उक्त लोगों ने एक माह मे पैसा वापस करने की लिखित देते हुये कोतवाली गोला सुलह कर ली थी।आज समझौता हुये तीन साल बीत गये लेकिन आजकल आजकल करते हुये बराबर टाल रहे है।अबतक महज 50,000रूपया नरेंद्र कुमार को वापस कियाहै और अब फोन उठाना भी बंद कर दिया। घटना दिनांक 26/10/2025 कीसमय करीब 11बजे दिन की है।जब पीडित श्रीपाल सफाई कर्मी के घर गया तो वहां पर मकरंद सिंह पहले से बैठा मिला।

जब उक्त दोनो लोगो से नरेंद्र कुमार पुत्र दाताराम ने अपना पैसा वापस करने की मांग की तो उक्त लोग आमादा फौजदारी हो गये और मारपीट करने लगे। मकरंद सिंह ने भददी भददी व अश्लील जातिसूचक गालियां देते हुये कहा साले चमार दुबारा पैसा मांगने आ गया तो घर मे मार गाड दूंगा।उक्त आरोप लगाते हुये पीडित पक्ष ने शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी है।अब देखना है कि ठगी के नामजद आरोपियो पर कार्यवाही की जायेगी या पहले की तरह आश्वासन लो और चलते बनो की कार्यशैली अपनायी जायेगी।

**क्या कहते है प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोला**

जब इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गोला कोतवाली से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया मामला मेरे संज्ञान मे नही है।शिकायत मिलने पर जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर का असर :काफी टालमटोल के बाद तहरीर बदलवा कर लिखी गई रिपोर्ट

**● मामला थाना मैलानी के लालजीपुरवा का बताया जाता है**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** थाना मैलानी के अंतरगत ग्राम लालजीपुरवा निवासी पीडिता ऊषा देवी पत्नी स्व.रामस्वरूप के साथ हूयी रूपये दो लाख बीस हजार की ठगी किये जाने के मामले को मैलानी पुलिस द्वारा काफी समय से टाला जाता रहा। पीडिता मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने को थाना मैलानी और कुकुरा चौकी से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर काटती रही लेकिन उसकी रिर्पोट दर्ज नही की जा सकी।पीडिता का आरोप है विपक्षी से हुये लेनदेन के चलते उसको थाना चौकी मे बुलाकर विपक्षी के सामने हडकाया धमकाया जाता रहा ।इतना ही नही मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी शिकायतो मे चौकी प्रभारी फर्जी और भ्रामक जांच रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते रहे।उपरोक्त मामला मीडिया मे आने के बाद अमरभारती ने मामले को अमरभारती समाचार पत्र मे प्रमुखता से प्रकाशित किया ।लगातार प्रकाशित खबर के बाद थाना मैलानी प्रभारी निरीक्षक ने काफी हीलाहबाली के बाद पीडिता से तहरीर




बदलवाकर मुकदमा पंजीकृत कर दिया। पीडिता का आरोप है एस.एच.ओ.मैलानी के पास पुलिस अधीक्षक खीरी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी शिकायत की कापी मोजूद होने के बाद भी दूसरी तहरीर लिखवाकर रिर्पोट दर्ज किये जाने पर संदेह जताते हुये आरोप लगाया गया है कि विपक्षी को अनुचित लाभ देने की मंशा से उसकी तहरीर बदलकर रिर्पोट दर्ज की गयी है।और एफ.आई.आर. की उसको नकल भी नही दी गयी।

फिलहाल मामले मे अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा। मामले मे एफ.आई.आर.कापी आने के बाद ही पता चलेगा कि पीडिता द्वारा लगाए जा रहे आरोपी और व्यकत की जा रही आशंका की सच्चाई। इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक मैलानी ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## नल रिबोर एवं मरम्मत के नाम लाखो का बंदरबाट कई नल पडे खराब

**● मनरेगा मे रोजगार सेवक और प्रधान पंचायत सचिव की मिलीभगत से फर्जी हजिरी लगा भुगतान निकाले जाने के लगाये ग्रामीणो ने आरोप**

**बजबजाती नालियां सडको पर बह रहा गंदा पानी ,बंद पडी स्ट्रीट लाईटे बनी मूडा बुर्जुग की पहचान**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत मूडा बुर्जुग में मास्टर रोल पर घोटाले की गहरी तस्वीर खोल रही है सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा योजना में जमकर हेरा फेरी किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक फर्जी हाजिरी दिखाकर मजदूरी का भुगतान निकाला जा रहा है सूत्र बताते हैं कि गत माह कम बंद होने के बाद भी कागजों पर प्रतिदिन मजदूरों की हाजिरी लगाई गई मजदूरी के नाम पर गौर करें तो कई ऐसे महिला पुरुषों के नाम पर की हाजिरी भरी गई जो कभी काम करने जाते ही नहीं है सूत्र बताते हैं कि जहां पांच मजदूर काम करते हैं वहां दर्जनों मजदूरों




की फर्जी हाजिरी भरी जाती है और उक्त फर्जी मजदूरों की फोटो खींचकर अपलोड कर दी जाती है यह सारा खेल मनरेगा रोजगार सेवक और पंचायत सचिव की मिली भगत से खेले जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है आखिर इस भ्रष्टाचार के खेल पर खंड विकास अधिकारी बिजुआ और डीसी मनरेगा की नजर क्यों नहीं पड़ रही है अहम सवाल तो यह बना हुआ है कि यदि उक्त मामले की कराई जाए निष्पक्ष जांच तो तो एक बड़े फर्जी वाले का खुलासा होना तय है और ग्राम प्रधान पंचायत सचिव सहित रोजगार सेवक द्वारा किए जा रहे फर्जी वाले के साथ सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला खुलकर आएगा सामने।

**आखिर बिजुआ की जांच से क्यो बचते नजर आ रहे डी.पी.आर.ओ.व डी.सी मनरेगा–**

विकासखंड बिजुआ की बहुचर्चित ग्राम पंचायत मूडा बुर्जुग में सड़क और शोकपिट और खाद के गडढे के नाम पर फर्जी तरीके से किए गए लाखों के सरकारी धन गबन की जांच किया जाना ग्रामीणों की प्रमुख मार्ग बनी है इसके बावजूद भी अधिकारियों के कान पर जून तक नहीं रेंग रहा है सूत्र बताते हैं मामले की दर्जनों शिकायतें की गई है लेकिन ऊपर तक चल रही साठगांठ के चलते सभी शिकायतों में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा बगैर जांच के मनमाने तरीके से फर्जी जांच आख्या लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मामले की जांच करने से बचते नजर आ रहे हैं आखिर क्यों अहम सवाल बना हुआ है।

**यदि केवल नल रिबोर और मरम्मत सहित साफ सफाई दबा छिडकाव की करा ली जाय निष्पक्ष जांच तो कई ईमानदार चेहरे होंगे बेनकाब–**

ग्राम पंचायत मूडा बुर्जुग में अधूरे कार्यों पर काम दिखाकर पैसे का बंदरबाट कर लिए जाने का मामला भले ही अखबारी सुर्खियां बना है और इसकी निगरानी को नियुक्त किए गए जिम्मेदार अधिकारी अपनी कुंभकर्णी नींद में सोए दिखाई पड़ रहे हैं ।सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड बिजुआकी ग्राम पंचायत मूडा बुर्जुग में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान निकाल कर बंदरबांट कर लिया गया ।हर घरनल जल योजना के अंतर्गत हर साल लाखों का भुगतान तो निकल गया पर गांव के काफी लोग आज भी पीने के पानी को दूर-दूर से पानी भरकर लाने को विवश दिखाई पड़ रहे हैं।

इतना ही नहीं कई नलों से गंदा और दूषित पानी निकल रहा है जो नल रिबोर और मरम्मत की पोल खोलने को काफी है। ग्राम पंचायत मूडा बुर्जुग में कई नल खराब पड़े बताए जाते हैं अधिकारियों की मिली भगत से बगैर कार्य कराए महज कागजों पर काम दिखाकर पैसा निकल जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है प्रधान और पंचायत सचिव पर विकास के नाम पर धन निकालकर आपस में बंदरबाट किए जाने के ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाए गए हैं देखा जाए तो कई योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है चाहे वह स्ट्रीट लाइट खरीद का मामला हो या फिर हयूम पाइप खरीद तथा दवा छिड़काव और साफ सफाई अथवा ठेलिया खरीद का मामला हो। ग्रामीणों में राधेश्याम सहित तमाम ग्रामीणों के बताएं अनुसार ग्राम पंचायत में क ई का कागजो पर करवाकर पैसा निकालकर हजम कर लिया गया है। ऐसा ग्रामीणों का आरोप है ग्रामीणों का कहना है यदि जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल करायें मामले की निष्पक्ष जांच तो लाखों का घोटाला आएगा सामने और कई लोगों पर आएगी कार्रवाई की आंच ।अब देखना यह है कि जिले की ईमानदार जानी जाने वाली जिला अधिकारी द्वारा उपरोक्त मामले पर क्या कार्रवाई की जाती है ?

## प्रथम सामुदायिक रेडियो स्टेशन खीरी का शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी।** दिनांक 02 दिसम्बर, 2005 को सांय 07 बजे जनपद के प्रथम सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खीरी 88.4 मेगाहर्टज पता लाइफ ब्रिज बिल्डिंग, पिपरा करमचंद, एन0एच0730, गोला रोड, लखीमपुर खीरी का भव्य उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन कर मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश शिव कुमार सिंह के करकमलों से कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रेडियो स्टेशन समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है जो लोगों को जानकारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, विधिक जानकारी, अपनी संस्कृति को बढावा देने के साथ ही साथ मनोरंजन प्रदान करता है। माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि रेडियो स्टेषन का उद्देश्य समुदाय के लोगों को मंच प्रदान करना जहां वे अपनी बात कह सकें और अपने विचारों को भी साझा कर सकें। रेडियो स्टेशन समुदाय के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा स्वयं सहायत समूहों की महिलाओं को रेडियो भेंट किये गये। जिसमे विशेष अतिथि माननीय अपर जिला जज श्री वीरेन्द्र नाथ पांण्डेय जी भी मौजूद रहे, इस अवसर पर समुदाय को सामुदायिक रेडियो स्टेशन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और उससे जुड कर अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर रेडियो खीरी 88.4 मेगाहर्टज रेडियो स्टेशन की निदेशक श्रीमती अंशिका सिंह ने रेडियो खीरी में समुदाय के लिये किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा व संचालन के समय की जानकारी दी। इस अवसर पर रेडियो खीरी 88.4 मेगाहर्टज के संस्थापक व प्रबंध निदेशक ने आये हुए सभी अतिथियों का पूरे हर्षोल्लास के साथ स्वागत व अभिनन्दन किया और सभी उपस्थित लोंगों को आस्वस्त किया कि रेडियो खीरी सभी समुदाय के विकास हेतु अहम भूमिका निभाता रहेगा। इस अवसर पर स्टेशन इंजार्ज आर0जे0 भावना ने माननीय मुख्य न्यायाधीष व विशेष अतिथि माननीय अपर जिला जज को रेडियो खीरी 88.4 मेगाहर्टज रेडियो स्टेशन का भ्रमण कराया और स्टेशन में स्थापित किये गये उपकरणों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी शुभेन्दु शेखर सिंह,उपश्रम आयुक्त मयंक सिंह, जिला कृषि अधिकारी व अवधेश सिंह, रजत सिंह, शिवम पांण्डेय, अमीषा सिंह, के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### परिषदीय परिषद गठन एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में बुधवार को राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग परिषद 2025-26 के उद्घाटन सत्र एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो डॉ माधवी शुक्ला ने की उन्होंने छात्र छात्राओं को विभाग परिषद के विषय में जानकारी दी एवं विभाग परिषद के विभिन्न पदाधिकारियों का गठन किया। विभाग परिषद के अंतर्गत शिवानी (एम ए प्रथम सेमेस्टर)को उपाध्यक्ष, जैनुल हसीन (बी ए थर्ड ईयर) को सचिव एवं शाश्वत ( बी ए सेकंड ईयर), मानसी (बी ए फर्स्ट ईयर) को कक्षा प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रमेश चंद्र, डॉ शिखा तिवारी, डॉ दीपक कुमार सिंह, डॉ अदिति सिंह, डॉ शिव कुमार, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ विद्या सिंह,धर्मचंद्र एवं जयप्रकाश उपस्थित रहे।

### किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज, पुलिस ने शुरू की तलाश

**भदोही।** जिले में एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय किशोरी 29 नवंबर से लापता है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ अपहरण सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई है। किशोरी की तलाश में टीमें गठित कर संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस तकनीकी और सर्विलांस आधारित जांच भी कर रही है। परिजनों ने बेटी की सुरक्षित बरामदगी की मांग करते हुए जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर किशोरी को सकुशल बरामद किया जाएगा।

### ओटीएस कैंप में 231 उपभोक्ता हुए लाभान्वित, विद्युत विभाग ने दी बड़ी राहत

**भदोही।** विद्युत विभाग द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं को राहत देने हेतु बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए ओटीएस कैंप में कुल 231 उपभोक्ताओं ने लाभ उठाया। कैंपों की निगरानी उपखंड अधिकारी कार्पेट सिटी अवधेश कुमार पाल और उपखंड अधिकारी भदोही एस.पी. पटेल ने की। कार्पेट सिटी उपखंड क्षेत्र कटेलवा, रामपुर, बेजवां, उचेठ, आलमपुर और मई—में अवर अभियंता ज्योति प्रकाश, रितेश अग्रहरी और अभिषेक प्रजापति की देखरेख में लगे ओटीएस कैंप में 98 उपभोक्ताओं ने बकाया निपटाया। उपखंड अधिकारी अवधेश पाल के अनुसार एक उपभोक्ता के खिलाफ दर्ज एफआईआर को भी ओटीएस का लाभ देते हुए समाप्त कर दिया गया। वहीं उपखंड अधिकारी भदोही एस.पी. पटेल के नेतृत्व में मर्यादपट्टी, विशुनपुर, पिपरिस, मोढ़, रघुनाथपुर व रयां क्षेत्रों में लगे ओटीएस कैंप में अवर अभियंता ध्यानचंद्र वर्मा, मनोज कुमार और कमलेश मौर्या की देखरेख में कुल 133 उपभोक्ताओं ने ओटीएस का लाभ लिया। उपखंड अधिकारी पटेल ने बताया कि बुधवार को आयोजित कैंपों में कुल 231 उपभोक्ताओं को बकायेदार सूची से बाहर कर बड़ी राहत दी गई। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से इससे पहले उपभोक्ताओं को इतनी व्यापक छूट और सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई थी।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम हेतु पात्रता सत्यापन के संबंध में अपील एवं निर्देश

**भदोही।** जनपद में 05 दिसंबर 2025 को विकास खंडवार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की सुचारु एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विकास खंडों में चयनित सभी जोड़ों की पात्रता की विस्तृत जाँच प्रपत्र-कसौटियों के आधार पर पूर्ण कर लें साथ ही, सभी चयनित जोड़ों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे स्वयं भी अपनी पात्रता के संबंध में पूर्ण रूप से सुनिश्चित हो लें, ताकि किसी भी प्रकार की अपात्रता, कमी अथवा तथ्य छुपाने की स्थिति में कार्यक्रम के दौरान असुविधा न हो और शासन की ओर से निर्धारित लाभों का प्रदान बिना किसी बाधा के किया जा सके।

**जिन बिंदुओं की जाँच विशेष रूप से आवश्यक है, उनमें—**

आयु प्रमाणपत्र
अविवाहित / विधवा / निराश्रित होने का प्रमाण
दोनों पक्षों की सहमति
आवश्यक पहचान पत्र
पूर्व विवाह का कोई रिकॉर्ड न होना (जहाँ लागू)

**शासन द्वारा निर्धारित अन्य पात्रता शर्तें**

सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे लाभार्थियों की सूची का सत्यापन, दस्तावेजों की जाँच तथा अंतिम अनुमोदन निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर लें। जनपद प्रशासन यह भी स्पष्ट करता है कि यदि कोई जोड़ा अपात्र पाया जाता है, तो उसे कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। अतः सभी लाभार्थियों से अनुरोध है कि वे पूरी ईमानदारी के साथ अपने सभी दस्तावेज प्रस्तुत करें और पात्रता सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि कार्यक्रम को सफल, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

# रिटायर्ड प्रिसिपंल को कागजो में मृत दिखाकर जालसाजो ने फर्जी किसानो के नाम करायी वरासत

**● मोहनलालगंज तहसील के आदमपुर नौबस्ता में रिटायर्ड प्रिसिंपल की करोड़ो कीमत की पौने तीन बीघे जमीन पर नजर गड़ाये जालसाजो का कारनामा,राजस्वकर्मी की मिलीभगत से जिंदा प्रिसिंपल को प्रपत्रो में मृत दिखाकर फर्जी किसानो के नाम करायी वरासत**

**वरासत होने के चंद घंटो के अंदर ही बिल्डर को किया जमीन का एग्रीमेंट,पीड़ित प्रिसिपंल ने डीएम से शिकायत तो मचा हड़कम्प,छःमाह बाद फर्जी वरासत निरस्त कर दोबारा प्रिसिंपल के नाम दर्ज की गयी जमीन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील में फर्जी वरासत के मामले थमने का नही ले रहे नाम,मोहनलालगंज के आदमपुर नौबस्ता गांव में स्थित रिटायर्ड प्रिसिंपल की करोड़ो कीमत की पौने तीन बीघे बेशकीमती? जमीन पर नजर गड़ाये जालसाजो ने छः माह पहले राजस्वकर्मी की मिलीभगत से उन्हे सरकारी कागजो में मृत दिखाकर फर्जी वारिसो के नाम जमीन की वरासत करा दी और वरासत कराने के कुछ घंटो के अंदर ही जालसाजो ने फर्जी किसानो से जमीन का एग्रीमेंट बिल्डर के नाम करा दिया।जिसके बाद बिल्डर जमीन पर कब्जा करने पहुंचा तो रिटायर्ड प्रिसिंपल को फर्जीवाड़े की जानकारी हुयी?। पीड़ित ने डीएम से पूरे मामले की शिकायत कर प्रपत्रो में उन्हे मृत दिखाकर फर्जी वरासत करने वाले राजस्वकर्मी व जालसाजो पर कार्यवाही की मांग की।जिसके बाद हड़कम्प मच गया।आनन फानन नायाब तहसीलदार न्यायालय में वाद दायर कर छःमाह बाद फर्जी वरासत को निरस्त कर रिटायर्ड प्रिसिपंल के नाम पुनःजमीन प्रपत्रो में वापस की गयी लेकिन पूरे फर्जीवाड़े में शामिल जालसाजो समेत राजस्वकर्मी पर कोई कार्यवाही नही की गयी।पूरे मामले में एफआईआर दर्ज कराने की बजाय जिले के आला अधिकारी भी चुप्पी साध गये।ज्ञात हो मोहनलालगंज तहसील के आदमपुर नौबस्ता गांव निवासी रिटायर्ड प्रिसिंपल भिखारीलाल की गांटा स0-2544 व 2558 की पौने तीन बीघे बेशकीमती जमीन पर नजर गड़ाये जालसाजो ने राजस्वकर्मियो की मिलीभगत से फर्जी कागजातो के सहारे उन्हे सरकारी प्रपत्रो में मृत दिखाकर 5जून2025 को फर्जी किसान मोलहे व जगमोहन निवासी मटेरा मजरा आदमपुर नौबस्ता के नाम फर्जी वरासत कर दी थी ओर दोनो का नाम प्रपत्रो में चढ गया था,वरासत वाले ही दिन जालसाजो ने फर्जी किसानो मोलहे व जगमोहन से जमीन का एग्रीमेंट बिल्डर के ना?म कर दिया था,जिसके बाद बिल्डर साथियो संग जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा तो रिटायर्ड प्रिसिंपल भिखारीलाल को फर्जीवाड़े की जानकारी हुयी।जिसके बाद पीड़ित प्रिसिंपल भिखारीलाल ने पूरे मामले की जिलाधिकारी समेत तत्कालीन एसडीएम से शिकायत कर फर्जीवाड़ा करने वाले जालसाजो समेत राजस्वकर्मियो पर कार्यवाही किये जाने समेत फर्जी वरासत निरस्त किये जाने की मांग की।जिसके बाद हड़कम्प मचा ओर आनन फानन नायाब तहसीलदार पीटू के न्यायालय में वाद दायर कर 28नवम्बर को पूर्व में हुयी वरासत को निरस्त करने का आदेश पारित कर पुनः रिटायर्ड प्रिसिंपल के नाम प्रपत्रो में जमीन दर्ज की गयी।लेकिन फर्जीवाड़े के पूरे मामले में जालसाजो समेत सलिप्त राजस्वकर्मियो के नाम




एफआईआर दर्ज कराने की बजाय तहसील अफसरो ने पल्ला झांड लिया।

**जालसाजो पर मेहरबान तहसील अफसर,जारी फर्जीवाड़े...**

जालसाजो का मोहनलालगंज तहसील में कायम काकस टूटने का नाम नही ले रहा और टूटेगा भी क्यू,क्यो की अब तक फर्जीवाड़े के आधा दर्जन से अधिक मामले पकड़े जाने के बाद तहसील अफसर

एफआईआर दर्ज कराने की बजाय पूरे मामले में चुप्पी साध जा रहे है जिससे जालसाज भी बैखोफ होकर कुछ एक राजस्वकर्मियो की मिलीभगत से फर्जीवाड़ा करने से बाज नही आ रहे हैं।तहसील अफसरो की कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्रीय लोगो ने नाराजगी जताते हुये फर्जीवाड़े के मामलो में शामिल जालसाजो समेत राजस्वकर्मियो पर एफआईआर दर्ज कराकर कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की हैं।

**प्रिसिंपल को पहले दिखाया प्रपत्रो में मृत,फिर किया जिंदा....**

मोहनलालगंज तहसील में जालसाजो का काकस ही है जो एक जिंदा बुजुर्ग भिखारीलाल को बिना मौके पर जांच किये प्रपत्रो में? हल्का लेखपाल ने पहले मृत दिखा दिया ओर फर्जीवाड़ा खुलने के बाद अपनी ही कलम? से पूर्व में मृत दिखाये गये बुर्जुग को प्रपत्रो में जांच का हवाला देकर जिंदा कर दिया।

**वर्जन..** पवन पटेल एसडीएम मोहनलालगंज एसडीएम ने बताया जिंदा बुजुर्ग भिखारीलाल को प्रपत्रो में मृत दिखाकर वरासत किये जाने का मामला संज्ञान में आया था, वरासत को निरस्त करा दिया गया है.जांच कर दोषियो के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## परिषदीय स्कूलों के बच्चे बनेंगे एआई विशेषज्ञ, यूपी को मिलेगी नई पहचान

**गोपीगंज।** परिषदीय स्कूलों के बच्चों को एआई, कोडिंग और साइबर सुरक्षा की आधुनिक शिक्षा देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया तेज कर दी है। कक्षा 6 से 8 के छात्रों को डिजिटलाइजेशन आधारित विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा। इसके लिए पूरे प्रदेश से चुने गए 750 शिक्षकों को आईआईटी कानपुर में दो चरणों में विशेष प्रशिक्षण दिया गया। पहले चरण में जनपद भदोही के 10 शिक्षक अरविन्द कुमार पटेल, अमित कुमार जैन, उदय कुमार, और ज्योति कुमारी ने एक सप्ताह ऑफलाइन और सात सप्ताह ऑनलाइन प्रशिक्षण पूरा कर प्रमाणपत्र प्राप्त किया। प्रशिक्षित शिक्षक अब जिले में 250-300 बच्चों को एआई और कोडिंग में दक्ष बनाएंगे। विभाग की योजना विशेषज्ञों को जिलों में बुलाकर व हाइब्रिड मोड में भी प्रशिक्षण देने की है। इस पहल से छात्र न केवल आधुनिक तकनीक सीखेंगे, बल्कि साइबर फ्रॉड से बचाव के प्रति भी जागरूक होंगे।

## धान क्रय केंद्र पर किसानों से टोकन के नाम पर लिया जा रहा है 5000 शिकायत के बाद क्रय केन्द्र प्रभारी ने वापस किया 5000

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के गलरा खुटहा सहकारी समिति धान क्रय केंद्र पर किसानों से मनमानी तरीके से कमीशन लेकर तब कराया जा रहा है धान का तौल किसानों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि जबरदस्ती धान में नमी निकालकर ट्रैक्टर वापस कर दिया जाता है जब कमीशन दिया जाता है तब कराया जाता है धान का तौल साथ ही साथ किसानों ने बताया कि धान क्रय केंद्र पर एक प्राइवेट दलाल और सहकारी समिति के अकाउंटेंट के द्वारा किसानों से वसूला जाता है पैसा तब होता है किसानों का तौल किसानों ने जिला प्रशासन से आक्रोश सताते हुए मांग करना चाहते हैं कि धान क्रय केंद्र पर मनमानी तरीके से बिना नंबर का तौल कराया जा रहा है साथ ही साथ कुछ व्यापारियों का भी धान क्रय केंद्र पर तौल



कराया जा रहा है उस पर नजर रखी जाए जिससे किसान अपनी धान समय पर बेच सकें टोकन के नाम पर किसानों से 5000 लिया जाता है मिली जानकारी के अनुसार एक किसान से 5000 लिया गया था और अकाउंटेंट के द्वारा 500 लिया गया था धान बेचने के लिए जो की शिकायत के बाद किसान ने टाइट होकर अपना पैसा वापस कराया आक्रोश जताते हुए किसान ने बताया कि इसी तरीके के मनमानी ढंग से धान क्रय केंद्र पर हो रहा है तौल।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गीता जयंती

**● विद्यार्थियों ने शंखनाद के साथ नगर में निकाली प्रभात फेरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार मिर्जापुर।** स्थानीय श्रीमती भागीरथी ट्रस्ट आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में गीता जयंती हर्सोल्लास के साथ मनाया गया । प्रातः प्राचार्य सहित समस्त अध्यापक एवं छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली जिसमें घंटा शंख नाद के साथ गीता के उद्घोष किए गए ।इसके उपरांत भगवान श्री कृष्ण का पूजन मंत्र उच्चारण के साथ विद्यालय परिवार ने प्राचार्य के साथ किया ,तदुपरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीता जयंती के उत्सव पर चुनार नगर पालिका के अध्यक्ष मंसूर अहमद की अध्यक्षता में एवं बरेवां स्थित जानता इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य नंदकिशोर तिवारी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ।जिसमें निखिल,कान्हा,अर्पित तथा गौरव ने मंगलाचरण किया। स्वागत गान में आदर्श ,अंकित, घनश्याम ,रूपक शशांक शेखर ने स्वागत गान किया।काव्यपाठ में पीयूष, कान्हा तिवारी सचिन पांडे, प्रणव त्रिपाठी, अंकित पाठक मंगलेश मधुर शशांक शेखर, आदर्श , लकी ,आयुष, अर्पित, शिवम आदि ने काव्य पाठ किया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रमापति त्रिपाठी ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत किया। वक्ता के रूप में में अखिलेश पांडे पूर्व प्रवक्ता पीडीएनडी इंटर कॉलेज चुनार ने गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। भागवत भ्रमण भागवत के प्रवक्ता कैलाशपति त्रिपाठी ने गीता के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा की गीता एक ऐसा ग्रंथ है जो अपने में स्वयं एक वेद है जो भगवान के मुख से निकला हुआ है। उसी क्रम में लालता सिंह महिला महाविद्यालय अदलहाट के पूर्व प्राचार्य डॉ0कृष्ण बिहारी द्विवेदी ने गीता के गहराइयों का प्रतिपादन किया मुख्य अतिथि नंदकिशोर तिवारी ने गीता के विशिष्टता को छूते हुए कहा कि गीता कर्म कर्म भक्ति ज्ञान



की त्रिवेणी संगम के रूप में भगवान कृष्ण ने निमज्जन करके मुक्ति प्रदान करने के लिए यह जन-जन को अर्जुन के माध्यम से प्रदान किया है ।अध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि गीता के अनुकरण से ही जनमानस का कल्याण संभव है।अध्यापक गणों में श्रीमती विभा, प्रीति पाठक एवं संचालक श्याम किशोर उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम में छात्रों ने कृष्ण अर्जुन संवाद का भी मंचन किया जिसमें धृतराष्ट्र के रूप में ज्ञानेश्वर, संजय के रूप में घनश्याम पांडे, अर्जुन के रूप में दुर्गेश तिवारी, कृष्ण के रूप में आयुष उपाध्याय ने अपने अभिनय से सभा को प्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित लोगों ने छात्रों के मंचन का मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उक्त कार्यक्रम में सौरभ पुजारी, बी प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## आज आधा दर्जन से अधिक फीडरो की आपूर्ति रहेगी बंद



**भदोही।** 33/11 केवी उपकेंद्र भदोही से जुड़े कई 11 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति गुरुवार 4 दिसंबर 2025 को दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड के अनुसार 33 केवी सिविल लाइन भदोही पर जर्जर तार बदलने, पोल एवं कंडक्टरिंग कार्य के कारण इंद्रामिल, कुशियरा, इंडस्ट्रियल, नेशनल, कॉलोनी, दशरथपुर, ममहर सहित फत्तुपुर उपकेंद्र के मर्यादपट्टी व टाउन फीडरों में आपूर्ति ठप रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से आवश्यक कार्य पहले से निपटाने व अनावश्यक विद्युत उपकरणों के उपयोग से बचने की अपील करते हुए संभावित असुविधा पर खेद व्यक्त किया है।

## बोरा न होने से साधन सहकारी समिति सिकटा महुगगढ धान क्रय केन्द्र पर तीन दिन से नहीं हो रही खरीद

**● लिहावाली से किसान 15 सौ रुपए में धान बेचने को मजबूर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय विकास खंड में धान क्रय केन्द्र सिकटा महुगढ में तीन दिन से किसानों की धान बोरा न होने व तौल की गयी धान अटैच मीलों द्वारा नहीं ले जाने से खरीद बाधित है आलम यह है कि इस समय किसानों की धान तैयार हो गयी है ऐसी स्थिति में गेहूँ कि बुआई भी किसानों को करने के लिये पैसे की आवश्यकता है गेहूँ का बीज, खाद, ट्रैक्टर की जुताई मजदूरी आदि के लिये पैसे की आवश्यकता है जिसके लिये किसान क्रय केंद्रों का चक्कर काट रहे है जहाँ केंद्र प्रभारी द्वारा बोरे का अभाव धान उठान न होने का रोना सुन बैरन वापस जाना पड रहा है। ऐसे में किसान मजबूर हो कर 15 सौ रूपये कुंतल ब्यापारियो को धान विक्री कर रहे है वही किसानों से आनलाइन किये गए




कागजात लेकर खाते में पैसा देने को कहते हुए क्रय केन्द्र पर बेच कर मोटी रकम लेने का खेल हो रहा है किसानों ने जिलाधिकारी पवन कुमार गगवार से खरीद में आ रही बाधा दूर कराने की मांग की है। सिकटा महुगढ केन्द्र प्रभारी ने बताया कि चार मील अटैच है जब उनके द्वारा खरीद धान का उठान किया जाएगा और बोर उपलब्ध होगा तभी धान की खरीद होगी। इस संबंध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह का कहना है कि किसानों के धान खरीद में किसी प्रकार की बाधा नहीं होगी अटैच मील को उठान करने व बोरा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गयी है यदि खरीद बाधित है तो जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## अखबार में खबर प्रकाशित होते ही झोलाछाप डॉक्टर व प्राइवेट नर्सिंग होम चलाने वालों में मचा हडकंप

**● स्वास्थ्य विभाग की टीम की गाड़ी देखते ही प्राइवेट झोलाछाप डॉक्टर व अवैध मेडिकल स्टोर मालिक ताला मार कर हो जाते हैं गायब।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज बाजार से लेकर रतेह चौराहा गड़बड़ा धाम गड़बड़ा पुल पर संचालित क्लीनिक और मेडिकल स्टोर पर डिप्टी सीएमओ की अगुवाई में एक महीने के भीतर तीसरी बार की गई छापेमारी बिते सोमवार को भी आई थी स्वास्थ्य विभाग की टीम टीम की गाड़ी देखते ही अवैध मेडिकल स्टोर व अवैध क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मच जाता है तुरंत मेडिकल व क्लीनिक बंद करके भाग निकलते हैं टीम जाने के बाद मेडिकल स्टोर मालिक को अवैध क्लिनिक




संचालित करने वालों के द्वारा आरोप लगाया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम छापेमारी के नाम पर करती है अवैध वसूली वसूली को लेकर मजबूरी में बंद करना पड़ता है मेडिकल क क्लिनिक मेडिकल व अवैध क्लिनिक चलाने वालों का आरोप है कि रजिस्ट्रेशन के नाम पर मांगते हैं स्वस्थ विभाग की टीम वाले पैसा नहीं देने पर बंद कर देते हैं सटर बाद में बुलाते हैं मिर्जापुर जाने पर करते हैं सुलह समझौता मोटी रकम देने के बाद खुलवाते हैं मेडिकल व अवैध क्लिनिक।

## पकरी तिराहा पर 20 मिनट तक जाम में फंसा एंबुलेंस, आरक्षी सोनू कुमार ने अकेले खोलवाया रास्ता

**भदोही।** पकरी तिराहा पर बुधवार की दोपहर एक एंबुलेंस करीब 20 मिनट से अधिक समय तक जाम में फंसी रही। मौके पर किसी भी पुलिस कर्मी की मौजूदगी न होने के कारण जाम लगातार बढ़ता जा रहा था। एंबुलेंस का सायरन लगातार बजता रहा, लेकिन भीड़ इतनी अधिक थी कि रास्ता मिलना मुश्किल हो गया। स्थिति गंभीर होती देख कोतवाली भदोही में तैनात आरक्षी सोनू कुमार मौके पर पहुंचे और अकेले ही प्रयास कर जाम को छुड़ाया, तब जाकर एंबुलेंस को आगे बढ़ने का रास्ता मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि पकरी तिराहा पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, विशेषकर ग्रीन विव पब्लिक स्कूल की छुट्टी के समय बड़ी बसों और स्कूली बच्चों की बाइक से जाम और बढ़ जाता है। लोगों ने पुलिस अधीक्षक से स्थायी समाधान की मांग करते हुए कहा कि आज तो एंबुलेंस किसी तरह निकल गई, लेकिन सायरन बजने के बाद भी राह न खुलना गंभीर चिंता का विषय है।

## ग्रामीण शोध एवं सेवाओं के उन्नयन पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में ग्रामीण विकास, आजीविका संवर्धन तथा व्यवहारिक शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, टीसीएस रिसर्च इनोवेशन की प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जयश्री, शोधकर्ता डॉ. आनंद पांडेय, फार्फ़ निदेशक ऋषि राज मिश्र तथा जेवियर विश्वविद्यालय, उड़ीसा से आए शोधार्थी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण विकास की गति को तीव्र बनाने के लिए तकनीकी संस्थानों, शोध संगठनों एवं विभिन्न सरकारी विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इसी संदर्भ में जनपद के 15 चयनित पिछड़े गांवों में ग्रामीण सेवाओं के विस्तार, आजीविका समूहों के प्रशिक्षण, आर्थिक व व्यवहारिक सर्वेक्षण तथा बच्चों के जीवन कौशल प्रशिक्षण पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय हुआ कि चयनित 15 गांवों में ग्रामीण सेवाओं के उन्नयन हेतु संयुक्त कार्ययोजना तैयार की जाएगी,स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को कौशल विकास, प्रशिक्षण



एवं आजीविका से जोड़ने पर विशेष बल,ग्रामीण परिवारों का आर्थिक एवं व्यवहारिक सर्वेक्षण कर विकास योजनाओं का लक्ष्य आधारित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।बच्चों हेतु जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने का प्रस्ताव का निर्णय लिया गया। टीसीएस, फार्फ़ तथा जेवियर विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त फील्ड स्टडी से ग्रामीण शोध को और मजबूत किया जाएगा।फार्फ़ निदेशक ऋषि राज मिश्र ने बताया कि संस्था की टीम शीघ्र ही टीसीएस व जेवियर विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के साथ चयनित गांवों में कार्य प्रारंभ करेगी। इसके अंतर्गत जेवियर विश्वविद्यालय के रिसर्च स्कॉलर 45 दिनों तक ज्ञानपुर ब्लॉक के भुड़की एवं भिदिउरा गांवों में रहकर ग्रामीण परिवेश, आजीविका, सामाजिक व्यवहार एवं स्थानीय जरूरतों का व्यापक अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करेंगे, जिसका उपयोग आगामी योजनाओं में किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे इस संयुक्त पहल हेतु आवश्यक दस्तावेज, डाटा एवं स्थानीय सहायता समय से उपलब्ध कराएं। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधारने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध होगी तथा इसका लाभ सीधे अंतिम छोर तक पहुंच सकेगा। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. संतोष चक, मुख्य कोषाधिकारी बृजेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आईएएस जैसी प्रतिष्ठित सेवा में भी दिव्यांग लोग कर रहे बेहतर कार्य : जिलाधिकारी

**● विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर बुधवार को आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय, ज्ञानपुर के प्रांगण में जनपदस्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं के सभी विजेता दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शैलेष कुमार तथा विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डाइट विकास चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात खेल ध्वज को फहराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रा.वि. घराव एवं प्रा.वि. उमरिया के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। प्रा.वि. जेठूपुर के बच्चों ने आकर्षक पिरामिड बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जबकि उ.प्रा.वि. प्रयागदासपुर के बच्चों ने साइन लैंग्वेज में एबीसीडी एवं 1 से 100 तक की गिनती प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। अपने संबोधन में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी भी रूप में सामान्य बच्चों से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 'आईएएस जैसी प्रतिष्ठित सेवा में भी दिव्यांग लोग उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।' कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय तथा संचालन बी.एल. पाल ने किया। प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम में जलेबी दौड़ (बालक वर्ग) : हिमांश प्रथम, कृष्णा द्वितीय, शुभम तृतीय जलेबी दौड़ (बालिका वर्ग) : मुनक्का प्रथम, मोनी द्वितीय, महिमा तृतीय रही। रस्साकशी (बालक वर्ग) : शुभम, शनि, आदर्श, पवन, अभय, सहजादे आलम, शनि यादव प्रथम रस्साकशी (बालिका वर्ग) में अक्षिता, अर्शिया, अंशिका, शिवांगी, महिमा, श्रेया, तन्या प्रथम रही।100 मीटर दौड़ (जूनियर बालक) : सोनू यादव प्रथम, अंश यादव द्वितीय, आनंद यादव तृतीय कुर्सी दौड़ (बालिका वर्ग) : अंजलि प्रथम, सृष्टि द्वितीय, मुनक्का तृतीय,कुर्सी दौड़ (बालक वर्ग) : आकाश प्रथम, आनंद द्वितीय, तरस तृतीय व पिरामिड प्रदर्शन में प्रा.वि. जेठूपुर के शुभम,



प्रदीप, ऋतिक, शनि, पवन, जितेंद्र, आदर्श, शनि गौतम एवं शालू ने प्रधानाध्यापक अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूर्ण रूप से नेत्रहीन बच्चों को ब्रेल किट वितरित की गई। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, जिला पीटीआई मनोज उपाध्याय, स्काउट शिक्षक समरजीत यादव, जिला अनुदेशक संघ अध्यक्ष दिलीप सिंह, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रश्मि मिश्रा, नवीन मिश्रा, सौरभ सिंह, कुलदीप चौरसिया, रितेश दीक्षित, अशोक कुमार मिश्रा, अशोक कुमार यादव, मानिकचंद यादव, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. जे.पी. सिंह सहित बड़ी संख्या में विशेष शिक्षक एवं दिव्यांग छात्र उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विकास भवन में दिव्यांगों को वितरित किया गया उपकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही/** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जनपद में दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना, उनके मनोबल को बढ़ाना तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। इसी क्रम में विकास भवन सभागार में एक विशेष वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने उपस्थित दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन किया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दिव्यांगजन हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में पात्र लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसमें 05 ट्राइसाईकिल ,06 व्हील चेयर ,01 स्मार्ट केन का वितरण किया गया, जिससे दिव्यांगजनों को स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने कहा कि शासन की मंशानुरूप जनपद में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजन पहचान एवं सहायता से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की




शिथिलता न बरती जाए। कार्यक्रम में ज्ञान प्रकाश जिला विकास अधिकारी, शत्रुधन कन्नौजिया जिला प्रोबेशन अधिकारी , शशिकान्त प्रसाद जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कर्मचारी, लाभार्थी तथा उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को सम्मानपूर्वक प्रमाणपत्र एवं प्रोत्साहन सामग्री प्रदान की गई।

## बाबा बड़े शिव मन्दिर परिसर में समिति ने नही दी नाबालिग की शादी की अनुमति

**गोपीगंज।** नगर प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव धाम मंदिर परिसर में नाबालिक किशोरी से शादी करने का मंशूबा पूरा नही हो पाया,बाबा बड़े शिव धाम सेवा समिति ने इसकी अनुमति नही दी।बताते चले बाबा बड़े शिव मंदिर परिसर में आए दिन वैवाहिक कार्यक्रम होते हैं,समिति शासन की मंशा के अनुरुप यह देखती है कि शादी करने वाले नव युगल नाबालिग तो नही है। बुधवार को सुबह एक गांव से वर और कन्या पक्ष के लोग मंदिर पर पहुंचे थे जहां वर और कन्या का आधार कार्ड देखा गया जिसमें वर की उम्र 25 साल तथा कन्या की उम्र महज 13 साल थी। कन्या पक्ष स्थानीय थाना क्षेत्र के रहने वाले थे लेकिन वर पक्ष शाहजहापुर का निवासी था उसके परिवार के लोग भी नही थे,इसलिए उन्हें मंदिर परिसर में शादी करने की अनुमति नही दी गई। प्रबंध समिति सचिव रामकृष्ण खट्टू ने बताया कि इस तरह अक्सर लोग मंदिर में आ जाते हैं लेकिन कानूनी कारणों से ऐसे विवाह पर समिति से रोक लगा दी जाती है जिसको लेकर कुछ लोगों द्वारा नाराजगी भी जाहिर की जाती है और सोशल मीडिया पर गलत बयान बाजी कर मंदिर व प्रबंध समिति को बदनाम करने से बाज नहीं आते।

## संक्षिप्त खबरें

### पुजारी की बेटी का अश्लील वीडियो वायरल। नैनी में हड़कंप, पुलिस आरोपी की तलाश में

**नामजद आरोपी पर अगवा, जेवर-नकदी ले जाने और धमकी देने समेत कई गंभीर आरोप।**

**प्रयागराज।** नैनी स्थित एक प्रसिद्ध मंदिर के पुजारी की 19 वर्षीय बेटी का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामला सामने आते ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच तेज कर दी है। वीडियो वायरल होने के बाद इसे लेकर लगातार चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। पुजारी ने अपनी तहरीर में बताया कि अरैल, थाना नैनी निवासी आशीष यादव उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। लड़की अपने साथ घर से सोना-चांदी के जेवरात, लगभग 2 लाख रुपये नकद, आधार कार्ड और मार्कशीट भी ले गई। आरोप है कि आशीष यादव लगातार पुजारी और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देता है और गाली-गलौज करता है। 24 सेकंड के वायरल वीडियो में कथित रूप से आशीष नशे की हालत में दिखाई दे रहा है। वह खुद को लड़की का पति बताते हुए अश्लील हरकतें करता दिख रहा है। वीडियो तेजी से फैलते ही लोगों में तरह-तरह की चर्चाएँ शुरू हो गई। इसके बाद एक और वीडियो सामने आया, जिसमें युवती ने दावा किया कि उसका मोबाइल हैक कर यह वीडियो वायरल किया गया है। पुलिस दोनों वीडियो की जांच कर रही है और आरोपी आशीष यादव की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही हैं।

### अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय खेल कूद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**ब्यूरो प्रयागराज।** अनिल कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति विपिन चंद दीक्षित उच्च न्यायालय इलाहाबाद, विशिष्ट अतिथि जी0 पी0कुशवाहा प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज, अभय श्रीवास्तव उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रयागराज , अनिल कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज, नीतू यादव वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया गया । मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं वरदान है, उन्हें शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हर संभव सहायता को पहुंचाना हम सब का कर्तव्य है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों को सुगम शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है जो सराहनीय है।जनपद के समस्त विकास खंडो से दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग कर विभिन्न प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। 100 मीटर दौड़ मे मूक बधिर बच्चों हेतु शिवम कुमार प्रथम अब्दुल्ला द्वितीय स्थान कन्हैया तृतीय स्थान तथा बालिकाओं में अंजलि प्रथम स्थान एंजेल द्वितीय स्थान मरियम तृतीय ,कुर्सी दौड़ में पृथ्वीराज प्रथम ,हेमराज द्वितीय पार्थ सिंह तृतीय, बैसाखी में मोहित कुमार प्रथम, आदर्श कुमार द्वितीय ,अनमोल तृतीय, चित्रकला में साजिद प्रथम, अब्दुल्ला द्वितीय ,शिवम तृतीय, थ्री लैग रेस में कन्हैया निखिल प्रथम ,अंतिम और सौम्या द्वितीय, आदित्य अंजलि तृतीय स्थान, धागा मोती में संकेत प्रथम स्थान ,मनीष द्वितीय स्थान, ऋषभ तृतीय स्थान तथा बालिकाओं में महिमा पाल प्रथम, सोनाक्षी द्वितीय, रितिका तृतीया, छूकर पहचानो में महिमा पाल प्रथम, मनीष द्वितीय, रितेश तृतीय तथा बालिकाओं में संकेत प्रथम स्थान, वैष्णवी द्वितीय स्थान, अर्चना तृतीय स्थान, रस्साकस्सी सौरव प्रथम स्थान, विजय द्वितीय स्थान, राज तृतीय स्थान, फैंसी ड्रेस में विपिन प्रथम स्थान, प्रमोद द्वितीय स्थान ,राम सिंह तृतीय स्थान तथा बालिकाओं में राधा प्रथम स्थान, लक्ष्मी द्वितीय स्थान ,श्रद्धा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया गया । सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वित्त एवं लेखा अधिकारी श्रीमती नीतू यादव , जिला समन्वयक एमडीएम राजीव त्रिपाठी, खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा सिंह, अनुरागिनी सिंह ,रमाशंकर प्रजापति, अभिभावक गण, समस्त स्पेशल एजुकेटर्स सहित अन्यान्न लोगों द्वारा प्रतिभाग कर कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया गया। सभी उपस्थित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को भोजन उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में समस्त विकास खंडो से एक-एक नोडल टीचर को दिव्यांग बच्चों हेतु सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकास पाण्डेय द्वारा किया गया तथा मंच संचालन शिक्षिका बबिता वर्मा ने किया।समस्त कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के देखरेख में संपन्न हुआ।

# 2018 से पुलिस हिरासत से लापता युवक पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीजीपी को फटकारा

**● कहा–'अगर युवक को मार दिया गया है, तो एसपी को भी बख्शा नहीं जाएगा'**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस की कड़ी आलोचना करते हुए पुलिस हिरासत से 2018 में गायब हुए एक व्यक्ति के मामले को न्याय प्रणाली का 'घोर उपहास' बताया है। जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस संजीव कुमार की खंडपीठ ने राज्य के डीजीपी को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि detenue/कॉपस को 'खत्म' कर दिया गया है, तो इसकी जिम्मेदारी सिर्फ किसी जूनियर अधिकारी पर नहीं थोपी जा सकती और ऐसे हाल में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (SP) को भी बख्शा नहीं जा सकता। यह टिप्पणियाँ 2018 में दायर उस हैबियस कॉर्पस याचिका की सुनवाई के दौरान की गई, जिसे शिव कुमार के पिता ने दायर किया था। शिव कुमार को सितंबर 2018 में एक अपहरण मामले में पुलिस द्वारा उठाए जाने का आरोप है, जिसके बाद से वह दिखाई नहीं दिए। पिता के अनुसार, थाने जाकर पूछने पर इंस्पेक्टर ने आश्वासन दिया था कि लड़की का बयान होने के बाद बेटे को छोड़ दिया जाएगा। लड़की ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान देकर अपहरण से इनकार कर दिया और कहा कि वह घर से अपनी मर्जी से गई थी–लेकिन शिव कुमार फिर कभी घर नहीं लौटे। 25 नवंबर को कोर्ट ने मामले की समयरेखा पर गहरी असंतोष जताते हुए कहा कि हाईकोर्ट की ऑर्डर-शीट 'पुलिस की टालमटोल की किताब' जैसी पढ़ाई देती है। सात वर्षों तक पुलिस ने दावा किया कि शिव कुमार 'लापता' हैं और यह भी कहा कि वह नेपाल भाग गए होंगे। अदालत ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि पुलिस 'इस कोर्ट को गुमराह कर रही है' ताकि कॉपस को प्रस्तुत न करना पड़े। कोर्ट ने कहा: 'उपहास इसलिए, क्योंकि एक व्यक्ति जिसे 2018 में अपराध के सिलसिले में पुलिस स्टेशन में हिरासत में लिया गया था, 2025 में भी लापता है। पुलिस हिरासत से इस तरह गायब हो जाना असहनीय है। ' अदालत ने इस बात पर भी कड़ी आपत्ति जताई कि शिव कुमार की गुमशुदगी पर एफआईआर लगभग तीन साल बाद–मार्च 2021 में–रिकॉर्ड की गई, वह भी हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद। FIR में एक SI और अन्य पुलिसकर्मियों पर अपहरण और आपराधिक साज़िश (धारा 364, 120-B IPC) के तहत मामला दर्ज हुआ। मामले की धीमी प्रगति पर कोर्ट ने डीजीपी से व्यक्तिगत हलफ़नामा मांगा था। 28 नवंबर को डीजीपी राजीव कृष्ण ने हलफ़नामा दायर करके बताया कि एडीजी (गोरखपुर ज़ोन) की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की गई है। लेकिन कोर्ट इस 'देर से हुई कार्रवाई' से अप्रभावित रही और कहा कि 'आठ साल पुराना रूल निसी' अभी भी 'बिना दिशा के तैर रहा है। ' कोर्ट ने दो टूक कहा: 'रूल निसी का जवाब सिर्फ दो तरीकों से दिया जा सकता है– या तो कॉपस को प्रस्तुत करके, या ठोस सबूत देकर कि वह अब इस दुनिया में नहीं है या देश छोड़ चुका है। तीसरा कोई रास्ता नहीं है। '

### करोड़ों रुपए की लागत से बना सड़क किनारे नाला ध्वस्त, अधिकारी मस्त



**नैनी, प्रयागराज।** विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार की कमीशन खोरी के चलते मिर्जापुर मुख्य मार्ग लेप्रेसी से रामपुर तिराहे तक करोड़ों रुपए की लागत से बना नाला इतने ही कम दिनों में ध्वस्त हो गया। आज तक इस नाले में पानी का बहाव नहीं हो सका।बताया जाता है, कि विगत कई साल पहले जल निकासी के लिए मिर्जापुर मुख्य मार्ग लेप्रेसी से रामपुर तिराहे तक नाला का निर्माण कराया गया। जो कि इतने कम दिनों में ध्वस्त हो गया। नाला के ऊपर बनाया गया ढक्कन भी धीरे-धीरे गायब हो गया। ढक्कन गायब होने से रात के अंधेरे में आए दिन दुपहिया वाहन चालक और पैदल जाने वाले लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।लोगों का कहना है, कि संबंधित ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों की कमीशन खोरी के चलते नाला निर्माण कार्य में मानक के अनुसार मटेरियल का इस्तेमाल नहीं किया गया। परिणाम स्वरूप इतने ही कम दिनों में नाला ध्वस्त हो गया। नाला का लेवल सही ढंग से ना निकाले जाने से आज तक इसमें पानी का बहाव नहीं हो पाया।

## उन्नाव में एक मकान पर 45 लोगों के नाम दर्ज, रहने वाले सिर्फ 3, अब होगी जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** उन्नाव जिले में मतदाता सूची सत्यापन के दौरान बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है. सदर तहसील के पूरन नगर क्षेत्र में ऐसा तथ्य उभरकर सामने आया, जिसने जिला प्रशासन को चौंका दिया. यहां एक ही पते पर 45 लोगों के नाम दर्ज पाए गए, जबकि मौके पर मात्र 3 लोग ही रह रहे हैं. इस खुलासे ने सूची तैयार करने की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं. हालांकि अब प्रशासन जांच की बात कह रहा है। जानकारी के मुताबिक, एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान के तहत BLO की टीम जब सत्यापन के लिए पूरन नगर स्थित मकान नंबर 57 पर पहुंची तो उन्हें सूची में दर्ज नामों और वास्तविक आबादी में भारी अंतर दिखाई दिया. पूछने पर मकान मालिक ने साफ कहा कि बाकी 43 नामों के बारे में कोई जानकारी नहीं है. इन्हें पहचानता तक नहीं. पड़ोसियों ने भी इस बात की पुष्टि की कि घर में सिर्फ वही तीन लोग रहते हैं और बाकी नाम पूरी तरह फर्जी प्रतीत होते हैं। इस पूरे मामले ने अफसरों को चौंका दिया. तुरंत जांच के आदेश जारी कर दिए गए. संबंधित BLO से विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की गई है। उधर, जिले में एसआईआर के दौरान कई अहम आंकड़े सामने आए हैं. अब तक लगभग 83.32% डिजिटाइजेशन कार्य पूरा हो चुका है और 2.23 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं. हटाए गए नामों में स्थायी रूप से शिफ्ट हुए, अनुपस्थित और मृतक मतदाता शामिल हैं. बता दें कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 23,25,053 है और सत्यापन अभियान के तहत सूची को शुद्ध बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## श्रम कानूनों के खिलाफ संसद परिसर में विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन, सरकार-कॉरपोरेट नेक्सस का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** संसद भवन परिसर में बुधवार 3 दिसंबर को विपक्षी दलों के सांसदों ने नए श्रम संहिताओं के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, नेता विपक्ष राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में यह धरना मकर द्वार के सामने आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने 'कॉर्पोरेट जंगल राज के खिलाफ नहीं, श्रम न्याय के पक्ष में' का बैनर पकड़ रखा था। विपक्ष ने चारों नई श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग की और केंद्र की मोदी सरकार पर बड़े कॉर्पोरेट्स के हित में पर्यावरण को तबाह करने का गंभीर आरोप लगाया। यह प्रदर्शन संसद के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन हुआ, जब लोकसभा में पहली बार बिना किसी व्यवधान के प्रश्नकाल चला। इंडिया गठबंधन के सांसदों ने प्लेकार्ड और बैनर के साथ नारे लगाए, जिसमें 'श्रम संहिताएं वापस लो' प्रमुख था। प्रदर्शन में प्रियंका गांधी वाड्रा, तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन, डीएमके की कनीमोजी और ए. राजा, सीपीआई(एम) के जॉन ब्रिटास, सीपीआई(एमएल) लिबरेशन के सुदामा प्रसाद समेत कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और वाम दलों के सांसद शामिल हुए।सोनिया गांधी ने प्रदर्शन के दौरान सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। विपक्ष ने संसद में श्रम संहिताओं पर तत्काल चर्चा की मांग की है, जबकि सरकार ने इन्हें श्रमिक सुधार के रूप में पेश किया है। प्रदर्शन नारेबाजी और भाषणबाजी तक सीमित रहा। लेकिन विपक्ष ने चेतावनी दी कि अगर संहिताएं नहीं हटीं तो आंदोलन तेज होगा। इधर, प्रियंका गांधी ने वायु प्रदूषण पर भी बहस की मांग की, जिसके समर्थन में कुछ सांसद गैस मास्क पहने संसद पहुंचे।

### तिलकोत्स्व में भोजन करने आए युवक की बाइक को उचक्कों ने उड़ाया

**गोला बाजार –** गोरखपुर गोला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गोला वार्ड नंबर 2 रानीपुर में रविवार की देर शाम तिलकोत्सव में भोजन करने पहुंचे युवक की बाइक को उचक्कों ने उड़ा दिया। युवक ने घटना की लिखित सूचना गोला थाने पर दे दिया ।पुलिस मामले की जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ है। ।प्राप्त विवरण के अनुसार गोला नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 निवासी संजय यादव पुत्र चानी यादव अपने वार्ड के बगल वार्ड नंबर दो में एक तिलक समारोह में अपनी बाइक से भोजन करने पहुंचा था। बाइक रोड के साइड में खड़ा करके खाना खाने के लिए गया। खाना खाने के बाद वापस बाइक से घर जाने? में बाईक के पास पहुंचा जो देखा कि बाइक वहां से गायब है। बाइक की काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। उसके बाद तुरंत 112 पर सूचना दिया। मौके पर 112 की पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल किया। पीड़ित संजय यादव ने थाने में? बाईक गायब होने की लिखित तहरीर दे दिया है। तहरीर देने के तीन दिन बाद भी गोला थाने में मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया है। कोतवाल गोला का कहना है कि बाइक गायब होने की तहरीर मिली है।पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। घटना सत्य पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही होगी।

## मोदी सरकार ने अरावली पहाड़ियों के लिए 'डेथ वारंट' जैसा कदम उठाया'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अरावली पहाड़ियों के लिए 'डेथ वारंट' जैसा कदम उठाया है। उन्होंने अंग्रेजी दैनिक अखबार 'द हिंदू' के लिए लिखे एक लेख में इस बात का उल्लेख किया कि अरावली के 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले किसी भी क्षेत्र में खनन को छूट दे दी गई है। सोनिया गांधी ने कहा, गुजरात से लेकर राजस्थान और हरियाणा तक फैली अरावली पर्वतमाला ने लंबे समय से भारतीय भूगोल और इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी सरकार ने अवैध खनन से पहले ही बर्बाद हो चुकी इन पहाड़ियों के लिए अब लगभग 'डेथ वारंट' पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। उन्होंने कहा, सरकार ने घोषणा की है कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली कोई भी पहाड़ी खनन के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों के अधीन नहीं है। यह फैसला अवैध खननकर्ताओं और माफियाओं के लिए खुला निमंत्रण है कि वे इस श्रृंखला के उस 90 प्रतिशत हिस्से का भी सफाया कर दें, जो सरकार द्वारा निर्धारित ऊंचाई सीमा से नीचे आता है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकारी नीति निर्धारण में पर्यावरण के प्रति गहरी और निरंतर उपेक्षा व्याप्त है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण को व्यवस्थित रूप से कमजोर कर दिया गया है, लेकिन अब उसके गौरवपूर्ण स्थान को बहाल किया जाना चाहिए और सरकारी नीति और दबाव से स्वतंत्र रूप से कार्य करने की अनुमति दी जानी चाहिए। सोनिया गांधी ने कहा, हमें पर्यावरणीय मामलों पर अधिक अंतर-सरकारी समन्वय के साथ काम करने की आवश्यकता है। एनसीआर में वायु प्रदूषण संकट के लिए भूजल यूरेनियम संदूषण मुद्दे की तरह ही एक संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के साथ एक क्षेत्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संबंधी मामलों पर तो मोदी सरकार को सहकारी संघवाद की भावना अवश्य प्रदर्शित करनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की पर्यावरण नीतियों को कानून के शासन के प्रति सम्मान, स्थानीय समुदायों के खिलाफ नहीं बल्कि उनके साथ काम करने की प्रतिबद्धता और पर्यावरण व मानव विकास के बीच अटूट संबंध की समझ द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, केवल ऐसे दृष्टिकोण के साथ ही हम स्वस्थ और सुरक्षित भारत निर्माण कर सकते हैं।

## कड़ी सुरक्षा में हुआ सैनिक का अंतिम संस्कार, दिया गॉर्ड ऑफ हॉनर, पिता ने दी मुखाग्नि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र में सैनिक विवेक सिंह की मौत के बाद जब शव करछना पहुंचा, तो परिवार में कोहराम मच गया। विवेक का शव देखकर परिवार के लोग विलख पड़े।पत्नी भी बेसुध हो गई। सुबह में कड़ी सुरक्षा के बीच करछना स्थित मनैया घाट पर जवान का अंतिम संस्कार किया गया।

पिता उमाकांत सिंह ने नम आंखों से मुखाग्नि दी।अंतिम संस्कार से पहले सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ आनर दिया गया।बीते 29 नवंबर को स्कॉर्पियो को ओवरटेक करने को लेकर सेना के हवलदार, एक दरोगा, व तीन अन्य साथियों ने लोहे की राड से मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में करछना पुलिस ने पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। धरवारा गांव निवासी विवेक सिंह पुत्र उमाकांत ( 28वर्ष) सेना के इंटेलिजेंस विभाग में दिल्ली में तैनात थे।पिता उमाकांत सिंह सेवा में सूबेदार पद से रिटायर हुए हैं।विवेक सिंह दो भाइयों में छोटे थे,और 3 साल पहले उनकी शादी हुई थी।विवेक की पत्नी प्रतिभा व 2 वर्षीय पुत्र वेदांत है। वह अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी पर घर आए थे।शनिवार देर रात वह अपनी कार से कोहड़ार से लौटते समय धरवारा मोड़ के पास पीछे से आ रही स्कार्पियो सवार कुछ लोगों से ओवरटेक करने को लेकर उनका विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर स्कार्पियो सवार लोगों ने विवेक सिंह के सर पर लोहे की राड से हमला कर दिया,और उन्हें बुरी तरह पीट कर अधमरा कर दिया। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। घर वालों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद जवान को लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ के मिलिट्री हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां बीती रात उनकी मौत हो गई। हमलावर चक, नैनी के रहने वाले हैं। पुलिस ने सेना के हवलदार राजीव कुमार ,राजकमल पांडे, दरोगा दिनेश कुमार यादव,राजीव अग्रहरि,भाईलाल यादव निवासी चक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## करछना में दस फीट का रास्ता दबंगों ने समेटकर दो फीट किया

**● बघेड़ा गांव में बढ़ा तनाव, ग्रामीणों का फूटा आक्रोश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**करछना, प्रयागराज।** यमुनापार के करछना तहसील क्षेत्र में स्थित ग्राम सभा बघेड़ा इन दिनों दबंगई की बड़ी मिसाल बनकर सुर्खियों में है। गांव का वह मुख्य सार्वजनिक रास्ता, जिस पर कभी लोग, बाइकें, बैलगाड़ी, एंबुलेंस तक आसानी से निकल जाती थीं– आज कब्रिस्तान की पगडंडी जैसा संकरा हो गया है। कभी दस फीट चौड़ा रहा रास्ता, दबंग तत्वों की चालाकी और जोर-जबरदस्ती के चलते सिर्फ दो फीट में सिमट चुका है, जो वीडियो और फोटो में साफ तौर पर देखा जा सकता है। गांव के लोगों की हालत यह है कि एक व्यक्ति भी मुश्किल से निकल पा रहा है, और अगर आपात स्थिति हो जाए, तो एंबुलेंस और पुलिस वाहन का पहुंचना लगभग असंभव है।ग्रामीणों ने खोला बड़ा राज – 'यही रास्ता था पूरे गांव की धड़कन 'गांव की महिलाओं और पुरुषों ने बताया कि इसी रास्ते से बच्चे स्कूल जाते थे, किसान अपने ट्रैक्टर लेकर खेतों तक पहुंचते थे, और बीमारों को अस्पताल ले जाने में भी यही मुख्य मार्ग सहारा था। मगर दबंगों के कब्जे ने पूरा सिस्टम ठप कर दिया है। जिन ग्रामीणों ने आवाज उठाई, उनमें शामिल हैं। विजय कुमारी सिंह, नेहा सिंह, ममता सिंह, उर्मिला देवी, कमला देवी, प्रतिमा सिंह,अनिल सिंह, शिवेंद्र कुमार सिंह, इन्द्रेश कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, शिवा सिंह, सिद्धे नारायण सिंह, इन सभी ने एक सुर में कहा– 'हमारी पीढ़ियाँ इसी रास्ते से गुजरती आ रही हैं, इसे कोई भी कब्जा कर कैसे रोक सकता है? यह निजी नहीं, गांव का हक है।' गांव में तनाव, किसी भी वक्त बढ़ सकता है विवाद स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कब्जे के कारण ग्रामीणों में रोष और बेचैनी बढ़ती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से रास्ते को कब्जामुक्त किया जाए, वरना गांव की शांति भंग होने का खतरा बढ़ सकता है।

## चोरों ने लेटे हनुमान मंदिर के पास कार का शीशा तोड़कर लाखों का माल किया साफ

**● दर्शन करने आए परिवार का 6 लाख के आभूषण व नकदी लेकर फरार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** संगम क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। खासकर चारपहिया वाहनों को निशाना बनाकर चोर बेखौफ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला बंधवा स्थित लेटे हनुमान मंदिर के पास का है, जहां फूलपुर से दर्शन करने आए एक परिवार की कार का शीशा तोड़कर लाखों का सामान उड़ा दिया गया। फूलपुर के सराय अब्दुल मलिक निवासी प्रदीप कुमार परिवार समेत अपनी नई कार से लेटे हनुमानजी का दर्शन करने पहुंचे थे। चालक ने मंदिर के पास ही वाहन खड़ा किया। परिवार दर्शन कर लौटा तो देखा कि कार के दाहिनी ओर का शीशा टूटा पड़ा है और कार के भीतर रखा दोनों पर्स गायब हैं। पहले पर्स में दो मोबाइल, 2 हजार रुपए व मेकअप का सामान था, जबकि दूसरे पर्स में करीब 6 लाख रुपए के आभूषण, 22 हजार रुपए नकद व अन्य महत्वपूर्ण सामान रखा था। पूरी वारदात कुछ ही मिनटों में अंजाम देकर चोर फरार हो गए। सूचना पाकर दारागंज पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उचक्कों की तलाश शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले भी संगम क्षेत्र में सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की बोलेरो का शीशा तोड़कर चोर 30 हजार नकद व 6 मोबाइल ले उड़े थे। लगातार हो रही वारदातों से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। बता दे कि संगम पुलिस च सचौकी मंदिर के ओ पास बांध पर स्थित है। यहां निरीक्षक स्तर का पुलिस अधिकारी तैनात है यहां कल दर्जनों स्टाफ है इसके बावजूद चोरी की घटना होनेसे पुलिस चौकी के कर्मियों पर उंगली उठ रही है। लोगों का कि कहना है कि अभी से ही यह हाल है तो मेला शुरू होने पर क्या होगा भगवान ही जाने।

## बारा एनटीपीसी में बड़ा धमाका! 11 केवी ब्रेकर ब्लास्ट—तीन कर्मचारी गंभीर, सुरक्षा लापरवाही पर हंगामा

**● इंजीनियरों पर प्रताड़ना और जबरन काम कराने के आरोप तेज।**

**बिना लाइसेंस हाई- वोल्टेज पर लगवाया काम, गेट पास रद्द करने की कोशिश।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बारा,प्रयागराज।** बारा तहसील अंतर्गत एनटीपीसी के पीपीजीसीएल प्लांट में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट के अंदर कार्यरत पावरमेक कंपनी के सीएचपी इलेक्ट्रिकल सेक्शन में 11 केवी ब्रेकर अचानक ब्लास्ट हो गया। तेज धमाके के साथ उठी चिंगारियों में तीन कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें निखिल शुक्ला की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है, जबकि मनीष पांडे सहित अन्य घायल कर्मचारी अस्पताल में भर्ती हैं। हादसे के तुरंत बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई और श्रमिकों ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि सीएचपी इलेक्ट्रिकल विभाग में लंबे समय से सुरक्षा मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन प्रबंधन और विभागीय इंजीनियर लगातार अनदेखी करते रहे। श्रमिकों ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियर प्रतीक, अमित, संदीप और जितेंद्र यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग कर्मचारियों पर अतिरिक्त काम का दबाव बनाते हैं, गाली-गलौज करते हैं और काम से इनकार करने पर नौकरी से निकालने की धमकी देते हैं। सबसे चौंकाने वाला आरोप यह सामने आया कि घायल निखिल शुक्ला के पास कोई इलेक्ट्रिकल लाइसेंस नहीं था, इसके बावजूद उन्हें हाई-वोल्टेज उपकरण के पास काम करने के लिए मजबूर किया गया। न तो उन्हें सुरक्षा किट दी गई और न ही यह काम उनकी ड्यूटी सूची में शामिल था।कर्मचारियों ने यह भी दावा किया कि हादसे के तुरंत बाद घायल श्रमिकों के गेट पास रद्द कर देने की कोशिश की गई, जिससे उनका गुस्सा और भड़क उठा। श्रमिक यूनियन ने इसे 'लापरवाही छुपाने की साजिश' बताया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने जिलाधिकारी प्रयागराज और श्रम विभाग से तत्काल जांच और हस्तक्षेप की मांग की है। चेतावनी भी दी गई है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जाएगा। फिलहाल प्रशासन की ओर से आधिकारिक जांच की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन बढ़ते विरोध और गंभीर आरोपों के चलते माना जा रहा है कि जल्द ही उच्चस्तरीय जांच हो सकती है।

# गौहनिया बाईपास पर उबल रहा आक्रोश

**● 17वें दिन भी किसानों का धरना जारी, पानी न मिलने से भूख- प्यास में तप रहे ग्रामी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौहनिया बाईपास पर पेयजल संकट को लेकर किसानों का धरना प्रदर्शन लगातार 17वें दिन भी जारी है। ग्रामीणों ने जलकल विभाग पर पानी की आपूर्ति आआएपूरी तरह ठप रखने और 'हर घर नल से जल' योजना में करोड़ों की अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान यूनियन अध्यक्ष राजीव चंदेल ने कहा कि अधिकारी केवल आश्वासन देकर चलते बनते हैं, लेकिन जमीन पर एक भी ठोस कदम उठता नहीं दिख रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा, धरना नहीं रुकेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि बारा तहसील क्षेत्र के लिए 4 करोड़ 30 लाख की परियोजना स्वीकृत हुई थी, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण यह योजना कागजों तक ही सीमित रह गई है। कई स्थानों पर पाइपलाइन टूटी पड़ी, पानी की टंकियां अधूरी, और जहां पाइपलाइन बिछ भी गई—वहां एक बूंद पानी नहीं पहुंच रहा। महिलाएं रोज कई किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पहाड़ी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्थिति गर्मी के मौसम में भयावह हो जाती है। उनका कहना है कि जलकल विभाग ने फर्जी प्रगति रिपोर्ट बनाकर काम पूर्ण दिखा दिया, जबकि हकीकत में गांव प्यास से जूझ रहे हैं। किसानों ने कई बार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा, लेकिन हर बार सिर्फ 'जल्द कार्रवाई होगी' का आश्वासन ही मिला है। धरना स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, किसान और ग्रामीण एकत्र हो रहे हैं। रात में भी बैनर-पोस्टर और लालटेन के साथ प्रदर्शन जारी है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान न हुआ तो आंदोलन को जिला स्तर पर विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह सिर्फ पानी की समस्या नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन और सम्मान का प्रश्न है। धरना स्थल का माहौल शांतिपूर्ण है, लेकिन ग्रामीणों में स्पष्ट आक्रोश देखने को मिल रहा है। प्रशासन की ओर से अब भी ठोस कार्रवाई का इंतज़ार है।

## संक्षिप्त खबरें

### ठंड बढ़ने से बढ़ी आमजन की मुश्किलें, मरीजों व वृद्धों पर सबसे अधिक प्रभाव

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया में 1 दिसंबर से बढ़ी ठंड ने जनजीवन पर असर डालना शुरू कर दिया है। खास तौर पर मरीजों और वृद्धजनों के लिए परेशानी बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हवाओं के रुख में बदलाव के कारण दिसंबर माह में शीतलहर की स्थिति और प्रबल हो सकती है। इधर, बच्चों में सर्दी, खांसी और हल्के बुखार के मामलों की बढ़ोतरी की सूचना मिल रही है। बीते दिनों आसमान में छाए सफेद बादलों और हल्की वर्षा की संभावना के बावजूद बादल छंटने के बाद तेज धूप निकलने से लोगों को अस्थायी राहत जरूर मिली है। कृषि पर मौसम का खासा प्रभाव देखा जा रहा है। यदि वर्षा होती तो रबी फसलों को लाभ मिलता, लेकिन साथ ही धान की फसल को नुकसान की आशंका भी जताई गई थी। फिलहाल क्षेत्र में धान कटाई का कार्य चरम पर है और अधिकांश खेतों में धान अभी भी पड़ा हुआ है, ऐसे में बारिश किसानों की चिंता बढ़ा सकती थी। ठंड के बढ़ते असर के बीच गर्म कपड़ों और कम्बलों की खरीदारी में भी तेजी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस वर्ष बीते कई सालों की तुलना में अच्छी वर्षा हुई है, जिसके चलते इस बार ठंड अधिक पड़ने की संभावना है। फिलहाल, तेज धूप की किरणों ने कुछ राहत जरूर दी है, लेकिन मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट जारी रह सकती है। ऐसे में मौसम के अनुरूप ढलना जरूरी होगा, विशेषकर वृद्धजनों और बीमार लोगों के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी।

### प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर साव की सेवा निवृत्ति पर भावपूर्ण विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**केरेडारी, हजारीबाग, झारखण्डः-** केरेडारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर साव के सेवा निवृत्त होने पर स्थानीय प्रखंड संसाधन केंद्र सभागार में भावनात्मक विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, शिक्षाकर्मियों तथा ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर श्री साव के लंबे शैक्षिक योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह की शुरुआत विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत और इसके बाद उपस्थित शिक्षकों ने जवाहर साव को शॉल, फूलमाला और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया सभी ने उनके सरल स्वभाव, अनुशासित कार्यशैली और शिक्षा के प्रति समर्पण को याद करते हुए जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि श्री साव ने प्रखंड के दूर-दराज के विद्यालयों तक शिक्षा की रोशनी पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निरीक्षण दौरों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंन शिक्षकों का मार्गदर्शन किया, जिससे पठन-पाठन की गुणवत्ता में सुधार हुआ। वक्ताओं ने यह भी कहा कि उन्होंने हमेशा स्कूलों में नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट घटाने और बच्चियों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। जवाहर साव ने भावुक स्वर में सभी सहयोगियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रखंड की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में जो भी कार्य हुआ, वह टीम भावना और साथियों के सहयोग से ही संभव हो पाया। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाते रहें और बोर्ड परीक्षाओं के बेहतर परिणाम के लिए मिलकर प्रयास करें कार्यक्रम के अंत में उन्हें यादगार उपहार देकर शुभकामनाएं दी गई और उनके दीर्घ, स्वस्थ जीवन की कामना की गई। विदाई के दौरान कई शिक्षकों की आंखें नम हो गई और वातावरण भावुक हो उठा।

### मिशन नारी शक्ति के तहत गुरकीरत कौर को बनाया गया एक दिन की प्रधानाध्यापिका



**हमीरपुर :-** मिशन शक्ति के अंतर्गत बुधवार के दिन आर.एन. गुरुकुलम स्कूल, कुरारा, हमीरपुर द्वारा कक्षा 7 की छात्रा गुरकीरत कौर को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका के रूप में नियुक्त किया गया। यह जिम्मेदारी स्कूल के प्रधानाध्यापक सचिन यादव द्वारा उन्हें सौंपी गई।छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की योग्यता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम ने विद्यालय में उत्साह का माहौल बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बृज किशोर गुप्ता, विद्यालय के मैनेजर कृष्ण कुमार गुप्ता, एवं प्रधानाध्यापक सचिन यादव ने गुरकीरत कौर को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभाशीष प्रदान किए और कहा कि इस प्रकार की पहल से बालिकाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है।विद्यालय परिवार ने गुरकीरत कौर के इस चयन पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बरही विधायक ने जेएसएलपीएस की महिलाओं को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत ट्रैक्टर का किया वितरण

● ट्रैक्टर वितरण योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का एक प्रभावी माध्यम है : विधायक मनोज यादव



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत बुधवार को प्रखण्ड परिसर में भंडारों के जेएसएलपीएस सहकारिता ग्रुप सत्यम आजीविका सखी मंडल बेहराबाद को ट्रैक्टर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बरही विधायक मनोज यादव ने महिलाओं के इस समूह को ट्रैक्टर की चाबी सौंपकर योजनाओं का लाभ ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक पहुँचने की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय द्वारा विधायक मनोज यादव को बुके देकर स्वागत करने के साथ हुई। इसके बाद विधायक ने विभागीय पदाधिकारियों से योजना की प्रगति और लाभार्थियों तक पहुंचने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है, जिससे वे कृषि कार्यों में आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का एक प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर उपलब्ध होने से महिलाओं के आजीविका समूह न केवल कृषि कार्यों में गति लाएंगे, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि गांवों की महिलाएं भी आधुनिक कृषि तकनीक से जुड़ें और आत्मनिर्भर बनें। ट्रैक्टर उपलब्ध होने से खेती-किसानी में लागत कम होगी और उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे स्वयं निर्णय लेने में सक्षम बनेंगी। भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि सरकार द्वारा जेएसएलपीएस समूह से जुड़ी महिलाओं को 50 प्रतिशत अनुदान पर ट्रैक्टर उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, ट्रैक्टर से जुड़ी सामग्री पर 80 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है, जिससे कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीक का उपयोग आसान हो सकेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष सह भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, खोड़ाहर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि देवनन्दन यादव, पूर्व मुखिया बासुदेव यादव, अशोक यादव, दिलीप यादव, लक्ष्मण यादव, सचिन यादव, पिंटू ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, कैलाश यादव, उपमुखिया रोहित यादव सहित कई ग्रामीण व समूह की महिलाएं मौजूद थीं।

## बलिया में बच्चे का हत्यारा मुठभेड़ में गिरफ्तार: तंज का बदला लेने के लिए 10 वर्षीय शिवम को पानी में डुबोकर मार डाला था

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलिया।** जिले को हिलाकर रख देने वाले 10 वर्षीय बच्चे की सनसनीखेज हत्या का खुलासा हो गया है। फेफना थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ के बाद आरोपी प्रतीक वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मंगलवार देर रात आमडारी से पकड़ी जाने वाले मार्ग पर हुई, जब फेफना थाना पुलिस संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक युवक को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे घायल कर धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रतीक वर्मा (पुत्र शम्भू वर्मा, निवासी आमडारी, फेफना) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और हत्या के समय पहने हुए कीचड़ लगे कपड़े बरामद किए हैं। एएसपी दक्षिणी कृपा शंकर ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने 30 नवंबर की शाम 6:30 बजे हुई घटना का पूरा राज खोला। प्रतीक ने स्वीकार किया कि उसने अपने मोहल्ले के शत्रुधन वर्मा द्वारा तंज कसने से क्षुब्ध होकर उनका बदला लेने की ठान ली थी। इसी दुर्भावना में उसने शत्रुधन के 10 वर्षीय भतीजे शिवम वर्मा उर्फ यशवंत को बहला-फुसलाकर खेत की ओर ले गया। आरोपी ने बताया कि खेत में बने एक गड्ढे में पानी भरा था। वहीं उसने शिवम को जबरन डुबोकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद वह शव को बोरे में भरकर छिपाकर फरार हो गया था। शिवम की तलाश में परिजन और पुलिस रातभर परेशान रहे थे, और 16 घंटे बाद बच्चे का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या, सबूत मिटाने और पुलिस पर फायरिंग की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में इस जघन्य घटना के बाद तनाव और आक्रोश का माहौल है।

## युवक ने दरोगा पर लगाए रुपये चैन और मोबाइल छीनने के आरोप, जिम्मेदार मौन

**हमीरपुर :-** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के कम्हरिया गांव के रहने वाले युवक मोहम्मद शाहिद ने दरोगा दिशांत खोखर पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि 1 दिसंबर को उसे और उसके साथियों को रोककर दरोगा ने तलाशी के नाम पर 15 हजार रुपये, मोबाइल फोन और चांदी की चांदी की चैन छीन ली, साथ ही थाने ले जाकर हवालात में बंद कर दिया गया। अगले दिन बीएनएसएस की धारा 126, 135, 170 में चालान कर दिया गया।जबकि इस बडे मामले को लेकर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कुछ बोलने से बच रहा है। पीडित ने बताया कि,जमानत होने के बाद जब युवक थाने पहुंचा और अपना सामान वापस मांगा तो दरोगा ने उसे गालियां देते हुए धमकाया और कहा कि '50 हजार रुपये चाहिए, नहीं तो झूठा गांजा लगाकर फिर से फंसा दूंगा। 'पीड़ित युवक ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच, छीने गए रुपये-सामान वापस दिलाने तथा सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।वहीं इस मामले से क्षेत्राधिकारी ने अनभिज्ञता जताई है जबकि कोतवाली प्रभारी ने जानकारी कराने की बात कही है।

## 'संजय निषाद के बयान पर भड़के पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल: बलिया का अपमान बर्दाश्त नहीं, मानसिक जांच और माफी की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद द्वारा बलिया के इतिहास और यहां की जनता पर दिए गए विवादित बयान ने जिले की राजनीतिक और सामाजिक फिज़ा को पूरी तरह गर्म कर दिया है। बयान सामने आने के बाद स्थानीय संगठनों, राजनीतिक दलों और आम जनमानस में गहरा आक्रोश फैल गया है। इसी मुद्दे पर अब पूर्व मंत्री और भाजपा नेता आनंद स्वरूप शुक्ल ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मंत्री संजय निषाद के बयान को 'बलिया के स्वाभिमान पर आघात' करार दिया है। बलियाः स्वतंत्रता आंदोलन का गौरवशाली अध्याय पूर्व मंत्री ने अपने बयान में कहा कि बलिया का इतिहास किसी परिचय का मोहताज नहीं है। 1857 की क्रांति में मंगल पांडे और 1942 के 'बलिया स्वतंत्र शासन' से लेकर राष्ट्रीय आंदोलन में इस जिले ने अद्वितीय भूमिका निभाई है। चित्तू पांडेय जैसे वीर सपूतों और हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने यहां की मिट्टी को बलिदान, संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक बनाया है। ऐसे जिले पर अपमानजनक टिप्पणी करना न सिर्फ गलत है बल्कि राष्ट्र की भावना को ठेस पहुंचाने जैसा है। शुक्ल ने कहा 'जिस जिले ने आज़ादी के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय लिखा हो, उसके बारे में ऐसी अनुचित टिप्पणी अस्वीकार्य है। मंत्री संजय निषाद ने बलिया के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला बयान दिया है। 'आनंद स्वरूप शुक्ला ने मंत्री संजय निषाद के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस तरह के शब्द किसी ज़िम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देते। उनका कहना है कि जब जनता किसी नेता को मंत्री पद तक पहुंचाती है, तो वह अपेक्षा करती है कि नेता उसके सम्मान, उसके इतिहास और उसकी संस्कृति का आदर करेगा। ऐसे में मंत्री निषाद का बयान न केवल राजनीतिक रूप से गलत है, बल्कि सामाजिक रूप से भी बेहद असंवेदनशील है। मानसिक संतुलन की जांच होनी चाहिए, सार्वजनिक रूप से माफी की मांग पूर्व मंत्री शुक्ला ने यह भी कहा कि मंत्री संजय निषाद को अपने बयान पर तुरंत जनता से माफी मांगनी चाहिए। यह खबर आनंद स्वरूप शुक्ला के सोशल मीडिया फेसबुक वॉल से लिया गया है।

## विश्व में मित्रता की मिशाल हैं श्रीकृष्ण और सुदामा

**हमीरपुर :-** सुमेरपुर के तपोस्थली में चल रही श्री गायत्री महायज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा के आखिरी दिन कथा व्यास ने कथा सुनाते हुए कहा कि कृष्ण सुदामा की अनोखी मित्रता का दूसरा उदाहरण विश्व में नहीं है। कथा सुनने के लिए भारी उमड़ी हुई थी। श्रीमद् भागवत कथा के आखिरी दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता का मार्मिक वृतांत सुनाते हुए कहा कि उनकी मित्रता की दूसरी मिसाल विश्व में आज तक नहीं है और विगत भविष्य में संभव नहीं है। इसके पूर्व उन्होंने कहा कि शबरी लक्ष्मी जी का अवतार थी उन्होंने श्री कृष्ण के साथ यदुवंश की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाह हुए थे प्रत्येक पत्नी से एक पुत्र तथा एक पुत्री थी। जिनको पढ़ाने के लिए 3लाख 88 हजार शिक्षक तैनात किए गए थे उन्होंने यदुकुल के श्राप की भी कथा सुनाई अंत में उन्होंने कहा की भागवत धर्म करने से मनुष्य मृत्यु के भय से मुक्त हो जाता है कथा सुनने के लिए पंडाल में भारी भीड़ हुई थी। गुरुवार को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ इस दस दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन हो जाएगा।

## गिरिडीह में गोलीकांड का खुलासा: 12 घंटे में मुख्य आरोपी सहित पांच गिरफ्तार, हथियार बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गिरिडीह, झारखंडः-** बीते 2 दिसंबर की संध्या करीब 5: 30 बजे पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह को सूचना प्राप्त हुई कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत झगरी बस्ती में खुर्शीद अंसारी नामक एक व्यक्ति को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार दी गई है। पुलिस अधीक्षक गिरिडीह द्वारा प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर गिरिडीह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।

गठित दल के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए मानवीय सूचना एवं तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर 12 घंटो के अंदर इस घटना में शामिल मुख्य अभियुक्त गो0 जाकिर अंसारी उर्फ जग्गू, उम्र 20 वर्ष, पिता स्व0 गनी अंसारी, सा0 झगरी, थाना-मुफस्सिल जिला-गिरिडीह एवं इनके सहयोगी 01. मो0 असलम मंसूरी, 02 मो0 फैयाज अंसारी उर्फ छोटू अंसारी, 03. मो0 रुस्तम अंसारी उर्फ बब्लू अंसारी, 04. मो0 इरशाद अंसारी उर्फ सोनू को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं मुख्य अभियुक्त मो0 जाकिर उर्फ जग्गू के निशानदेही पर इस घटना में प्रयुक्त हथियार को जप्त किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों की विवरणी मो0 जाकिर अंसारी उर्फ जग्गू, पिता- स्व0 गनी अंसारी, पता-झगरी, थाना मुफस्सिल, जिला-गिरिडीह मो0 असलम मंसूरी, पिता इस्माईल मंसूरी, सा0 नयाधौडा, थाना मुफस्सिल, जिला-गिरिडीह मो0 फैयाज अंसारी उर्फ छोटू अंसारी, पिता मो0 मुबारक अंसारी, साठ-झगरी, मुफस्सिल जिला-गिरिडीह मो0 रूस्तम अंसारी उर्फ बब्लू अंसारी, पिता स्व0 गुलाम मुस्तफा सा0-झगरी, मुफस्सिल, जिला-गिरिडीह मो0 इरशाद अंसारी उर्फ सोनू पिता-इस्राईल मिया, सा0-अघनचुंआ, थाना-बेंगाबाद जिला-गिरिडीह। जप्त सामानों की विवरणी खोखा 7.65 बोर 02कंट्री मेड पिस्टल 01 मोबाईल04मोटरसाईकिल-0छापामारी दल जीतबाहन उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, गिरिडीह जीतेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी, बेंगाबाद थाना, गिरिडीह श्याम किशोर महतो पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, मुफस्सिल थाना, गिरिडीह आनंद कुमार सिंह, थाना प्रभारी, गाण्डेय थाना, गिरिडीह पु0अ0नि0 विवेक कुमार माथुरी पु0अ0नि0 संजय कुमार पु0अ0नि0 बद्धेश्वर उरांव पु0अ0नि0 मुकेश कुमार पंडित पु0अ0नि0 शैलेन्द्र कुमार सिंह स0अ0नि0 चंदन तिवारी स0अ0नि0 सुबोध कुमार दास मुफस्सिल थाना के सशस्त्र बल।

## जिलाधिकारी ने नहरों के सिल्ट सफाई कार्य का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा सरयू नहर खण्ड प्रथम बांसी के सिसई रजवाहा एवं मिठवल रजवाहा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सिसई रजवाहा एवं मिठवल रजवाहा के नहरों में सिल्ट सफाई/स्कैपिंग/जंगल सफाई के कार्य को देखा गया। सिल्ट सफाई का कार्य प्रारम्भ पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा सिल्ट सफाई कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड प्रथम बांसी को सिल्ट सफाई/स्कैपिंग/जंगल सफाई कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जेई को नियमित कार्य का निरीक्षण कर सिल्ट सफाई/स्कैपिंग/जंगल सफाई कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड प्रथम बांसी, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता आदि उपस्थित थे।

## गोपालगंज के भागीपट्ट ग्रामीण बैंक में लिंक और सर्वर की समस्या से उपभोक्ता और कर्मचारी परेशान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोपालगंज ( बिहार )-** गोपालगंज जिले के कटेया प्रखंड के अमेया पंचायत स्थित समउर भागीपट्टी मे एक मात्र ग्रामीण बैंक के भरोसे है पूरा ग्रामीण इलाका जब की पास मे समउर बाजार के ब्यवसाई भी इसी बैंक पे आश्रित हैं. बात हो रही है उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक भागी पट्टी की। यहाँ आये दिन उपभोक्ता कभी लिंक तो कभी सर्वर की समस्या से खाली हाथ लौट रहे हैं इस समय खेती का सीजन है खाद बीज खरीदने के लिए तो कुछ लोग शादी ब्याह मे खर्च करने के लिए तो कुछ लोग अपनी जरुरत पूरा करने के लिए बैंक जा रहे हैं की पैसा लेके आएंगे पर कभी लिंक की वजह तो कभी सर्वर की परेशानी सुन कर वापस निराश होकर आना पड़ रहा है। कैशीयर से बात हुई तो वो बोले की हम सब खुद परेशान हैं कभी लिंक नहीं रहता तो कभी स्लो सर्वर हम कोई कार्य ही सुचारु रूप से नहीं कर पा रहे हैं.। एक कर्मचारी बताये कि हम लोग ऊपर तक अपने अधिकारीयों से इसकी कई बार शिकायत किये हैं पर अभी तक कोई निस्तारण नहीं हो सका। बैंक मे आये संतोष गुप्ता, राजेश गुप्ता,आदि कई लोगों ने इस समस्या के बारे मे बताया उन लोगों का तथा बैंक के अन्य ग्राहकों का कहना हैं द्य4ष् कराने तथा कोई भी कार्य कराने के लिए बैंक में दो बार तीन बार जाना पड़ता हैं कभी काम हो जाता हैं कभी कभी कई दिनों तक चक्कर लगाना पड़ जाता हैं।

## स्वदेशी अपनाओ अभियान के तहत दुर्गा पूजा पंडालों को किया गया सम्मानित

● जिला पदाधिकारी ने उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रदर्शन करने वाली समितियों को दिया पुरस्कार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोपालगंज ( बिहार )-** उद्योग विभाग द्वारा स्वदेशी अपनाओ अभियान के तहत एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दशहरा पूजा 2025 के दौरान गोपालगंज जिलांतर्गत विभिन्न पूजा समितियों द्वारा निर्मित कलात्मक एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध पूजा पंडालों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था जिला पदाधिकारी श्री पवन कुमार सिन्हा ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन पंडालों को पुरस्कृत किया, जिन्होंने इस वर्ष अपने उत्कृष्ट स्वरूप के माध्यम से भारत और बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को अनूठे ढंग से प्रदर्शित किया था। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाओ अभियान न केवल स्थानीय कला, संस्कृति और श्रम को प्रोत्साहन देता है, बल्कि समाज में आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक जुड़ाव को भी मजबूत करता है।

**पुरस्कृत पूजा पंडालों की घोषणा इस प्रकार की गई—**

1. प्रथम पुरस्कार राजा दल दुर्गा समिति, स्टेशन रोड, गोपालगंज पुरस्कार राशिः 25,000/- प्रशस्ति पत्र
2. द्वितीय पुरस्कार न्यू राज दल पूजा समिति, बंजारी रोड, गोपालगंज पुरस्कार राशिः 15,000/- प्रशस्ति पत्र
3. तृतीय पुरस्कार छात्र दल पूजा समिति, घोष मोड़, गोपालगंज पुरस्कार राशिः 5,000/- प्रशस्ति पत्र

जिला पदाधिकारी ने पुरस्कार प्रदान करते हुए सभी समितियों की रचनात्मकता, परंपरागत कलाकृतियों के संरक्षण एवं स्थानीय कलाकारों के प्रोत्साहन की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में और भी ज्यादा समितियाँ स्वदेशी थीम पर कार्य कर स्थानीय कौशल और संस्कृति को बढ़ावा देंगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (राजस्व), गोपालगंज, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, तथा जिला कला एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और जिले में स्वदेशी एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

## प्लस टू राजकीयकरण उच्च विद्यालय पाकुड़िया में प्रखण्ड स्तरीय गुरु गोष्ठी सम्पन्न



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू राजकीयकृत उच्च विद्यालय, पाकुड़िया के सभागार में 3 नवंबर को प्रखण्ड स्तरीय गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्रीमती समीता मरांडी ने की। गुरु गोष्ठी में प्रखण्ड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बीपीओ अल्फ्रेड टुडू, सीआरपी तथा बीआरपी भी उपस्थित रहे। बैठक में झड़र एप की कार्यप्रणाली, एमडीएम के मासिक प्रतिवेदन का समय पर संकलन, विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई तथा विद्यालयों को निर्धारित समय पर खोलने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुझाव साझा किए गए। प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने शिक्षकों से अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने तथा विद्यार्थियों के हित में निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।

## बरही में दर्दनाक सड़क हादसा: अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर डिवाइडर से टकराई, तीन की मौत, सात गंभीर घायल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बरही, हजारीबाग, झारखण्डः-** बुधवार की अहले सुबह जीटी रोड पर गंगटाही पंचमाधव पुल के पास एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना अहले सुबह 7:20 बजे की है। पश्चिम बंगाल के कुल्टी से बिहार जा रही डब्लूबी 44 ए 0415 नंबर की कार की जोरदार टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में पूनम देवी पति शिवनाथ यादव, जय भगवान यादव पिता श्रीनाथ यादव और 6 वर्षीय अंशिका कुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। तेज आवाज सुनते ही आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्परता से राहत-बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को पिकअप की मदद से बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी और डॉ. विक्रम कुमार की टीम ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। गंभीर रूप से घायलों में ज्योति कुमारी 24 वर्ष, सुभाष यादव 6 वर्ष, धर्मेंद्र यादव, अभिराज कुमार 10 वर्ष, मृत्युंजय कुमार 8 वर्ष, शिवम कुमार 10 वर्ष, कौशल्या देवी शामिल है। घायलों की स्थिति नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें तुरंत हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बरही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के संभावित कारणों की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने की बात सामने आई है, हालांकि पुलिस ने कहा कि सभी बिंदुओं पर जांच जारी है। पुलिस ने कार को जब्त कर आगे की विधि-व्यवस्था संबंधी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह के समय इस मार्ग पर भारी वाहन आवाजाही के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। घटना स्थल पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, पुलिस अवर निरीक्षक राजबल्लभ यादव, रूपलाल यादव, बादल हेम्ब्रम, ग्रामीण पुलिस गणेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## आदर्श लक्ष्य चौथी बार चुने गए झारखंड-बिहार बिल्डर्स यूनियन के अध्यक्ष

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**देवघर, झारखंडः-** झारखंड-बिहार बिल्डर्स यूनियन की वार्षिक आम बैठक 2025-26 बीते बुधवार को शहर के एक प्रतिष्ठित निजी होटल में उत्साह, सहभागिता और गरिमामय माहौल के बीच संपन्न हुई। बैठक में झारखंड और बिहार के विभिन्न जिलों—देवघर, दुमका, बोकारो, धनबाद, पटना, गया, भागलपुर आदि—से बिल्डर्स, ठेकेदार, सहयोगी सदस्य तथा वरिष्ठ सलाहकार बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक के प्रारंभ में महासचिव ने यूनियन की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर आधारित वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें पिछले वर्ष के विकास कार्यों, निर्माण क्षेत्र की चुनौतियों, नीतिगत परिवर्तनों तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने जीएसटी संरचना, श्रम कानून, तकनीकी समस्याओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं से सम्बंधित अपने सुझाव भी रखे। बैठक का मुख्य आकर्षण रहा संगठन का वार्षिक चुनाव, जो पूर्णतः पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ सम्पन्न हुआ। रोमांचक मुकाबले के बीच देवघर के उद्योगपति एवं सामाजिक कार्यकर्ता आदर्श लक्ष्य ने भारी मतों से विजय प्राप्त कर चौथी बार अध्यक्ष पद पर अपना स्थान सुरक्षित किया। इस वर्ष उन्हें कुल मतों के लगभग तीन-चौथाई वोट हासिल हुए, जो उनके नेतृत्व के प्रति सदस्यों के विश्वास को दर्शाता है। अन्य पदों पर भी सर्वसम्मति और व्यापक समर्थन के साथ प्रतिनिधियों का चयन किया गया। प्रदीप मोदी, मनोज घोष और कल्पना अग्रवाल को उपाध्यक्ष चुना गया। नरेंद्र सिंह को महासचिव का दायित्व सौंपा गया, जबकि सचिव पद पर विक्रम खेमका और उपेंद्र भारद्वाज निर्वाचित हुए। वित्तीय मामलों की जिम्मेदारी कोषाध्यक्ष बी. एस. झा और सह-कोषाध्यक्ष मनोरंजन सिंह को सौंपी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यूनियन निर्माण क्षेत्र की समस्याओं और नीतिगत सुधारों को लेकर सरकार के समक्ष निरंतर मजबूती से आवाज उठाती रही है और आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। उन्होंने बताया कि यूनियन शीघ्र ही प्रशिक्षण कार्यक्रम, तकनीकी वर्कशॉप, डिजिटल निर्माण तकनीकों को बढ़ावा देने तथा युवा बिल्डर्स के लिए नए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने जैसी कई पहल शुरू करने जा रही है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और संगठनात्मक एकजुटता स्पष्ट रूप से देखने को मिली, जिसने यूनियन की सशक्त तथा प्रभावी भूमिका को और मजबूत किया।

## के. एन. मेमोरियल स्कूल देवइत मेहनगर आजमगढ़ में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया

देवइत आजमगढ़ में स्थित विद्यालय के. एन. मेमोरियल स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन दिनांक 3-12-2025 को किया गया। जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विद्यालय के संस्थापक श्री रामलगन यादव ,निदेशक श्री कृष्णकांत यादव,प्रबंधक श्री राकेश विश्वकर्मा व प्रधानाचार्य श्रीमती राजलक्ष्मी शर्मा ने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के.यादव व डॉ.के.एम.पाण्डेय जी को आमंत्रित किया और बच्चों का निःशुल्क परीक्षण करवाया और निःशुल्क दवा वितरण करवाया। इसमें स्कूल के समस्त शिक्षक का भी पूर्ण योगदान रहा। जिसमें वाइस प्रिंसिपल श्री चन्दन वेनबंशी,श्री नरेंद्र प्रजापति,श्री शनि मौर्या,श्री विवश थापा, श्रीमती प्रज्ञा, श्रीमती प्रिया, श्रीमती निधि, श्रीमती प्रियंका यादव, श्रीमती कविता, मुस्कान ,पल्लवी, फ़लक, रुही, जयलक्ष्मी, दीक्षा, श्रीमती प्रियंका, आमिर सुल्तान खान आदि शिक्षक शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग किया जो कि बहुत प्रशंसनीय रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### शत-प्रतिशत एसआईआर करने वाले बीएलओ सम्मानित



**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) का कार्य 04 नवम्बर 2025 से प्राथमिकता के आधार पर चल रहा है, जिसका सम्पादन ससमय किया जाना अति आवश्यक है। इसी सपने को शाकार करने के लिए जिला प्रशासन के निकट पर्वेक्षण में 226-ललितपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत कार्य करने वाले लगभग 50 बी.एल.ओ. द्वारा शत-प्रतिशत एस.आई.आर का कार्य पूर्ण किया गया है, जिसमें अलिखेश दुबे, रशीदा बानो, अंगूरी, पिंकी, अंजना, सुषमा, बबीता, निशा नामदेव, सुलेखा, ऊषा नामदेव, सखी खटीक, रेखा वर्मा, गीता रजक, रामदेवी, गीतादेवी आदि बी.एल.ओ. सम्मिलित है। जिन्हें एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष कुमार एसडीएम न्यायिक ज्ञानेन्द्र विक्रम, अपर एसडीएम प्रथम भूपेन्द्र सिंह, तहसीलदार तनवीर हसन, नायब तहसीलदार घनेन्द्र तिवारी, सीडीपीओ खूशबू यादव ने फूलमाला पहनाते हुये मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्द्धन किया।

### प्रचार-प्रसार कर रहे ई-रिक्सा चालक से मारपीट

**तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** बालाजी मंदिर गोविंद नगर में होने वाले हवन का ई-रिक्शा पर माइक लगाकर प्रचार-प्रसार कर रहे चालक से दो युवकों ने आवाज कम करने की धमकी देते हुये मारपीट कर दी। ई-रिक्शा चालक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। शहर के मोहल्ला गांधीनगर में रहने वाले परशुराम पाल पुत्र दलू पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर अपना व परिवार का भरण-पोषण करता है। बीते मंगलवार 2 दिसंबर को वह गोविन्द नगर में बालाजी मंदिर पर होने वाले हवन को लेकर प्रचार-प्रसार कर रहा था। गोविन्द नगर पहुंचने पर वहां मौजूद सोहेल खान पुत्र झल्लू, खच्चू पंडित व टीकमगढ़ खुशबू गार्डन के पास निवासी जावेद नाम के युवकों ने उसे रोक लिया और माइक की आवाज कम करने की बात कहते हुये धमकाने लगे, जिस पर उसने आवाज कम की और आगे चला गया। कुछ समय बाद जब वह लौटकर आया तो उक्त लोग फिर मिले और आवाज कम करने की बात को लेकर गालियां देने लगे और विरोध करने पर मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी। शोरगुल सुनकर वहां मौजूद भागीरथ साहू व अन्य लोगों ने उसे बचाया। पीड़ित ई-रिक्शा चालक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3) व 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ध्वनि नियमों की धज्जियां उड़ा रहे डीजे संचालक

**केन्द्रीय ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का दिया हवाला शादी घरों के आसपास रहने वाले लोगों की बढ़ रही मुश्किलें पूर्व नगराध्यक्ष भाजपा ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र**

**ललितपुर।** सहालग के इस दौर में शादी घरों के आसपास बसीं कालोनियां और यहां रहने वाले लोगों को अनावश्यक ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मानकों की धज्जियां उड़ाते हुये डी.जे. संचालकों द्वारा अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने डी.जे. संचालकों द्वारा ध्वनि प्रदूषण के मानकों पर अमल कराये जाने और लोगों को हो रही अनावाश्यक परेशानियों को दूर किये जाने की मांग उठायी है। डीएम को भेजे पत्र में पूर्व नगराध्यक्ष भाजपा मनीष अग्रवाल ने बताया कि नगर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से इसी क्षेत्र में विवाह, पार्टियों और आयोजनों में अत्याधिक तेज आवाज में डीजे. साउण्ड सिस्टम बजाया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों व छोटे बच्चों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मानकों की धज्जियां उड़ाते हुये डी.जे. संचालकों द्वारा रात में अत्यधिक आवाज में साउण्ड सिस्टम बजाये जाने से रात में स्थिति और भयावह हो जाती है। उन्होंने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय से निर्धारित मानकों से अधिक ध्वनि होती है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम व ध्वनि प्रदूषण (नियमन व नियंत्रण) नियम 2000 का हवाला दिया है। उन्होंने मांग उठायी है कि गल्ला मंडी क्षेत्र में डीजे से हो रहे अत्याधिक ध्वनि प्रदूषण की जांच कराये जाने, आयोजकों को नियमों व समय-सीमा का पालन सुनिश्चित कराये जाने, रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार के डीजे/तेज ध्वनि के उपकरण उपयोग पर प्रभावी रोक, आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना प्रभारी को उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किये जाने की मांग उठायी गयी है।

## फ़्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में जल संकट कोन/सोनभद्र में ग्रामीणों का ज़ोरदार प्रदर्शन

**● फ्लोराइड युक्त और नदी-नाले का पानी पीने को मजबूर ग्रामीण, जल जीवन मिशन की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन/ सोनभद्र** जनपद के नव सृजित विकास खंड कोन अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत शुरू की गई हर्रा कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए अभिशाप साबित हो रही है। फ़्लोरोसिस से प्रभावित क्षेत्रों में भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को ज़ोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था विष्णु प्रकाश आर पुंगलिया लि. की मनमानी और उदासीनता के कारण सरकारी धन का खुलेआम बंदरबांट किया गया है, जबकि वे आज भी फ्लोराइड युक्त या नदी-नालों का दूषित पानी पीने को विवश हैं। ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी और स्थानीय स्थिति के अनुसार, महत्वाकांक्षी हर घर नल योजना धरातल पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। कई ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं हो सका है, लेकिन कागजों पर इसे पूर्ण दिखा दिया गया है। ग्रामीणों के बार-बार प्रदर्शन के बाद संस्था ने सच्चाई छिपाने के लिए आनन-फानन में सड़कों के किनारे पाइप ढकने और नल कनेक्शन की मरम्मत का काम शुरू किया। डीआई पाइपलाइन, एच डी पी, एमडीपीई पाइपलाइन की गहराई और गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है। इसके कारण हल्की बरसात या अन्य कारणों से पाइपलाइन आए दिन ध्वस्त हो जा रही है। यह कार्य उच्च स्तरीय जाँच का विषय है। सोन नदी में लगाए गए इंटेक का हाल यह है कि बिना बरसात के ही नदी की धारा परिवर्तित हो जाती है, जिससे पानी का स्तर (लेबल) जल्दी कम हो जाता है। गर्मी में विकट स्थिति की आशंका है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि प्रोजेक्ट लगाने से पहले तैयार होने वाली जीए ड्राइंग के बावजूद नदी की धारा बार-बार क्यों बदल रही है। आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन दिए गए, लेकिन कई महीनों से नलों से एक बूंद पानी नहीं आ रहा है। संस्था के चुनिंदा कर्मचारियों पर संबंधित विभाग व आम जनता को गुमराह करने, तथा कनेक्शन व मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर कागजी कोरम पूरा करने का आरोप है। फ़्लोरोसिस प्रभावित कचनरवा, कुड़वा जैसे क्षेत्रों में यह योजना अभिशाप बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार, संस्था द्वारा कई महीनों में कभी-कभार कुछ मिनटों के लिए सड़क किनारे पानी चलवाकर, उस क्षेत्र की फोटो और फर्जी वीडियो बनाकर झूठे आश्वासन देने का सिलसिला जारी है। कचनरवा के टोला असनाबांध लिंक रोड वार्ड नंबर 3 में आठ महीनों से ऊपर हो गया है, किन्तु आज तक जलापूर्ति नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने सीएम हेल्प लाइन पर भी शिकायत की, लेकिन संबंधित विभाग ने बिना कार्य पूरा किए ही जाँच आख्या लगा दी, जिससे विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि आज भी सिधवादामर, कुड़वा सहित अन्य स्थानों के लोग नदी-नाले और चुआंड से पानी पीने को मजबूर हैं। सामाजिक कार्यकर्ता बिहारी प्रसाद यादव ने संस्था पर हमला बोलते हुए कहा कि दूषित पानी पीने से जवान बूढ़े दिखने लगे हैं, बच्चों के दांत पीले पड़ रहे हैं, और लोग फ्लोरोसिस की चपेट में आकर काल के मुँह में समा जा रहे हैं।कचनरवा ग्राम पंचायत के असनाबांध वार्ड-3, बड़ाप, बागेसोती, सिंगा, डुबवा, धौरवादामर, सेमरवादामर, गोबरदाहा, डीलवाहा, शिवाखाड़ी, धीचोरवा, बिछमरवा, केवाल, खरौंधी, चांचीकला, नकतवार सहित कई गांवों में पानी की आपूर्ति ठप है। टंकी से सटा गांव बड़ाप आज तक कनेक्शन से वंचित है। बुधवार को समाजसेवी जोखन प्रसाद यादव की अगुवाई में बागेसोती में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने नियमित पानी आपूर्ति की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि संबंधित संस्था ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए अधिकांश ग्राम प्रधानों और पंचायत की जल समितियों से झूठे प्रमाण पत्र बनवाकर शासन स्तर पर भेजे और सरकारी धन का बंदरबांट किया गया। ग्रामीणों ने सूबे के मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और भ्रष्ट कार्यदायी संस्था को तत्काल ब्लैक लिस्टेड कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है ताकि सरकार की छवि धूमिल न हो। इस बावत अधिशासी अभियंता (जल निगम) अरुण सिंह ने कहा कि नदी की धारा परिवर्तित होने के कारण समस्या उत्पन्न हुई है, जिस पर कार्य चल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही लोगों को नियमित पानी मिलने लगेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अभी कार्यदायी संस्था का कार्य पूरा नहीं हुआ है। अब देखना यह होगा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की यह महत्वाकांक्षी परियोजना, जो जनहित में बड़ी तेज़ी से शुरू की गई थी, ग्रामीणों तक पानी पहुंचा पाएगी या यह संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर केवल कागजों में सिमट कर रह जाएगी।

## कृषि विज्ञान केंद्र मगुराही का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**● डीएम ने उन्नतशील बीजों, शोधन प्रयोगों का जायजा लिया बाउंड्रीवॉल और प्रशिक्षण हॉल निर्माण का प्रस्ताव मांगा**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र-** दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने आज कृषि विज्ञान केन्द्र मगुराही, सोनभद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने केंद्र की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली और कृषकों को उच्च स्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने द्वारा उत्पादित उन्नतिशील प्रजाति के बीजों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से बीज शोधन के संबंध में किए जा रहे प्रयोगों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने केंद्र में स्थापित मछली प्रदर्शन इकाई तथा वर्ष भर उपलब्ध रहने वाले चारा इकाई का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थी कृषकों द्वारा तैयार किए गए ढिंगरी व बटन मशरूम के संबंध में भी जानकारी ली, जो किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने केंद्र से उत्पादित बीज और फार्म हाउस में बुवाई के लिए रखे गए उन्नतिशील प्रजाति के बीजों का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी श्री सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से कहा कि जनपद के कृषक बंधुओं को केंद्र पर उच्च स्तरीय सुविधाएँ प्राप्त हो सकें, इसके लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने केंद्र के प्रभारी डॉ. रश्मि सिंह को निर्देश दिया कि वे पर बाउंड्रीवॉल, सड़क, गेट और प्रशिक्षण हाल के निर्माण कराए जाने हेतु एक विस्तृत प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करें। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने जिलाधिकारी को नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय द्वारा चलायी जा रही विभिन्न परियोजनाओं से अवगत कराया परियोजना के तहत अपनाई जा रही प्राकृतिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी गई। इसके संबंध में किए जा रहे कार्यों और परिणामों के बारे में बताया गया। की प्रभारी डॉ. रश्मि सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सोनभद्र के आदिवासी जनजातीय समाज के कृषकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि उन्हें उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ा जा सके। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अजय मिश्रा, एल.डी.एम. साल्वे वागे, भूमि संरक्षण अधिकारी के.के. सिंह तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. रश्मि सिंह (प्रभारी), डॉ. संजीव राय, डॉ. अवनीश राय एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## न्याय, संविधान और कर्तव्य का संकल्प

**● अधिवक्ताओं ने मनाया अधिवक्ता दिवस वकालत के आदर्शों और दायित्वों को समर्पित रहा अधिवक्ता दिवस समारोह**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिला बार एसोसिएशन भवन में शुक्रवार को अधिवक्ता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के प्रथम राष्ट्रपति और प्रसिद्ध विधिवेत्ता डा.राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी व वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकीनाथ बिलगैया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ता समुदाय में उत्साह और शपथ की भावना देखने को मिली। अधिवक्ताओं ने विधि और न्याय के संरक्षण में अपनी भूमिका को सर्वोपरि बताया। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता केवल वाद प्रस्तुत करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था का प्रमुख स्तंभ होता है। डा.राजेंद्र प्रसाद ने अपने व्यक्तित्व से यह सिद्ध किया था कि सत्य, विधि और मानवता का सम्मान ही अधिवक्ता का धर्म है। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम न्याय की रक्षा हेतु ईमानदारी, निष्ठा और साहस के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकीनाथ बिलगैंया ने कहा कि न्यायालय में वकालत केवल पेशा नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी है। अधिवक्ता न्यायपालिका और आम जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। हमें वकालत के स्तर को उच्च बनाते हुए विधि प्रक्रिया को सरल, निष्पक्ष और सुलभ बनाने पर ध्यान देना चाहिए। अधिवक्ता जयकुमार चौधरी ने व्यक्त किए विचार करते हुये कहा कि आज का दिन हमें याद दिलाता है कि अधिवक्ता केवल मुकदमों की लड़ाई नहीं लड़ते, बल्कि न्याय व्यवस्था में विश्वास जगाने का कार्य करते हैं। समाज का एक बड़ा वर्ग न्यायालय तक तभी पहुंचता है जब उसके साथ अन्याय होता है, ऐसे में अधिवक्ता उम्मीद की पहली आवाज और संविधान की पहली ढाल होता है। अधिवक्ता जानकी प्रसाद बौद्ध ने भी रखे विचार रखते हुये कहा कि डा.राजेंद्र प्रसाद संघर्ष, समर्पण और सौम्यता की प्रतिमूर्ति थे। उनका जीवन संदेश देता है कि वकील की आवाज तब तक प्रभावशाली नहीं हो सकती जब तक उसमें सत्य और अध्ययन की शक्ति न हो। अधिवक्ताओं को सतत अधिगम और विधिक सुधारों की समझ आवश्यक है। इस दौरान जीवनधर लाल जैन, अशोक रिछारिया, मनोहर सिंह ठाकुर, जयकुमार चौधरी, अशोक कुमार त्रिपाठी, त्रिलोकीनाथ बिलगैया, बृजेंद्रसिंह यादव, अंकित जैन, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, शेरसिंह यादव, शशिकांत, अनुराग लोधी, वीरेश कुमार चौबे, रामगोपाल अहिरवार, आकाश झा, अखिलेश राय, प्रताप सिंह, राजीव तिवारी, कमलेश कुशवाहा, आनंद प्रजापति, नासीर खा, मनीष मालवीय, विजय गोस्वामी, सुरेश खरे, पुष्पेंद्र गोस्वामी, अर्जुन सिंह, राकेश रजक, बलराम कुशवाहा, विकास झा आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता और लॉ क्लर्क उपस्थित रहे। अंत में सभी ने न्याय, संविधान और विधि के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में वंदे मातरम के साथ अधिवक्ता दिवस समारोह का समापन हुआ।

## साइबर ठगी से राहत सोनभद्र पुलिस ने पीड़ित के 4085 कराए वापस, टीम की हुई सराहना

**●गलत खाते में ट्रांसफर हुई धनराशि, कोन पुलिस की साइबर टीम ने तत्परता दिखाते हुए सफल कार्रवाई की**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र** पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र, के निर्देशानुसार साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, कोन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा के दिशा निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोन के कुशल नेतृत्व में कार्य कर रही स्थानीय साइबर टीम ने एक पीड़ित की गलती से ट्रांसफर हुई पूरी धनराशि को सफलतापूर्वक उसके खाते में वापस कराया। यह मामला आवेदक सुरेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व. शिवशंकर, निवासी ग्राम रानीडीह, थाना कोन, जनपद सोनभद्र से संबंधित है। सुरेन्द्र प्रसाद ने गलती से किसी गलत नंबर पर पैसा ट्रांसफर कर दिया था। इसकी शिकायत उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी। थाना कोन की साइबर टीम ने इस शिकायत पर त्वरित संज्ञान लिया। टीम ने NCRP पोर्टल का गहन अवलोकन किया। समस्या से संबंधित सभी आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। संबंधित बैंक से तत्काल पत्राचार कर आवश्यक कानूनी एवं तकनीकी कार्यवाही पूरी की। इन सभी प्रयासों के परिणामस्वरूप, गलत खाते में ट्रांसफर हुई कुल धनराशि 4085/- को आवेदक सुरेन्द्र प्रसाद के मूल खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दिया गया। इस सफल और तत्पर कार्रवाई से प्रसन्न होकर, आवेदक सुरेन्द्र प्रसाद ने थाना कोन की साइबर टीम की भूरी भूरी प्रशंसा की। यह कार्रवाई न सिर्फ पीड़ित को आर्थिक राहत देती है, बल्कि आम जनता के बीच पुलिस की विश्वसनीयता और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता को भी बढ़ाती है। इस सफल कार्यवाही में निम्नलिखित पुलिसकर्मी शामिल थे। संजीव कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक, थाना कोन, सोनभद्र शशिकान्त सिंह उप निरीक्षक, चौकी प्रभारी रानीडीह, थाना कोन, सोनभद्र रोहित यादव कांस्टेबल, थाना कोन, जनपद सोनभद्र आधुनिक टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस्तेमाल के कारण साइबर सुरक्षा वर्तमान जीवन का अभिन्न अंग बन गई है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा चलाए जा रहे इस तरह के विशेष अभियान, बदलते समय में अपराधों से निपटने की पुलिस की तत्परता को दर्शाते हैं। और आम जनता के लिए आवश्यक संदेश साइबर स्वच्छ प्रथाओं का पालन करें और साइबर क्राइम से बचें। किसी भी ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए तुरंत 1930 पर कॉल करें। आप अपनी शिकायत cybercrime.gov.in पर भी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

## अधिवक्ता दिवस समाज में समावेशन, समानता और न्याय को बढ़ावा देने में अधिवक्ताओं का महत्व

**● पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिन सोनभद्र में धूमधाम से मनाया गया**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र-** 3 दिसंबर 2025 डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन (DBA) सोनभद्र द्वारा आज DBA सचिवालय में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिन अधिवक्ता दिवस के रूप में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता DBA के अध्यक्ष श्री जगजीवन सिंह एडवोकेट ने की। अधिवक्ता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र और कानूनी समुदाय के प्रति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के अतुलनीय योगदान को श्रद्धांजलि देना है। अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने इस अवसर पर कहा कि अधिवक्ता दिवस प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को मनाया जाता है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की विरासत भारत भर के वकीलों और विधि-सेवा से जुड़े पेशेवरों को प्रेरित करती है और उन्हें न्याय एवं कानून की रक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाती है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने आधुनिक समय में अधिवक्ता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानूनी पेशे का सम्मान करने, कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने और बदलते समाज में वकीलों की उभरती भूमिका पर चिंतन करने का एक तरीका है। यह दिवस न्याय, नैतिकता और कानून के शासन के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का अवसर प्रदान करता है। महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के बहुआयामी व्यक्तित्व को याद किया। उन्होंने बताया कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वयं एक विद्वान अधिवक्ता थे। वह भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे, जिन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी अमूल्य योगदान दिया और स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने। उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था। यह दिवस समाज में समावेशन, समानता और न्याय को बढ़ावा देने में अधिवक्ताओं के महत्व को दर्शाता है। वकील यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि समाज के हर वर्ग को कानूनी प्रतिनिधित्व और न्याय तक पहुंच प्राप्त हो। कार्यक्रम का सफल संचालन ष्ठक्क सोनभद्र के उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर उपस्थित रहने वाले अन्य प्रमुख सदस्यों में राजेश यादव, राजेश कुमार मौर्य, दयाराम यादव, रियाज खान, प्रेमप्रताप विश्वकर्मा, टीटू गुप्ता, गीता गौर, दसरथ यादव, समृद्धि कुशवाहा, रामगुल्ली, राजेश यादव राज, नवीन कुमार पांडेय, सन्तोष यादव, सुरेश कुशवाहा आदि शामिल थे।

## आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने कॉलेज में लगाया मेडिकल कैम्प

**●मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने 455 मरीज का परीक्षण नेत्र विभाग द्वारा मोतियाबिंद के मरीजों कोदी ऑपरेशन की सलाह**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउण्डेशन रजि.द्वारा पं.रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज ग्राम खडोबरा स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के तत्वाधान में मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी डी.के. शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर मेडिकल कैम्प का शुरुआत किया। प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, राहुल पटैरिया, प्रभुदयाल कुशवाहा ने राज्यमंत्री, जिलध्यक्ष, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन पं.जयप्रकाश द्विवेदी ने किया। राज्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शिविर लगाना गरीब जनता को सीधे लाभ पहुंचने की सरकार की मंशा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की सोच हैं कि गांव-गांव तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए इस तरह के स्वास्थ्य कैंप लगाए जाना चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा मरीजों को लाभ मिल सके और उनकी जांच हो सके अस्पताल आने में असमर्थ ऐसे मरीज कैंप का लाभ उठा रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण जनता को देना यह धार्मिकता के साथ-साथ मानव सेवा करने का कार्य है। मानव सेवा ही सही सेवा है हमने देखा है कि छात्र-छात्राएं बुजुर्ग मरीजों को पर्चा बनाकर अपने साथ ले जा रहे है और डॉक्टर को दिखावा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर मरीज का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें बीमारियों के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां दिलाने में भी सहयोग कर रहे हैं। साथ ही साथ मरीज को निशुल्क दवाइयां दिलवा रहे हैं। यह देखकर खुशी हुई कि अति पिछड़े क्षेत्र में पं रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल कॉलेज खडोबरा में पढने वाले छात्र छात्राएं भी बुजुर्गों की सेवा करने के लिए कितनी लगन और निष्ठा से सेवा कर रहे है। मेडिकल कैम्प में राज्यमंत्री ने भी अपने ब्लड शुगर की जांच कराई। मेडिकल कैंप में लगभग 455 मरीजों का परीक्षण और निशुल्क दवा वितरण हुए, जिसमें नेत्र विभाग के डा.जे.एस.बख्शी ने परीक्षण के बाद कुछ मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु परामर्श दिया और कहा की मेडिकल कॉलेज जाकर अपनी आंखों का ऑपरेशन समय से कराले है। अभी मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन चल रहे हैं जिसका लाभ इस अति पिछड़े क्षेत्र के लोग ले सकते हैं। मेडिकल कैंप के लिए मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला और सर्जन डा.डी.के.राज और प्रो.डा.घनश्याम के अलावा फिजियोथैरेपिस्ट डा.सौरभ देवलिया का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, वरिष्ठ नेता गंधर्व सिंह लोधी, महावीर दीक्षित, शिवमोहन रिछारिया, चेतन कुशवाहा, राजेश श्रीवास्तव, हरेंद्र रिछारिया, रामजी यादव, उधम यादव, जयकुमार कुशवाहा, शिक्षकों में राहुल पटैरिया, प्रभुदयाल कुशवाहा, आकांक्षा राजा, अंजलि राजा और संजय राजा ने सभी का आभार जताया। आसरा सोशल डेवलपमेंट फाऊंडेशन अध्यक्ष पत्रकार सुनील शर्मा ने शिविर की सफलता के लिए आभार जताया

## बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल उपचार के दौरान तोड़ा दम, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** नाराहट थाना क्षेत्र के रहने वाले भागचन्द्र अहिरवार पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 23 नवम्बर को अपराह्न करीब 3 बजे वह अपने पिता श्यामलाल पुत्र मनू के साथ खाद लेने के लिए पैदल-पैदल नाराहट जा रहा था। वह नाराहट थाना तिराहा पहुंचा ही था कि तभी पीछे से सचिन उर्फ सत्तू कुशवाहा पुत्र भजनलाल अपनी मोटर साइकिल सं. यू.पी.94 एक्स 7808 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये आया और उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। पिता को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा लेकर पहुंचा तो उन्हें हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल ललितपुर और फिर वहां से झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया कि उपचार के दौरान 1 दिसम्बर को उसके पिता की मृत्यु हो गयी। भागचन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक सचिन के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### टीकाकरण कार्यक्रम फीता काटकर हुआ शुभारंभ



**सिद्धार्थनगर।** टीका उत्सव कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग के तरफ से बुधवार को नावडीह के पंचायत भवन में राम पूजन सोनी ने टीकाकरण कार्यक्रम का फीता काटकर किया शुभारंभ। कुल 15बच्चों का टीकाकरण हुआ,13 गर्भवती महिलाओं को जांच किया।जो मौके पर ए एन एम धर्मावती, आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता चौधरी फास्ट, गीता चौधरी द्वितीय, आशा संगीता देवी आदि लोग मौजूद रहे । उधर बिस्कोहर कस्बा स्थिति प्राथमिक विद्यालय द्वितीय पर टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वार्ड सभासद शाहिद अजीज ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। सुबह 10बजे से दोपहर चार बजे तक 0 से 5 साल तक के 22 बच्चों के साथ 6 महिलाओं को टीका लगाया गया। इस मौके सुपरवाइजर धीरज राय , एएनएम शारदा देवी, आशा कार्यकर्ता छाया , साक्षी, आंगनवाड़ी सुनीता गुप्ता आदि मौजूद रही।

### सिद्धार्थनगर : मार्ग दुर्घटना में चाचा व भतीजे की मौत, पिता गंभीर



**सिद्धार्थनगर।** जिले के चिल्हिया थाना क्षेत्र के एनएच-730 पर महादेव और बरगदवा गांव के बीच बुधवार दोपहर में एक सड़क हादसे ने लोगों का दिल दहला दिया है। शोहरतगढ़ की तरफ से जा रही पिकअप ने ट्रेलर वाहन को ओवरकोट किया तो नौगढ की तरफ आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रेलर को टक्कर मार दी। इस हादसे में धुसुरी बुजुर्ग निवासी सौरभ सिंह उर्फ रानू सिंह (46) पुत्र अखिलेश सिंह व कार में सवार मझले भाई विपप्ल सिंह के पुत्र ढाई वर्षीय उदित सिंह की मौत हो गई और पिता अखिलेश सिंह गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । घायल अखिलेश सिंह का इलाज माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज में चल रहा है। जहा इनकी हालत गम्भीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक चिल्हिया थाना क्षेत्र के धुसुरी बुजुर्ग निवासी सौरभ सिंह उर्फ रानू सिंह अपने पिता अखिलेश सिंह और मझले भाई विपप्ल सिंह के पुत्र ढाई वर्षीय उदित सिंह कार में सवार होकर बुधवार सुबह नौगढ़ गए हुए थे। कार सौरभ सिंह उर्फ रानू सिंह चला रहे थे। दोपहर बाद घर लौट रहे थे। जैसे बरगदवा चौराहा पार कर आगे आए, तभी शोहरतगढ़ की तरफ से आ रही एक पिकअप को सामने जा रही ट्रेलर वाहन को ओवरटेक किया। जोखिम भरा ओवरटेक अचानक देकर सौरभ सिंह उर्फ रानू सिंह कार लेकर अनियंत्रित होकर ट्रेलर से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना को देख आसपास व राहगीर सहम गए। मौके पर पहुंची पुलिस लोगों की मदद से बड़ी मशक्कत से कार से सभी को बाहर निकालकर एम्बुलेंस की सहायता से माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज पहुचाया। जहां चिकित्सको ने सौरभ सिंह उर्फ रानू सिंह को मृत घोषित कर दिया। घायल अखिलेश सिंह व उदित सिंह को भर्ती करवाया गया। एक घँटे इलाज के बाद मृतक के भतीजा उदित सिंह ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता अखिलेश सिंह का इलाज चल रहा है। लेकिन उनकी भी हालत गम्भीर बताई जा रही है। इस मामले में थानाध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## फसल अवशेष प्रबंधन पर छात्रों में जागरूकता, श्रेष्ठ प्रतिभागियों को मिला सम्मान

### ●कृषि विज्ञान केंद्र सोहना ने भवानीगंज में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना द्वारा बुधवार को भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित इन-सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत श्री राम इंटर कॉलेज, भवानीगंज में छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को फसल अवशेष न जलाने और वैज्ञानिक तरीकों से उसके प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान निबंध, कला (पेंटिंग) और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने भाग लिया।निबंध प्रतियोगिता में पलक जायसवाल प्रथम, कौशल द्वितीय और शिवम सोनी तृतीय रहे।प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सचिन सिद्धार्थ ने प्रथम, कविता वर्मा ने द्वितीय और अंशिका तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रिय भट्ट प्रथम, कनीज फातिमा द्वितीय तथा रीता तृतीय रहीं।सभी विजेता छात्रों को प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शेष नारायण सिंह ने फसल अवशेष जलाने से उत्पन्न वायु प्रदूषण और मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अवशेष जलाने से मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट होते हैं और सूक्ष्म जीव मर जाते हैं, जिससे उत्पादन क्षमता प्रभावित होती है।वैज्ञानिक डॉ. सर्वजीत ने फसल अवशेष प्रबंधन के विभिन्न आधुनिक तरीकोंजैविक पदार्थ बढ़ाने, मृदा संरचना सुधारने और अधिक उत्पादन प्राप्त करने की जानकारी दी।केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. प्रवेश कुमार देहाती ने अवशेष प्रबंधन के विकल्पों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसान फसल अवशेष का उपयोग पशु चारे, डीकंपोजर द्वारा सड़ाने तथा सुपर सीडर, हैपी सीडर जैसे यंत्रों के माध्यम से कर सकते हैं।उद्यान वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र ने फसल अवशेष को मल्चिंग के रूप में खरपतवार नियंत्रण के लिए उपयोगी बताया।कार्यक्रम में केंद्र के दीप नारायण सिंह, विद्यालय के प्रबंधक सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य आफताब खान तथा अध्यापक आलोक पांडेय, सुजीत पांडेय, शिवांगी श्रीवास्तव, सूर्यभान, ओमकार, जितेंद्र, अंकिता यादव, रीमा वर्मा, आंचल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## कानपुर में करोड़ों की जमीन ने करवा दी युवक की हत्या : हिरासत में दो भाई ,जांच शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** हत्या के रूप में किसी की मौत और सारे बवाल की वजह जड़ यानी पुरानी रंजिश, जोरू मतलब स्त्री और जमीन ही बनती है। यह पुरानी कहावत कानपुर में भी चरितार्थ होती तब नजर आई जब करोड़ की जमीन के चक्कर में एक युवक की बेरहम सी हत्या कर दी गई आज बुधवार को उसकी लाश मिलने के बाद पुलिस घटना की छानबीन करने के साथ ही हत्यारों की भी तलाश में जुट गई है। इस हत्या की वजह 2.40 करोड़ की जमीन के विवाद से से जुड़ी बताई जाती है ,जिसके चक्कर में ही पान मसाला फैक्ट्री कर्मी की हत्या कर दी गई। उसकी लाश पांडु नदी के पास खाली प्लॉट में पड़ी मिली। युवक के सिर पर किसी भारी चीज से वार किया गया था। उसके दोनों हाथ पीछे की ओर रस्सी से बंधे थे। चेहरे को बोरी से ढक कर ऊपर पत्थर रख दिया गया था। यह घटना गुजैनी थाना क्षेत्रके मेहरबान सिंह के पुरवा की है।लोगों को इस घटना की जानकारी तब हुई जब आज बुधवार सुबह लोग टहलने निकले तो शव देखते ही पुलिस को सूचना दी। हत्या की सूचना पर डीसीपी साउथ, एडीसीपी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने चेहरे से बोरी हटाई तो सिर के पीछे से खून निकलता दिखा। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मामले में हत्यारोपी दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस को साढ़ कस्बे के रहने वाले गंगा प्रसाद ने बताया दोनों बेटे अमित तिवारी व विपिन उर्फ गुड्डू (32) ट्रांसपोर्ट नगर की पान मसाला फैक्ट्री में 8 साल से काम करते थे। अमित जहानपुर में रहता है, जबकि विपिन मेरे, अपनी मां रामसुती, पत्नी शैलू और दो जुड़वा बेटे रामजी, श्यामजी के साथ रहता था। विपिन रोज बस से फैक्ट्री जाता था। वह कल मंगलवार शाम 6 बजे वह फैक्ट्री जाने के लिए घर से निकला था। बड़े भाई अमित ने बताया- शाम 7:30 बजे विपिन से फोन पर बात हुई तो उसने कहा- बारादेवी पहुंच रहा हूं। फैक्ट्री आने में कुछ देर हो जाएगी। करीब एक घंटे बाद फोन किया, तो कॉल रिसीव नहीं हुई। कुछ देर बाद मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। पुलिस ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की छानबीन की जा रही है।

## वन विभाग ने अवैध शीशम के पेड़ की कटान करते समय पकड़ा, कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले में आए दिन वन विभाग के अनुमति के बिना हरे पेड़ों की कटान हो रही है। जिससे पर्यावरण को भारी क्षति पहुंच रही है। इतना ही नहीं विभाग के द्वारा निर्धारित शुल्क को भी नहीं जमा किया जा रहा था। लेकिन बुधवार को वन विभाग ने हरे पेड़ों की कटान करते समय छापेमारी की। इस दौरान लकड़ी के साथ लकड़हारा के अलावा पेड़ को काटने वाली सामग्रियों को पकड़ा। विभाग की इस कार्रवाई से वन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

शीशम के हरे पेड़ों की कटान की जानकारी रेंजर राजेश कुमार कुशवाहा को जानकारी मिली की मोहाना थाना क्षेत्र के शिवकोट गांव के पास पंद्रह से अधिक हरे शीशम के पेड़ों की कटान की जा रही है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए रेंजर राजेश कुमार कुशवाहा ने वन दरोगा अतुल त्रिपाठी को भेजा। वन दरोगा अतुल त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पर पेड़ों की कटान की जा रही थी। विभाग ने पेड़ को काटने वाले लोगों के साथ कटान में प्रयोग होने वाले औजारों और लकड़ी को पकड़कर मोहना थाना पहुंची। जिस पर उन लोगों के पास कोई अभिलेख नहीं मिले। जिस पर विभाग ने दो लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया। विभाग की इस कार्रवाई से वन माफियाओं में हड़कंप मच गया। इस मामले में रेंजर राजेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि विभाग के द्वारा जुर्माना के साथ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एसआईआर की समस्याओं को लेकर सपा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के पदाधिकारी एवं फ्रंटल नेताओं ने सपा महानगर अध्यक्ष फजल महमूद के नेतृत्व में दिन के 12:00 बजे कोर्ट कंपाउंड कचहरी में एस.आई.आर. की समस्याओं को लेकर कानपुर जिलाधीश प्रतिनिधि ए,सी,एम चतुर्थ ज्वाला प्रसाद को ज्ञापन सौप कर बताया कि हजारों की संख्या में मतदाताओं को शिफ्टेड अब्सेंट तथा मृतक में डाल दिया गया है क्योंकि उनके गहन समीक्षा ना होने के कारण मतदाताओं को एस.आई.आर. से वंचित होने की आशंका बढ़ गई है। जिस सपा ने गंभीरता से लिया है ज्ञापन में अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. के तहत गोविन्द नगर, आर्य नगर, सीसामऊ, किदवई नगर, कानपुर कैंट विधानसभा क्षेत्रों में कई मतदाताओं के आवास पर फॉर्म नहीं पहुंचे हैं तथा गोविन्द नगर में 35,000 से अधिक तथा सीसामऊ में 32,000 के आस-पास आर्य नगर में 28,000, किदवई नगर में 52,000 तथा कैण्ट में 60,500 से अधिक मतदाताओं को सिफ्टेड, अपसेन्ट तथा मृतक में डाल दिया गया जिससे आशंका है कि इतनी बड़ी संख्या में मतदाता एस.आई.आर. से वंचित हो जाएंगे। अस्तु आपसे अनुरोध के साथ सपा मांग करती है कि जहां-जहां फॉर्म नहीं पहुंचे हैं वहां फॉर्म बी.एल.ओ. द्वारा वितरित कराये जाए और भारी संख्या में मतदाताओं का नाम अपसेन्ट, सिफ्टेड मृतक में जो डाल दिया गया उस तथ्यों के साथ बी.एल.ओ. द्वारा पुनः सत्यापन करा ले सपा के बी. एल. ए. पूरा सहयोग फार्म जमा कराने में कर रहे हैं और उपरोक्त सत्यापन में भी करेंगे किसी के साथ अन्याय न हो ऐसी अपेक्षा की जाती है। सपा आपसे यह भी अनुरोध करती है कि एस.आई.आर. अभियान को सहजता से पूरा करने में बी.एल.ओ. की कठिनाइयों पर सहृदयता से ध्यान देना होगा क्योंकि 07 दिन के अन्दर का समय क्या पर्याप्त है और उसमें बी.एल.ओ. का क्या भार कम हो जाएगा उसकी परेशानी पर ध्यान देकर इस अभियान में पारदर्शिता के साथ अन्याय पर निगाहें रखी जाए। ज्ञापन देने वालो मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह सेंगर बंटी ,राम गोपाल पुरी, नंदलाल जयसवाल ,सत्यनारायण गहरवार ,महेन्द्र सिह ,दीपक खोटे ,शादाब आलम ,राजेंद्र जयसवाल ,इशरत इराकी,मोनू तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, बैसाखी व स्मार्ट केन का किया गया वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर प्रयास राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी मोहनगंज में जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 25 ट्राई साइकिल, 10 बैसाखी, 15 स्मार्ट केन आदि का वितरण किया गया। उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे और उनकी खुशी देखने लायक थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नही बल्कि कुछ कर गुजरने की कुंजी है। स्टीफन हॉकिंस, हेलेन केलेन, सूरदास, अष्टावक्र, जगतगुरु रामभद्राचार्य, सुधा चंद्रा आदि दिव्यांग महान विभूतियों का जिक्र करते हुए कहा कि अपने ऐतिहासिक खोज और कार्यों के कारण आज पूरी दुनिया इनका लोहा मानती है और पूरी दुनिया में ये लोग प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज में लगभग हर व्यक्ति किसी न किसी चीज से कमजोर है इसीलिए सब में दिव्यांगता पाई जाती है। इससे हौसला बना कर पार पाने की जरूरत है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने कहा कि किसी भी दिव्यांग को उपकरण या पेंशन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा क्योंकि कि उत्तर प्रदेश एवं केंद्र सरकार ने दिव्यांगों के लिए पर्याप्त मात्रा में संसाधन उपलब्ध कराया है। शासन के साथ-सथ समाज की भी जिम्मेदारी है कि दिव्यांगों तक उपकरण एवं पेंशन, शादी अनुदान, दुकान निर्माण आदि योजनाएं पहुंचाएं। कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्रीनारायण यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांग बच्चों के लिए समेकित से लेकर स्पेशल विद्यालयों का संचालन कर रही है, जिसके कारण आज दिव्यांग अच्छे पदों पर विराजमान हैं। कार्यक्रम में अमित कुशवाहा, अनिरुद्ध नारायण तिवारी, हर्ष सिंह राकेश, संजय, शंकर लाल आदि उपस्थित रहे।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी की बुधवार को संपन्न समीक्षा बैठक में संगठन सृजन अभियान, मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा एवं 14 दिसम्बर को रामलीला ग्राउंड, नई दिल्ली में राहुल गांधी 'वोट चोर गद्दी छोड़' विशाल रैली को सम्बोधित करेंगे,जिसकी तैयारी बैठक संपन्न हुई द्य समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी एवं संचालन जिला प्रवक्ता सुरेश मिश्रा ने किया।अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से आह्वावान किया कि 14 दिसम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट चोर गद्दी छोड़' विशाल रैली का आयोजन किया गया है जिसमें प्रतापगढ़ से सैकड़ों कार्यकर्ता 13 दिसम्बर को दिल्ली के लिए रवाना होंगे और 14 तारीख को रामलीला ग्राउंड में पहुंचकर भारी संख्या में विशाल रैली के साक्षी बनेंगे।नगर अध्यक्ष मो इस्तियाक एवं यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मो. हुजैफ ने संयुक्त रूप से कहा कि एसआईआर के तहत वैध मतदाताओं के नाम कटने न पाये व अवैध मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने न पाये, इसके लिए सभी के साथ मिलकर विस्तार से रणनीति बनाई गई।उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया अत्यन्त संवेदनशील है, इसलिए पार्टी की तरफ से नियुक्त किए गए बूथ लेवल एजेंट को चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त किए गए बीएलओ के साथ लगाकर सभी का प्रपत्र भरवाया जाय जिससे कोई नाम छूटने न पाये।जिला उपाध्यक्ष आरपी वर्मा व जिला उपाध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी के चुनाव में मतदाता फॉर्म जल्द से जल्द जमा करें जिससे मतदाता सूची में नाम अंकित कराया जा सके। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल, रवि सिन्हा,कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, जिला महासचिव संजय पाण्डेय, जिला महासचिव चंद्रनाथ शुक्ल, जिला महासचिव विमल सिंह,जिला सचिव विजय प्रताप त्रिपाठी, जिला सचिव बैजनाथ यादव,पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश गौतम, मंगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, मांधाता ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद असलम, जिला सचिव अशोक सिंह,जिला सचिव अरविंद तिवारी,जिला सचिव आशिक अली, जिला सचिव बैजनाथ यादव, जिला सचिव पृथ्वी राज गौतम,ओम प्रकाश सरोज, मो.ईदरिशी फरहान,अबू शमा, कपिल ओझा, सुमित सिंह, अलोक सिंह उपस्थित रहे।

## जिला खेल एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गई,जिसमें महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए सदस्यों ने एजेंडा में लिखित पहलुओं पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर दिया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्षा माधुरी पटेल, सांसद प्रतिनिधि बीएल वर्मा, सहायक आयुक्त (खाद्य सुरक्षा द्वितीय) अभय कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर आजाद अली, जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक ओंकार राणा, आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार, एआरएम रोडवेज अनवार अहमद, आरआई नगर पालिका जय बहादुर, जिला व्यायाम निरीक्षक राम कुमार सिंह, सचिव जिला ओलंपिक संघ रघुराज बहादुर सहित डी आर यादव, आदित्य शुक्ला, मंजू सिंह, आदम कुरैशी, सहित कई अन्य सदस्यों ने सहभागिता की। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बीज दुकानों से 13 नमूने लिए गए; 7 दिसंबर तक बढ़ी अनुदानित बीज वितरण की तिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** कृषि विभाग की टीम ने बुधवार को जगदीशपुर, महोना और शुकुल बाजार क्षेत्रों में बीज दुकानों पर छापेमारी कार्रवाई की। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जांच के दौरान विभिन्न दुकानों से कुल 13 नमूने गृहीत किए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जगदीशपुर क्षेत्र में किसान बीज भंडार से 2 देशराज बीज भंडार से 2 न्यू तेज बहादुर बीज भंडार से 2 राम बहादुर बीज भंडार से 2 तथा खेती-बाड़ी भंडार से 1 नमूना लिया गया। वहीं शुकुल बाजार में मौर्य बीज भंडार से 2 और न्यू मौर्य बीज भंडार से 2 नमूने लिए गए। कृषि अधिकारी ने बताया कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने पर अमानक बीज पाए जाने की स्थिति में संबंधित बीज विक्रेताओं पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि रबी सीजन के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं बीज वितरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर से बढ़ाकर 7 दिसंबर कर दी गई है। कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की कि वे अंतिम तिथि से पूर्व अनुदानित बीज का लाभ अवश्य उठा लें, क्योंकि इसके बाद अनुदान उपलब्ध नहीं होगा। जिले के 13 विकास खंडों के अलावा आईएफएफडीसी सेंटर जायस, गौरीगंज, अमेठी, मुसाफिरखाना तथा कृषि वानिकी केंद्र हरखूमऊ, मड़वा, रिच्हौर, रामशाहपुर और हिल सेंटर गौरीगंज, रानीगंज व फुरसतगंज में भी अनुदानित बीज उपलब्ध है। किसान 7 दिसंबर तक इन केंद्रों से भी बीज प्राप्त कर सकते हैं।

## चोरी के अभियोग में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़ । पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में थाना कन्धई पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, चोरी की 01 विद्युत मोटर बरामद की गई है।वादी निवासी ग्राम मंगरौरा, थाना कन्धई, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा थाना कन्धई पर तहरीर दी गई कि 29 नवंबर को जब वह अपने घर के समीप स्थित खेत में लगे ट्यूबवेल पर पहुंचा तो उन्होंने देखा कि ट्यूबवेल पर लगी विद्युत मोटर गायब थी। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कन्धई पर धारा 305 बीएनएस अंतर्गत अज्ञात चोर का अभियोग पंजीकृत किया गया था।थाना प्रभारी कन्धई सत्येन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में उप निरीक्षक भूपेशनाथ सिह मय हमराह उ0नि0 अमित सिंह, का0 बृजेश यादव, का0 बृजभान चौहान, का0 पिन्टू चौहान, का0 सलमान द्वारा तलाश वांछित अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुकदमा से संबंधित 05 अभियुक्त धीरज गौतम उर्फ बंशी पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम मंगरौरा थाना कंधई जनपद प्रतापगढ उम्र 25 वर्ष,ग्रेटी सरोज उर्फ बड्डी पुत्र मोती लाल निवासी ग्राम भदौना थाना कंधई जनपद प्रतापगढ 21 वर्ष, साहिल पुत्र चंठू निवासी ग्राम मंगरौरा थानान कंधई जनपद प्रतापगढ 19 वर्ष,आयुष्मान गौतम उर्फ रिंकू पुत्र श्यामलाल निवासी मंगरौरा थाना कंधई जनपद प्रतापगढ उम्र 22 वर्ष व पंकज गौतम उर्फ निखिल पुत्र कल्लू निवासी ग्राम मंगरौरा थाना कंधई जपनद प्रतापगढ 23 वर्ष को एक विद्युत मोटर के साथ थाना कन्धई क्षेत्रांतर्गत ग्राम भदौना स्थित महुआ के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया।उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3(5), 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

### चोरी की मोटर साइकिल के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना पट्टी प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिरोही के नेतृत्व में उप निरीक्षक सचिन यादव मय हमराह चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत आमापुर मोड़ के पास से चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त सौरभ सरोज पुत्र कमलेश कुमार निवासी ग्राम दाऊदपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की मोटर साइकिल सुपर स्पेलेण्डर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ सरोज पुत्र कमलेश कुमार के पास से चोरी की 01 चोरी की सुपर स्पेलेण्डर मोटर साइकिल नम्बर यूपी70 डीएल 5562 व कूटरचित नम्बर प्लेट बरामद किया गया। बरामदगी गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना पट्टी में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## राजकीय महाविद्यालय में किया गया जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**हमीरपुर :-** मेरा युवा भारत हमीरपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा में किया गया कार्यक्रम में बालक एवं बालिकाओं द्वारा खो - खो, कबड्डी, बैडमिंटन , और दौड़ जैसे विभिन्न खेलो में शानदार प्रदर्शन किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष हमीरपुर कुलदीप निषाद द्वारा विजित युवाओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कुछेछा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उजैर अजीज एवं राजकीय हाई स्कूल के प्राचार्य श्री शिव नारायण यादव द्वारा सरस्वती मां और विवेकानंद जी की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं खिलाड़ियों का परिचय कर किया गया। बालिका 100 मीटर दौड़ में अंशिका प्रथम ,शिवानी द्वितीय, तथा साक्षी तृतीय स्थान पर रही। खो खो में सुष्मिता 9 स्टार हमीरपुर विजेता तथा विवेकानंद टीम धगवा सरीला उपविजेता रही । कबड्डी में कुरारा ब्लॉक की टीम ने प्रथम व मुस्करा टीम द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया बालिका बैडमिंटन वर्ग में दुर्गा एवं आंशिक ने स्थान प्राप्त किया तथा बालक वर्ग में सुमित , प्रमोद ने स्थान प्राप्त किया बालक वर्ग दौड़ में प्रभात प्रथम , हर्षित द्वितीय, तथा शनि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में श्री मती प्रीति , युवराज , निर्भय , विनोद , प्रकाश ,प्रमोद रहे तथा मेरा युवा भारत से मानसिंह, चंद्रकेतु धीरेन्द्र बुंदेलखंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष दीप चंद्र उपस्थित रहे।

## डा. राजेन्द्र प्रसाद और खुदीराम बोस को दी श्रृद्धांजलि

**हमीरपुर :-** सुमेरपुर में बुधवार के दिन देश के प्रति समर्पित डॉ राजेन्द्र प्रसाद और खुदीराम बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित सभा में ,देश के दोनों सपूतों को श्रद्धांजली दी गई। देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने एक बेमिसाल राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद व देश के लिये समर्पित युवा बलिदानी खुदीराम बोस की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि डा. राजेन्द्र प्रसाद सही मायने में एक ईमानदार और संतोषी राष्ट्रपति थे। उनके देश के प्रति योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। डा. साहब का 3 दिसंबर 1884 को जीरादेई बिहार में महादेव सहाय और कमलेश्वरी देवी के घर जन्म हुआ था। संविधान सभा में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। ये देश के पहले राष्ट्रीय नेता थे, जो दो बार राष्ट्रपति रहे। कालांतर में इनका 28 फरवरी 1963 को निधन हो गया। इसी तरह देश के पहले अल्पायु युवा शहीद खुदीराम बोस की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि खुदीराम बोस वास्तव में किशोर क्रांतिकारी थे। इन्होंने देशभक्तों के जालिम जज किंग्सफोर्ड को मारने का प्रयास किया था। इनके योगदान को भी नकारा नहीं जा सकता है। मात्र 18 वर्ष की आयु में इन्हें फांसी पर लटका दिया गया था। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, दयाराम सोनकर, रिचा, रामनरायन सोनकर, विकास, पंकज सिंह, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## मौदहा में तीसरे दिन जारी रहा पंचायत सचिवों का आंदोलन



**हमीरपुर :-** आन लाइन उपस्थिति के आदेश सहित अन्य मामलों को लेकर ,मौदहा में पंचायत सचिवों द्वारा जारी आंदोलन बुधवार को तीसरे दिन भी विकास खण्ड कार्यालय में जारी रहा है। जहां सचिवों ने अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो कि 3 नवंबर को जारी शासनादेश में पंचायत सचिवों की उपस्थिति ऑनलाइन की जानी है। इस शासनादेश को सचिवों ने वर्तमान परिस्थितियों में अव्यवहारिक बताया है। इनका कहना है कि इस आदेश से शासकीय कार्य बाधित होंगे क्योंकि सचिवों का कार्यक्षेत्र व्यापक है। कई ऐसे सचिव भी हैं जिनके पास में 3 से लेकर 7 ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार है। ऐसी स्थिति में ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करना संभव नहीं है। इन सचिवों की मांग है कि इस शासनादेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। इन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय आह्वान पर 4 नवंबर तक काली पट्टी बांधकर यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बुधवार को जारी विरोध प्रदर्शन में नितेश कुमार चंदेल, उपेन्द्र नाथ पाण्डेय,शिवमूरत सिंह,प्रियंका सिंह,दिगम्बर सिंह,राजू सिंह,भगवान सिंह,अरविंद सोनी,गिरीश पटेल,हरि बाबू सहित अन्य सचिव मौजूद रहे हैं।

# रामजग बनाम श्रीपति प्रकरण : 14 साल पुरानी जमीनी लड़ाई का हुआ अंत, अदालत ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

● 14 वर्ष पुरानी लड़ाई में वादी की ऐतिहासिक जीत, अदालत ने किया न्याय का परचम बुलंद

वादी के पक्ष में संपत्ति की डिक्री, क्षेत्र में जश्न का माहौल




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर,** उत्तर प्रदेश लगभग 14 वर्षों से चले आ रहे चर्चित रामजग मिश्रा बनाम श्रीपति मिश्रा विवाद में अदालत ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए वादी राम यज्ञ (उर्फ़ रामजग) के पक्ष में संबंधित मकान और ज़मीन की डिक्री कर दी। क्षेत्र में इस निर्णय का व्यापक स्वागत किया जा रहा है और ग्रामीणों ने कहा है कि यह फैसला न्यायपालिका पर विश्वास को और मजबूत करता है।

**90 वर्षीय वृद्ध से धमकी व मारपीट कर कराया गया था बैनामा**

यह मामला वर्ष 2010 का है, जब लगभग 90 वर्ष के वृद्ध राम यज्ञ से उनके भतीजे श्रीपति ने कथित रूप से मारपीट व धमकी देकर ज़मीन का बैनामा करा लिया था। आरोप है कि श्रीपति ने अपने रिश्तेदार सिद्धू के साथ मिलकर वादी को दहशत में रखा और इलाज के बहाने ले जाकर दबावपूर्वक दस्तावेज़ लिखवा लिए। वादी पक्ष के अनुसार, श्रीपति ने यह तक धमकी दी कि यदि ज़मीन नहीं लिखी गई तो वह वादी के इकलौते बेटे–जो अमेरिका में रहते हैं–को फंसाकर फांसी तक दिलवा देगा। भय और विवशता की स्थिति में वृद्ध ने बैनामा कर दिया था।

**उपकारों के बावजूद हुआ विश्वासघात**

स्थानीय लोगों ने बताया कि राम यज्ञ का परिवार वर्षों से श्रीपति मिश्रा के परिवार का सहारा रहा है। वादी के अमेरिका निवासी बेटे राम मिश्रा और बहू किरन मिश्रा ने श्रीपति की बेटी की शादी से लेकर उनके बेटे मोहन उर्फ़ संदीप मिश्रा की पढ़ाई व नौकरी तक में सहायता की।

साथ ही श्रीपति मिश्रा के इलाज और घर निर्माण में भी कई लाखों रुपये करके राम मिश्रा द्वारा ही करवाया गया था । लोगों का कहना है कि इसके बावजूद पीठ पीछे हुए इस विश्वासघात ने पूरे क्षेत्र को वर्षों तक दुख और आक्रोश में रखा।

**अदालत ने कहा — दबाव और भय में कराया गया बैनामा मान्य नहीं**

लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि वृद्धावस्था, दवा कराने के बहाने से धोखाधड़ी, कूटरचित और षड़यंत्र से कराया गया बैनामा वैधानिक रूप से स्वीकार्य नहीं है। साथ ही बैनामा कराने पर कोई भी प्रतिफल के रूम में नहीं दिया गया था अदालत ने वादी राम यज्ञ के पक्ष में मकान और ज़मीन की डिक्री जारी करते हुए संपत्ति का स्वामित्व वापस बहाल कर दिया। श्रीपति मिश्रा के ही समधी सिद्धू शुक्ल समेत रिस्तेदार ही बने थे गवाही अदालत ने यह भी कहा कि रामयज्ञ मिश्रा की बेटी तहसील कादीपुर से सटे जिला अम्बेडकरनगर में रहती है वह उनको जानकारी भी दे सकते थे लेकिन रामयज्ञ मिश्रा की तरफ से कोई भी गवाही बैनामे में नहीं थी साथ ही वादी का पूरा परिवार समृद्ध और आर्थिक रूप से मजबूत होने के कारण बैनामा करने की किसी भी तरह की किसी भी सम्भावना से इंकार किया सूत्रों की माने तो इस पूरे षड़यंत्र को अंजाम देने में कादीपुर निवासी शुक्ला बिल्डिंग मटेरियल के संचालक और श्रीपति मिश्रा के समधी सिद्धू शुक्ला का हाथ बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस फैसले को 'सत्य की जीत' और 'न्याय का उत्सव' बताया है। लोगों ने कहा कि अदालत ने पुनः साबित कर दिया कि 'सत्य परेशान हो सकता है, पर पराजित नहीं। '

**क्षेत्र में खुशी की लहर**

फैसले के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से चले आ रहे इस विवाद में आया यह फैसला न केवल पीड़ित परिवार के लिए राहत है, बल्कि समाज के लिए भी बड़ा संदेश है कि न्याय देर से सही, मिलता अवश्य है।

## स्काउट्स छात्रों का कालेज में हुआ सम्मान



**हमीरपुर :-** भारत स्काउट्स और गाइड्स डायमंड जुबली 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी कार्यक्रम लखनऊ में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंची भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी स्काउट्स गाइड्स छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्हें सम्मानित किया था। जिसमे उत्तर प्रदेश के सभी स्कूल कालेजों से हजारों स्काउट्स बच्चों ने प्रतिभाग किया। वहीं उक्त कार्यक्रम में चित्रकूट मंडल से हमीरपुर जनपद के रहमानिया इंटर कालेज से लगभग एक दर्जन बच्चों ने स्काउट अध्यापक शोएब अहमद के नेतृत्व में प्रतिभाग किया था। उक्त कार्यक्रम 20 नवम्बर से 29 नवम्बर तक चला। कार्यक्रम के समापन के बाद मंगलवार को रहमानिया इंटर कालेज पहुंचे स्काउट्स छात्रों एवं अध्यापक का प्रधानाचार्य ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया और सभी छात्रों को सम्मानित करने का कार्य किया। इस दौरान मुशर्रफ कमाल, नजमुद्दीन, इरशाद सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## सेमीफाइनल में दिल्ली टीम ,झांसी को 96 रनों से हराकर फाइनल में पहुंची

● 82 रनों की पारी खेलने वाले अमन यादव चुने गए मैन ऑफ दी मैच।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर :-** मौदहा कस्बा के रहमानिया खेल ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के दूसरे फेज में शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला दिल्ली और झांसी के मध्य खेला गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे तौफिक कलीम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबला शुरू कराया। जिसमे टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला दिल्ली और झांसी के बीच 20-20 ओवरों का खेला गया। जिसमे झांसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए और सामने वाली टीम को 179 रनों का लक्ष्य दिया। दिल्ली की ओर से अमन यादव ने 47 गेंदों 82 रनों की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। जबकि अभय यादव ने 29 रन बनाए जबकि झांसी के अमित कुमार ने दिल्ली के तीन विकेट झटके। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी झांसी अपने 12वें ओवर में 82 रनों पर सिमट गई। दिल्ली की ओर से सौरभ व अमन ठाकुर ने 3-3 विकेट लिए। इसी तरह दिल्ली ने 96 रनों से सेमीफाइनल मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश पा लिया। दिल्ली की ओर से 82 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलने वाले अमन यादव को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मैच में अंपायर की भूमिका अज़ीज़ मिंटू व डॉ आसिफ परवेज ने की। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, फिरोज़ कमाल, मोहम्मद अहमद (गुड्डू), अकील कतर,चंदू तकिया, एजाज बहरीन सहित अन्य कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

## श्रीभूमि जिले के गरीब आदिवासी परिवार की 5 वर्षीय बच्ची अर्चना बर्मन भयावह आग लगने की दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई

● आपातकालीन चिकित्सा सेवा में सरकारी सहायता की मांग।

मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय विधायक का ध्यान आकर्षित।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमि जिले की रामकृष्णनगर विधानसभा के दुल्लभछड़ा के पास स्थित रांखल गांव के भेटारबंद जीपी के अत्यंत गरीब आदिवासी परिवार की 5 वर्षीय बच्ची अर्चना बर्मन भयावह आग लगने की दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई। जानकारी मिली है कि यह घटना गत 28 नवंबर की सुबह ठंड के कारण घर के बाहर थोड़ी लकड़ी से आग जलाई गई थी और तभी अर्चना वहाँ गई और आग फैल गई और भयावह रूप ले लिया। परिवार के लोग तुरंत आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन बच्ची आग के कारण बहुत अधिक जल गई थी। तुरंत ही उसे दुल्लभछड़ा अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के बाद डॉक्टर ने शिलचर मेडिकल में उत्तम इलाज की सलाह दी। परिवार ने उसकी उचित चिकित्सा के लिए शिलचर ले जाने का निर्णय किया. इसके बाद पहले उसे सिलचर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, लेकिन सही ढंग से उन्नत सेवा न मिलने और लंबी इलाज के बावजूद स्थिति में सुधार न होने पर परिवार को मजबूर होकर 4 दिन बाद स्वास्थ्य सेवाओं के उच्च मानक न होने के कारण फिर ग्रीन हिल्स ले जाया गया, वहां लंप इंफेक्शन और ऑक्सीजन की समस्या के कारण स्थानांतरित कर बच्चे को एक प्राइवेट नर्सिंग होम जीवन ज्योति मेडिकल ले जाया गया। इसके बाद परिवार में पैसे की कमी होने के कारण एडमिशन नहीं हो सका। उस परिवार की दुखद कहानी सोशल और वीडियो के माध्यम से जानने के बाद पूर्व एनएफ रेलवे के चीफ इंजीनियर रामकृष्णनगर के सोनबिल इलाके के प्रद्युत दास ने आशिष चक्रवर्ती के वीडियो सोशल पोस्ट देख कर फोन पर संपर्क किया और बच्चे से सिलचर में मिले, अपने हाथ से 11 हजार रुपये मदद की और जीवन ज्योति मेडिकल में इलाज की सुविधा करवाई। लेकिन बच्चे की स्थिति ठीक होने के लिए और पैसे की ज़रूरत है, आर्थिक रूप से परिवार पूरी तरह असहाय है। आम लोगों का सहयोग और स्थानीय स्वैच्छिक सामाजिक कार्यकर्ता आशिष चक्रवर्ती, जो व्यक्तिगत पहल और अपने सोशल मीडिया के माध्यम से धन जुटाने की व्यवस्था कर रहे थे. अब तक इलाज में कुछ हद तक मदद संभव हुई है। लेकिन बच्चे के पिता नीलमणि बर्मन के अनुसार, वर्तमान चिकित्सा खर्च उनके लिए वहन करना असंभव है। आशीष चक्रवर्ती ने बताया कि बच्चे का जीवन बचाने के लिए अब सरकारी मदद की तीव्र आवश्यकता है, क्योंकि वर्तमान इलाज का खर्च लगातार बढ़ रहा है और किसी भी तरह से यह आम लोगों की क्षमता के भीतर नहीं है। स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों के एक हिस्से ने तर्कसंगत सवाल उठाए हैं कि इतने बड़े सरकारी सिलचर मेडिकल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल होने के बावजूद एक गंभीर रूप से जलन पीड़ित बच्चे को प्राइवेट नर्सिंग होम में क्यों ले जाना पड़ता है, जबकि सही चिकित्सा सुविधा सरकारी व्यवस्था में ही मिलती है, तो गरीब परिवारों को प्राइवेट अस्पताल में आश्रय लेने की जरूरत नहीं होती. इसका मतलब समझा जा सकता है कि सिलचर की मेडिकल सेवाओं में कमी है। इस मामले में सही तरीके से जांच के माध्यम से सरकार के हस्तक्षेप की कामना गरीब अर्चना के परिवार और स्थानीय लोगों ने कि है, उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार जल्दी ही कदम उठाएगी और 5 साल के इस छोटे बच्चे के लिए उन्नत चिकित्सा सुविधा का प्रबंध करेगी, ताकि वह फिर से स्वस्थ जीवन में लौट सके। इस संदर्भ में परिवार की ओर से लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री अशोक सिंगल और स्थानीय विधायक विजय मालाकार का ध्यान आकर्षित किया गया है। ताकि बच्चा उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से स्वस्थ होकर घर वापस आ सके।

## 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी का डीएम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, जनरल वार्ड, लेबर रूम, पैथालाजी आदि को देखा गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक नहीं पाया गया जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी डाक्टर व कर्मचारी समय से उपस्थित रहें। मरीजों का ठीक ढंग से चिकित्सा सुविधा व जांच उपलब्ध करायें। मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाये। एक्स-रे मशीन को संचालित करायें तथा गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध कराये। अधिक से अधिक डिलीवरी अस्पताल में करायें। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बांसी व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण तेज़ नारी शक्ति संगठन गजियाबाद




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गाजियाबाद ( उत्तर प्रदेश )।** सितम्बर 2025 से संसद द्वारा पारित निर्वाचन आयोग के लिए मतदाता सूची पुनिरीक्षण क़ानून ( SIR ) के आधार पर बहुत से राज्यों मे निर्वाचन आयोग द्वारा कुछ राज्यों मे SIR की प्रक्रिया शुरू हों गई, जिसमे देश विरोधी और विपक्षी कुछ एक दल जहाँ SIR का विरोध कर रहे है वही देशभक्ति,नारी अधिकार सम्मान की रक्षा के लिए संकल्प लिए राष्ट्रवादी संस्था, नारी शक्ति संगठन गाजियाबाद द्वारा, अपने अध्यक्ष अंतराष्ट्रीय ज्योतिषचार्य , युवाओ और महिलाओ मे अत्यधिक लोकप्रिय तेजतर्रार यूथ आइकन माननीया रीमा वर्मा के नेतृत्व मे गाजियाबाद मे स्ढक्रके समर्थन मे पोस्टर बैनर,कट आउट, तख्ती लिए भव्य रैली निकाली गई, नारी शक्ति संगठन के आह्वान मे इस रैली मे SIR के समर्थन मे बड़ी संख्या मे मुस्लिम और दलित महिलाये भी शामिल हुई और निर्वाचनआयोग के समर्थन मे जिंदाबाद के नारे लगे, तथा SIR की प्रबल विरोध कर रही,,बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का, मुर्दाबाद के नारे लगाती हुई संगठन की महिलाओ ने ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा चौक (पुराना नाम पन्नू चौक ) पर उनके पुतले को चप्पल से पीट पीट कर ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया रैली मे संगठन के मुख्यरूप से अंजुम, आरा खान, तरंन्नुम, मिथलेश उपाध्याय, महरीन, संगीता, अनीता, उमा, शैली, मीनू बोस, अंजना, इंदु,स्मृति, सहित सैकड़ो महिलाये रैली मे भाग लियो।

## रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में लंबे समय से लगातार हो रही गाय चोरी की घटनाओं को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में डर का माहौल

● रताबाड़ी पुलिस प्रशासन के अधिकारी और ग्राम सुरक्षा दल मौन भूमिका में! इलाके के निवासियों में गुस्सा।

जिले प्रशासनिक के उच्च अधिकारियों सहित डीसी का ध्यान आकर्षित।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में लगातार गाय चोरी की घटनाओं को लेकर आतंक फैल रहा है। लंबे समय से क्षेत्र के विभिन्न गांवों से दिन के समय खुले मैदानों से बिना रोक-टोक गाय चोरी की घटनाओं के कारण पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। चोरों का साहस दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है; पहले रात में चोरी होती थी, अब दिन में भी निर्भीक होकर बिना किसी डर के चोरी की जाती है। क्षेत्र में लंबे समय से गाय चोरी की घटनाएं चिंता बढ़ा रही हैं। गहरी रात और दिन में संगठित चोरों के आतंक से आम लोगों की नींद हराम हो गई है। लगभग हर मोहल्ले से लंबे समय से गाय चोरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। पिछले शनिवार रात को विहाईरडाला अलमास उद्दीन के घर के गोदाम से एक बैल और एक गाय चोरी हो गई। इसी तरह, पिछले शुक्रवार रात हुलासनगर से एक गाय चोरी हो गई, और उसके ठीक एक दिन पहले रात पेछायाला गाँव से दो-तीन गायों के चोरी होने की खबर मिली। घटनाओं के बावजूद प्रशासन और गाँव रक्षक बल की चुप्पी के कारण नाराजगी लगातार बढ़ रही है। स्थानीय लोग स्पष्ट रूप से आरोप लगाते हैं कि प्रशासन की लापरवाही के कारण चोर इतने साहसी हो रहे हैं। उनका दावा है कि लगातार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद पुलिस की नजरबंदी, गश्ती या जांच में कोई स्पष्ट पहल नहीं दिखाई देती। इसके चलते चोरी के गिरोह और भी निर्भीक हो रहे हैं। प्रशासन की चुप्पी के कारण गरीब किसान नुकसान उठा रहे हैं। लगातार गाय चोरी की घटनाओं से गाय पालन करने वाले लोग भयभीत हो रहे हैं। इन गिरोहों के खिलाफ किसी बड़े स्तर की कार्रवाई या कदम उठाते हुए राताबाड़ी पुलिस प्रशासनिक रूप से नहीं दिखाई देता। क्षेत्रवासियों के अनुसार, रात में गश्ती बढ़ाना, संदिग्धों पर कड़ी निगरानी रखना जरूरी है। नज़रदारी और ग्राम रक्षा बल को सक्रिय करने से ही इस चोर गिरोह को दबाया जा सकता है। बार-बार गाय चोरी होने के कारण कई परिवार आर्थिक नुकसान का सामना कर चुके हैं। स्थानीय जनता ने प्रशासन से तेजी से प्रभावी कदम उठाने की जोरदार मांग की है। उनका मानना है कि अगर अभी भी कड़े हाथों से सामना नहीं किया गया, तो स्थिति और अधिक अनियंत्रित हो सकती है। इस विषय में क्षेत्रवासियों ने जिले के प्रशासनिक उच्चाधिकारियों सहित जिले के डीसी का ध्यान आकर्षित किया कि सही तरीके से जांच करके उचित उपाय किए जाएं।

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 120 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल एवं विभिन्न उपकरणों का किया गया वितरण

● कार्यक्रम में प्रतिभाग कर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को डीएम ने मेडल पहनाकर किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जनपद गोण्डा के पी.ए.सी. ग्राउन्ड में बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, प्रोत्साहन तथा समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगजन एवं दिव्यांग बच्चों ने बड़ी उत्साहपूर्ण सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गोंडा प्रियंका निरंजन रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि दिव्यांगजन समाज की शक्ति हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शासन एवं प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए। कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 120 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल एवं विभिन्न उपकरणों का वितरण किया गया। यह वितरण विशेष अभियान के अंतर्गत किया गया जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को अधिक आत्मनिर्भर और गतिशील बनाना है। प्राप्तकर्ताओं के चेहरों पर प्रसन्नता साफ झलक रही थी, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा। इसके अतिरिक्त बच्चों तथा प्रतिभागियों के लिए कई सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया,जिनमें दौड़, रस्साकसी, कुर्सी दौड़, शब्द-भेदी लक्ष्य, कबड्डी, मटकी फोड़ आदि प्रमुख रहे। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जिलाधिकारी द्वारा मेडल, प्रमाणपत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिताओं ने न केवल बच्चों प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, शिक्षक संघ के पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## महाविद्यालय में विवाद: छात्र ने लगाया धमकी और अभद्र व्यवहार का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल/ब्यौहारी।** पंडित राम किशोर शुक्ल स्मृति शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एक छात्र द्वारा गंभीर आरोप लगाए जाने का मामला सामने आया है। बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र चंद्रशेखर साकेत ने दावा किया है कि 1 दिसंबर 2025 को कॉलेज पहुँचने पर उनकी मुलाकात डब्बू उर्फ शिवांशु सिंह से हुई, जो स्वयं को महाविद्यालय का स्टाफ/टीचर बताकर परिचय देते हैं। छात्र के अनुसार, मैदान में मौजूद शिवांशु सिंह किसी प्रकार की गेंद (गोला) फेंकने की गतिविधि कर रहे थे। चंद्रशेखर साकेत बताते हैं कि उन्होंने तू तड़क करके कहा कि गोला '।फेक तो मै फेंका इसके बाद शिवांशु सिंह ने एक गोला फेंका, जिस पर चंद्रशेखर ने मुस्कुराते हुए कहा– 'सर, इस तरह गोला नहीं फेंकते हैं '। आरोप है कि इसी टिप्पणी के बाद मामला अचानक बिगड़ गया।

**छात्र के अनुसार शिवांशु सिंह ने गुस्से में आकर कहा—>** 'तू जानता नहीं कि किससे बात कर रहा है ' और इसके बाद कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गंभीर धमकियाँ दीं। और कहा कि तेरी औखाद क्या है मेरे से बात करने का मै P.H.D कर रहा हु औकाद होगा तो करके दिखाना तब बात करना

**चंद्रशेखर साकेत का दावा है कि उन्हें यह तक कहा गया—>** 'मैं तुम्हें मार दूँगा 'घटना के बाद छात्र समुदाय में नाराज़गी और चिंता दोनों देखने को मिली हैं। कई छात्रों ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति गलत तरीके से




स्वयं को टीचर बताकर छात्रों को धमका रहा है, तो यह महाविद्यालय के अनुशासन और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से इस मामले पर कोई औपचारिक बयान अभी तक प्रकाशित नहीं किया गया है, लेकिन छात्रों ने मांग की है कि आरोपी व्यक्ति की पहचान, भूमिका और व्यवहार की तत्काल एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## दाउदनगर में इंटरलॉकिंग व अन्नपूर्णा भवन का ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** विकासखंड मोहनलालगंज में जब से ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने कमान संभाली है तब से विकासखंड मोहनलालगंज के हर ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण कराकर क्षेत्र का चौमुखी विकास किया है। क्षेत्र में इतना ज्यादा विकास किया है कि आज लोग उनको विकास पुरुष के नाम से जानते हैं। वह जिधर भी चले जाते हैं लोग उनकी जय जयकार करने लगते हैं। जिन रोडो को आजादी के बाद भी नहीं बनाया गया उन रोडो को बनाने का काम ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी द्वारा किया गया। इसी क्रम में उन्होंने सोमवार को ग्राम पंचायत दाउदनगर में इंटरलॉकिंग व अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन किया। दाउदपुर गांव में जैसे ही ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी पहुंचे वैसे ही वहां के लोग उनकी जय जयकार करते हुए उनको धन्यवाद दिया। उद्घाटन कार्यक्रम में सुभाष पांडे, राजेश पांडे, प्रधान कुलवंत सिंह, अजमेर सिंह, रामकिशोर परीदीन, पंचायत सचिव अकरम अंसारी विशेष रूप से मौजूद रहे।